**सुविचार**
सोच का ही फर्क होता है, वरना समस्याएं आपको कमजोर नही बल्कि मजबूत बनाने आती है।

Daily
# THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
Published from Ranchi

Ranchi ● Saturday, 18 November 2023 ● Year : 01 ● Issue : 298 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com E-Paper : epaper.thephotonnews.com




12 बैकलेस आउटफीट पहन मलाइका अरोड़ा ने...

**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 65,794.73 |
| निफ्टी | : | 19,731.80 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,815 |
| चांदी | : | 79.50 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**BRIEF NEWS**

### भाजपा ने आर अशोक को बनाया कर्नाटक में विपक्ष का नेता

**KARNATAKA :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शुक्रवार को आर अशोक को कर्नाटक विधानसभा में विपक्ष का नेता नियुक्त किया। यह फैसला आज बीजेपी विधायक दल की बैठक के बाद आया है। भाजपा के वरिष्ठ विधायक आर. अशोक कर्नाटक के पूर्व उपमुख्यमंत्री भी रह चुके हैं। वह पद्मनाभनगर विधानसभा क्षेत्र (परिसीमन से पहले उत्तरहल्ली विधानसभा क्षेत्र) से सात बार विधायक हैं। बता दें कि सुनील कुमार, अश्वथ नारायण और अरागा ज्ञानेंद्र इस पद के लिए अन्य दावेदार थे। बता दें कि भाजपा राज्य में मुख्य विपक्षी दल है। हालांकि जुलाई में हुए पिछले विधानसभा सत्र में कोई नेता प्रतिपक्ष नहीं था।

### फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत को सपोर्ट करेगा इजरायल

**NEW DELHI :** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आईसीसी वर्ल्ड कप 2023 के फाइनल में इजरायल भारत को सपोर्ट करेगा। भारत में इजराइल के राजदूत नाओर गिलोन ने खिताबी मुकाबले से पहले टीम इंडिया के प्रति समर्थन व्यक्त किया है। साथ ही उन्होंने ने शुक्रवार को क्रिकेट फैंस के लिए एक अनूठी कंपटीशन की भी घोषणा की। नाओर गिलोन भारतीय टीम के बड़े समर्थक हैं। वे पहले भी टीम इंडिया को सपोर्ट कर चुके हैं। अब इस खास मौके पर भी उन्होंने अनोखी कंपटीशन पेश कर दी। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वे इजरायली दूतावास के साथ अपनी जर्सी के डिजाइन शेयर करें।

### दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने छठ के लिए जारी की एडवाइजरी

**NEW DELHI :** दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने शुक्रवार को छठ पूजा के लिए ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की है। इसमें कहा गया है कि छठ पर्व पर रविवार को दोपहर से ही विभिन्न तालाबों पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु जुटेंगे। सूर्यास्त के समय अर्घ दिया जाएगा। कुछ श्रद्धालु सूर्यास्त पर सूर्य को अर्घ देने के बाद चले जाएंगे, वहीं कई विभिन्न तालाबों के पास रात को टेंट में विश्राम करेंगे। इस वजह से प्रमुख तालाबों से सटे सड़कों पर रविवार दोपहर से सोमवार सुबह तक यातायात प्रभावित रहने की संभावना है। यातायात पुलिस ने यात्रियों को सुचारू यातायात सुनिश्चित करने के लिए छठ पूजा उत्सव के लिए आवंटित स्थलों के पास की सड़कों से गुजरने से बचने की सलाह दी है।




## नहाय-खाय अनुष्ठान के साथ सूयोर्पासिना का चार दिवसीय महापर्व छठ शुरू

**RANCHI :** नहाय-खाय अनुष्ठान के साथ शुक्रवार से सूयोर्पासना का महापर्व छठ शुरू हो गया। व्रतियों ने पूर्ण शुद्धता के साथ कदू भात का प्रसाद ग्रहण किया। इसके साथ ही लोक आस्था के महापावन पर्व छठ को लेकर तैयारियों ने और जोर पकड़ लिया। जिले में स्थित सभी तालाब में छठ घाटों की साफ-सफाई का काम लगभग पूरा हो चुका है। प्रशासन के अलावा स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा छठ घाटों की सफाई की गयी। चार दिवसीय सूर्यषष्ठी व्रत के शुरू होते ही हर ओर छठ के गीत गुंजने लगे हैं। इससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया है। शनिवार को खरना अनुष्ठान होगा और रविवार 19 नवंबर को अस्ताचलगामी भगवान भास्कर को पहला अर्घ्य प्रदान किया जायेगा। 20 नवंबर सोमवार को उदयाचल सूर्य को दूसरा और अंतिम अर्घ्य देने के साथ ही चार दिवसीय महापर्व का समापन हो जायेगा।

## विधानसभा चुनाव : छत्तीसगढ़ में 68 और MP में 71 प्रतिशत मतदान

**AGENCY NEW DELHI :** छत्तीसगढ़ में दूसरे चरण और मध्य प्रदेश की सभी विधानसभा सीटों पर शुक्रवार को क्रमशः 68.15 प्रतिशत और 71.16 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदान के आंकड़े शाम पांच बजे तक के हैं। अंतिम नतीजों में वृद्धि हो सकती है। मतदान छिटपुट घटनाओं को छोड़कर शांतिपूर्ण रहा ।

पहली बार छत्तीसगढ़ के रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों पर महिला स्टाफ की तैनाती की गई, जिन्होंने वहां का कामकाज बखूबी संभाला। निर्वाचन क्षेत्र में स्थापित 201 मतदान केंद्रों पर 1046 महिलाओं को तैनात किया गया था। इन सभी महिलाओं द्वारा प्रबंधित मतदान केंद्रों ने सभी मतदाताओं, विशेष रूप से महिला और तीसरे लिंग के मतदाताओं को अधिक समावेशी चुनावों के लिए आराम और सुरक्षा की



भावना प्रदान की।

मतदाताओं के लिए मतदान केंद्र सुलभ बनाने की दृष्टि से छत्तीसगढ़ में 100 से कम मतदाताओं वाले भरतपुर-सोनहत विधानसभा क्षेत्र में 11 मतदान केंद्र स्थापित किए गए थे। शेराडांड में केवल 5 मतदाता थे, जिनके लिए एक मतदान केंद्र स्थापित किया गया था।

मध्य प्रदेश के बालाघाट विधानसभा में सोनेवानी मतदान केंद्र पर सभी पंजीकृत 42 मतदाता (26 महिला और 16 पुरुष मतदाता) वोट डालने के लिए एक साथ आए, जिससे शत प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।

### हरिशंकर तिवारी के बेटे विनय शंकर पर ईडी का शिकंजा 72 करोड़ की संपत्ति जब्त

**LUCKNOW :** बाहुबली हरिशंकर तिवारी के बेटे पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी पर ईडी ने शिकंजा कस दिया है। विनय शंकर तिवारी और उनके परिवार की 72 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति ईडी ने जब्त कर ली है। विनय शंकर तिवारी पर ईडी ने मनी लॉड्रिंग का केस दर्ज किया था। इसी के तहत अब कार्रवाई हुई है। ये संपत्तियां कई शहरों खासकर लखनऊ, गोरखपुर व महराजगंज जिले में हैं। विनय शंकर तिवारी चिल्लूपार (गोरखपुर) के विधायक रहे हैं। विनय शंकर के पिता हरिशंकर तिवारी का यूपी की राजनीति में लंबे समय तक दबदबा रहा है। इसी साल उनका निधन हो गया था। विनय शंकर तिवारी पर यह कार्रवाई मेसर्स गंगोत्री इंटरप्राइजेज लिमिटेड नामक एक कंपनी के मनी लॉन्ड्रिंग के अपराध में शामिल होने के कारण की गई है।

# चार मंदिरों की मूर्तियों को किया खंडित आक्रोशित हुए लोग, नौ घंटे सड़क जाम

## दोषियों की गिरफ्तारी के लिए अड़े रहे लोग, आश्वासन पर माने

**PHOTON NEWS RANCHI :** शहर के मांडर में एक साथ चार मंदिरों की मूर्तियों को तोड़ने के मामले में आक्रोशित लोगों ने नौ घंटे बाद सड़क से जाम समाप्त किया। शुक्रवार सुबह में मंदिरों में तोड़फोड़ की जानकारी मिलते ही ग्रामीण आक्रोशित हो गये। आक्रोशित सैकड़ों महिला-पुरुष सड़क घेर कर प्रशासन विरोधी नारेबाजी करने लगे। तत्काल दोषियों को गिरफ्तार करने की मांग कर रहे थे।



सड़क जाम करते आक्रोशित लोग। ● फोटोन न्यूज

जाम की जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। उनके समझाने के बावजूद आक्रोशित लोग नहीं माने। सड़क पर जाम से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गयी थी। सुबह जैसे ही लोग जगे देखा कि महावीर मंदिर , छोटा बजरंग बली मंदिर, बुढ़ा महादेव, मड़ई देवी मंडप की मूर्तियां किसी ने तोड़ दी है। मूर्ति में तोड़फोड़ की खबर आग की तरह फैल गयी। पूरे इलाके में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गयी थी। लाठी-डंडे के साथ नाराज ग्रामीण सड़क पर उतर गये। बांस बली बांधकर एनएच 75 को जाम कर दिया।

इलाके में तनाव की स्थिति को देखते हुए उसे नियंत्रित करने के लिए भारी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया था। मांडर सर्किल इंस्पेक्टर अवधेश ठाकुर ने बताय कि इस मामले में जो भी दोषी होंगे, उन्हें बख्सा नहीं जायेगा। रांची एसडीओ दीपक दुबे और ग्रामीण एसपी मनीष टोप्पो घटनास्थल पर पहुंच लोगों को समझाया, तब जाकर लगभग नौ घंटे बाद सड़क पर अवागमन शुरू हो सका।

### हरियाणा के नूंह में नया बवाल धार्मिक जुलूस पर पत्थरबाजी के बाद तनाव, बाजार बंद

**HARIYANA :** हरियाणा के नूंह जिले में एक नया बवाल खड़ा हो गया है। यह बवाल तब खड़ा हो गया, जब शहर के पांडुराम चौक इलाके में एक परिवार द्वारा आयोजित धार्मिक जुलूस पर कुछ अज्ञात संदिग्धों ने पत्थरबाजी कर दी। हालांकि, मीडिया की रिपोर्ट में बताया जा रहा है कि पथराव करने वालों में बच्चे शामिल थे। इस घटना में करीब महिलाएं घायल हो गईं। यह घटना गुरुवार की है। इसके बाद शहर में तनाव व्याप्त हो गया। पुलिस का कहना है कि इस घटना के विरोध में शहर भर के बाजारों की दुकानें और व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद कर दिए गए और कारोबारियों ने पथराव करेन वालों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई करने की मांग की।

## आईईडी विस्फोट में एक जवान शहीद, दो घायल

### कांस्टेबल संतोष और जयंता नाथ लाये गये रांची



घायल कांस्टेबल (इनसेट में) शहीद जवान संतोष उरांव। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS CHAIBASA :** पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) के गोइलकेरा थाना क्षेत्र अंतर्गत हाथीबेड़ा में शुक्रवार को आईईडी ब्लास्ट में सीआरपीएफ के एक जवान संतोष उरांव बलिदान हो गये जबकि एक अधिकारी और एक जवान घायल हैं। संतोष गुमला जिले के रहने वाले थे।

घायलों में सीआरपीएफ 60 बटालियन के सेकंड इन कमांड एजेतो तिने और कांस्टेबल जयंता नाथ हैं। आनन-फानन में कांस्टेबल संतोष उरांव और कांस्टेबल जयंता नाथ को हेलीकॉप्टर से रांची एयरपोर्ट लाया गया। इस दौरान कांस्टेबल संतोष उरांव शहीद हो गये जबकि जयंता नाथ को लालपुर के आर्किड अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सेकंड इन कमांड एजेतो तिने को हल्की चोट लगी है, उनका इलाज चाईबासा में ही चल रहा है।

## पीएम ने की ग्लोबल साउथ विकास के व्यावहारिक समाधान के लिए वार्षिक सम्मेलन की घोषणा

**AGENCY NEW DELHI :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को विकासशील देशों ग्लोबल साउथ के लिए भारत में वार्षिक स्तर पर एक सम्मेलन आयोजित करने का प्रस्ताव दिया। उन्होंने कहा कि इसे दक्षिण सेंटर ग्लोबल साउथ के देशों के शोध केन्द्रों और थिंकटैंक के साथ मिलकर आयोजित किया जाएगा। इसका मकसद इन देशों की विकास सम्बंधी जरूरतों के लिए व्यावहारिक समाधान खोजना होगा, ताकि इन देशों का भविष्य मजबूत बन सके।



वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ सम्मेलन के दूसरे सत्र की शुरूआत में प्रधानमंत्री ने कहा कि एक साल में दो सम्मेलन होना और उसमें हुई भागीदारी स्पष्ट संदेश देती है कि विकासशील देशों का यह समूह स्वायत्तता चाहता है। साथ ही यह दशार्ता है कि वे वैश्विक मुद्दों पर बड़ी जिम्मेदारी लेने के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री ने इस दौरान इजराइल के घटनाक्रम का भी जिक्र किया और साझा प्रयास कर समाधान खोजे जाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के संकटों को प्रभाव ग्लोबल साउथ के देशों पर भी पड़ता है।

प्रधानमंत्री ने आज सुबह लांच किए गए ह्यग्लोबल साउथ सेंटर ऑफ एक्सीलेंसह्ण का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि यह केंद्र विकासशील देशों के विकासात्मक मुद्दों से संबंधित अनुसंधान पर ध्यान केंद्रित करेगा। इस पहल के माध्यम से ग्लोबल साउथ में समस्याओं का व्यावहारिक समाधान खोजा जाएगा।

उन्होंने कहा कि ग्लोबल साउथ छात्रवृत्ति कार्यक्रम शुरू हो गया है। अब ग्लोबल साउथ देशों के छात्रों को भारत में उच्च शिक्षा के अधिक अवसर मिलेंगे। इस वर्ष तंजानिया में भारत का पहला भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान परिसर खोला गया है। ग्लोबल साउथ में क्षमता निर्माण के लिए यह हमारी नई पहल है।

प्रधानमंत्री मोदी ने इस दौरान विश्वास व्यक्त किया कि जी20 की अध्यक्षता में ब्राजील ग्लोबल साउथ पर ध्यान केंद्रित करेगा। ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डिसिल्वा वर्चुअल माध्यम से अन्य देशों के शीर्ष नेताओं की तरह जुड़े हुए थे।

## छत्तीसगढ़ में आईईडी ब्लास्ट आईटीबीपी का जवान शहीद



**AGENCY CHHATTEESAGADH :** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के बीच शुक्रवार को नक्सल प्रभावित गरियाबंद जिले में पोलिंग पार्टी पर नक्सलियों ने आईईडी ब्लॉस्ट किया है। मतदान करवाकर लौट रही पोलिंग पार्टी में शामिल आईटीबीपी का एक जवान बलिदान हो गया तथा कई जवान घायल हो गए हैं।

आईजी रायपुर रेंज आरिफ शेख ने बताया कि जब पोलिंग पार्टी बड़े गोबरा मतदान केंद्र से लौट रही थी, तभी नक्सलियों ने पोलिंग पार्टी को निशाना बनाते हुए आईईडी ब्लास्ट किया। धमाके में आईटीबीपी के हेड कांस्टेबल जोगिंदर सिंह की मौत हो गई। इसके बाद पोलिंग पार्टी और ईवीएम मशीन सुरक्षित गरियाबंद पहुंच गई है। उन्होंने बताया कि इस ब्लास्ट में कई जवान मामूली रूप से घायल हैं, जिनका उपचार मैनपुर के अस्पताल में चल रहा है।

नक्सल प्रभावित गरियाबंद जिले के नौ पोलिंग बूथ पर सुबह 7 बजे से 3 बजे तक मतदान हुआ था। मतदान के बाद पोलिंग पार्टी वापस लौट रही थी। इसी दौरान आईईडी ब्लॉस्ट हो गया। इस घटना के बाद पोलिंग पार्टी को अलग रास्तों से वापस भेजा जा रहा है।

### रांची के जेएससीए स्टेडियम में खेले जा रहे मैच, आज होगा टूर्नामेंट का आगाज

# लीजेंड्स लीग क्रिकेट : इंडिया कैपिटल्स और भीलवाड़ा किंग्स के बीच होगा पहला मुकाबला

**PHOTON NEWS RANCHI :** लीजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) 2023 सीजन 18 नवंबर से 9 दिसंबर 2023 तक भारत के पांच शहरों रांची, देहरादून, जम्मू, विशाखापतनम (वाइजैक) और सूरत में मैच खेले जायेंगे। उद्घाटन मैच 18 नवंबर को रांची के जेएससीए स्टेडियम में इंडिया कैपिटल्स और भीलवाड़ा किंग्स के बीच होगा। इस प्रतियोगिता को लेकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर रांची पहुंचने लगे हैं। रांची में इंडिया कैपिटल्स टीम के खिलाड़ियों ने नेट में पसीना भी बहाया। प्रतियोगिता को लेकर बुधवार को एलएलसी के डायरेक्टर मुनीश रावत ने प्रेसवार्ता कर जानकारी दी कि सभी टीम 17 नवंबर तक रांची पहुंच जाएगी। उन्होंने कहा कि एलएलसी के प्रसार के लिए टियर 2 सिटी का चयन किया गया है और इसके तहत मुकाबलों के लिए वेन्यू का चयन किया गया है। उन्होंने कहा कि टिकट की बिक्री चालू है। उन्होंने रांची के खेलप्रेमियों से अनुरोध किया है कि वो मैच देखने जरूर आएं। प्रेसवार्ता में इंडिया कैपिटल्स टीम के एशले नर्स (वेस्ट इंडीज) ने रांची के बारे में कहा कि यह शानदार जगह है। इसके साथ गौतम गंभीर की कप्तानी में खेलने को लेकर कहा कि वो शानदार कप्तानी करते हैं और मैदान के बाहर कूल माहौल बनाकर रखते हैं।



कप का अनावरण करते खिलाड़ी। ● फोटोन न्यूज

### क्रिस गेल, केविन पीटरसन का दिखेगा जलवा

ज्ञात हो कि मैच में इरफान पठान, यूसूफ पठान, तिलकरत्ना दिलशान, पार्थिव पटेल, क्रिस गेल, केविन ओब्रायन, गौतम गंभीर, दिलहार फरनांडो, हाशिम आमला, केविन पीटरसन, मुनाफ पटेल, हरभजन सिंह, मोहम्मद कैफ, रोबिन उथप्पा, एरोन फिंच, अशोक डिंडा, रॉस टेलर, सुरेश रैना, मार्टिन गुप्टिल, प्रज्ञान ओझा समेत कई नामचीन चेहरे खेलते नजर आयेंगे।

## पुलिस के समक्ष भाकपा माओवादी नक्सली ने किया आत्मसमर्पण

**PHOTON NEWS LATEHAR :** भाकपा माओवादी के एरिया कमांडर जितेंद्र नगेसिया ने शुक्रवार को लातेहार पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस कार्यालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में डीसी हिमांशु मोहन और एसपी अंजनी अंजन ने जितेंद्र नगेसिया को गुलदस्ता देकर स्वागत किया।

मिली जानकारी के अनुसार गढ़वा जिले के भंडारिया का रहने वाला जितेंद्र नगेसिया पिछले पांच वर्षों से माओवादी संगठन से जुड़ा हुआ था। वह लातेहार जिले के बूढ़ा पहाड़ के एरिया में सक्रिय रहता था। इस पर लातेहार जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में लगभग आधा दर्जन नक्सली घटनाओं के मामले दर्ज हैं।



नक्सली जितेंद्र नगेसिया को आत्मसमर्पण कराते डीसी एवं एसपी। ● फोटोन

आत्मसमर्पण करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में जितेंद्र नगेसिया ने कहा कि वर्ष 2018 में नक्सलियों ने उनके गांव में आकर जबरदस्ती दबाव बनाकर संगठन में शामिल कर लिया था लेकिन सरकार की आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर उसने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है।

लातेहार एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि बूढ़ा पहाड़ के इलाके को नक्सलियों से मुक्त करने के साथ पुलिस जनहित के कई कार्य भी लगातार कर रही है। इसी से प्रभावित होकर नक्सली जितेंद्र नगेसिया ने सरकार की आत्मसमर्पण नीति का लाभ लेते हुए पुलिस का समक्ष आत्मसमर्पण किया है।

# अधिक उपज वाली फसल है मक्का



मोटे अनाज के रूप में कभी गरीबों द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली मक्का आज उद्योग जगत में भी अपना स्थान बना चुकी है। स्टार्च, अल्कोहल, एसिटिक व लेक्टिक एसिड, ग्लूकोज, रेयान, गोंद (लेई), चमड़े की पालिश, खाद्यान्न तेल (कार्न ऑइल), पेकिंग पदार्थ आदि में इस्तेमाल की जाने लगी है।

मानव एवं पशु आहार मक्का का पौधा मेक्सिकन मूल का माना जाता है। इसकी खेती देश के सभी प्रांतों में की जाती है। इसके लिए गर्म तर मौसम उपयुक्त होता है। खरीफ के साथ ही इसकी मुख्य फसल ली जाती है। वैसे जायद व वसंत में भी इसे उगाया जाता है। फसल नहीं देने पर इसे पशु चारे के रूप में भी इस्तेमाल किया जा सकता है। तेज सर्दी के दिन छोड़कर किसी भी माह में उगाया जा सकता है। यह अधिक उपज देने वाली फसल है।

जून-जुलाई में बोई फसल 45 दिनों में पूर्ण विकसित होकर 50 से 60 दिनों में भुट्टे देने लग जाती है। इसके लिए गहरी काली, उपजाऊ जीवांशयुक्त मिट्टी उपयुक्त मानी जाती है। मिट्टी का पीएच मान 6.5 से लेकर 7.5 के बीच अच्छा होता है। ऐसी मिट्टी न क्षारीय होती है न अम्लीय। खेत की तैयारी एक बार मिट्टी पलटने वाला हल, दो बार कल्टीवेटर, दो बार पांस वाला बखर तथा दो बार पाटा (पठार) चलाकर की जाती है। खेत समतल या हल्का सा ढालू होना आवश्यक है ताकि पानी जमा न हो। खेत में 72 घंटे पानी रुकना फसल के लिए हानिकारक हो सकता है।

भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान नई दिल्ली में मक्का पर अनुसंधान कर कई किस्में तैयार की गई हैं। इनमें गंगा सफेद-2 देश के मैदानी क्षेत्रों के लिए उपयुक्त है। इसे पकने में 100 दिन लगते हैं। सफेद दाने वाली यह किस्म 60 क्विंटल तक उपज देती है। गंगा-5 किस्म के दाने नारंगी पीले होते हैं जो 95 दिनों में पकते हैं। इससे 45 से 50 क्विंटल प्रति हैक्टेयर उपज मिल सकती है।

इसके अलावा पीले दाने वाली विजय किस्म 95 से 105 दिन में पकती है। इससे प्रति हैक्टेयर 45 से 50 क्विंटल उपज मिल जाती है। ये सभी संकर (हाईब्रिड) किस्में हैं। हर वर्ष इनका नया बीज बोना होता है। मध्यप्रदेश के जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय द्वारा इसकी कुछ संकुल (कंपोजिट) किस्में भी तैयार की गई हैं। इनके बीज एक बार लगाकर किसान अपने बीज खुद तैयार कर सकते हैं।

यह मध्यम व कम रकबे वाले किसानों के लिए उपयुक्त है। ये किस्में - चंदन मक्का-1, नवजोत, पूसा कम्पोजिट-1, पूसा कम्पोजिट-11 हैं। इसमें पौधे का संरक्षण आवश्यकता अनुसार करते रहें।

ऐसे मिलेगी पर्याप्त उपजः मक्का की फसल से पर्याप्त उपज लेने के लिए एक



हैक्टेयर में 10 से 15 टन गोबर खाद या कम्पोस्ट फसल बोने के छः से आठ दिन पहले खेत में बिखेरकर पांस वाला हल चला दें। बीज बोते समय 50 किलोग्राम नत्रजन, 60 किलोग्राम स्फुर, 40 किलोग्राम पोटाश और 50 किलोग्राम जिंक सल्फेट बीज की कतारों के नीचे खाद बुआई यंत्र से डालें। 30 व 45 दिन बाद 50-50 किलोग्राम की मात्रा खड़ी फसल की कतारों के बीच यूरिया उर्वरक के रूप में गुड़ाई द्वारा मिट्टी में मिलाएँ।

इसमें बीज की मात्रा 20 से 25 किलोग्राम प्रति हैक्टेयर लगती है। बोने के पूर्व पाँच ग्राम प्रोटेक्ट (ट्राइकोडर्मा विरिडि) प्रति एक किलोग्राम बीज दर से उपचारित करें। पौधे स्थापित होने के बाद 20-22 सेमी की दूरी रख अविकसित पौधे निकाल दें। पौधों के बीच की दूरी 60 सेमी अच्छी मानी गई है। एक हैक्टेयर में 70 से 75 हजार पौधे होना चाहिए। 20-25 दिन के अंतर पर निंदाई-गुड़ाई करें। 25 से 35 दिन में पौधे पर मिट्टी चढ़ाने से भुट्टे आने के बाद हवा चलने पर भुट्टे गिरते नहीं हैं।

# लहसुन के सत से दूर करें तिलहन फसलों के रोग

**डायलाइल थायोसल्फिनेट है, जो हर प्रकार के फफूंद से होने वाले रोगों को रोकने में सक्षम है। इसका छिड़काव करने से तिलहन की फसल पर लगने वाला फफूंद पूरी तरह से खत्म हो जाता है। सरसों उत्पादक जिलों में किए गये अध्ययन में ये बात साफ हो गई है कि रासायनिक कीटनाशकों के मुकाबले लहसुन के घोल का छिड़काव करने से जहां फसल पर लगा रोग पूरी तरह से समाप्त हो जाता है, वहीं पैदावार में भी कमी नहीं आती है।**

तिलहन की फसलों में लगने वाले रोगों से बचाव के लिए किए जा रहे रासायनिक कीटनाशकों के प्रयोग के कई हानिकारक परिणाम सामने आये है। इस तरह का एक प्रयोग सरसों की फसल पर भी किया गया है। जिसमें पाया गया है कि पौधों पर फूल आने के समय उसमें कीटनाशकों का छिड़काव करने से उसकी पैदावार में कमी आ जाती है। लेकिन रासायनिक कीटनाशकों के बजाए उसके स्थान पर लहसुन के घोल का छिड़काव किया गया तो, फसल पर कोई विपरित प्रभाव तो पड़ा ही नहीं, साथ ही रोगों से भी छुटकारा मिल गया।

राष्ट्रीय सरसों अनुसंधान केन्द्र भरतपुर (राजस्थान) द्वारा इस संबंध में अध्ययन किया गया है। इस अध्ययन के अनुसार सरसों में पाया जाने वाला वाइट रस्ट के ऊपर इस घोल का सफलता पूर्वक उपयोग राजस्थान के भरतपुर, नवगांव और पंजाब के भटिंडा में किया गया है। सरसों की फसल में वाइट रस्ट का प्रकोप ज्यादा देखा जाता है। उत्पादक इलाकों में अगर लगातार कई दिनों तक आसमान में बादल छाए रहे और धूप ना निकले तो फिर सरसों की फसल पर सफ़ेद पाउडर लगने का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में लहसुन की कली से निकाले गये सत्व को पानी में मिलाकर सरसों की फसल के ऊपर छिड़काव करने से उसकी पत्ती और कलियों पर अल्टर्नेरिया ब्लाइट रोग का प्रकोप काफी कम हो जाता है। इसके साथ ही सीवर, लुधावायी और नवगांव में किये गये प्रयोग से सामने आया है कि लहसुन की कली के सत्व के घोल से पौधों में बीज उत्पादन भी काफी बढ़ा है। सरसों के अलावा तिलहनों के दूसरी फसलों जैसे सूरजमुखी पर किये गये इस घोल के छिड़काव से भी आशातीत नतीजे सामने आये है। हैदराबाद में किये गये इस प्रयोग से यह सामने आया है कि अल्टर्नेरिया ब्लाइट पर यह बेहद प्रभावी रहा, साथ ही अरंडी पर होने वाले रोगों पर भी यह घोल काफी प्रभावी रहा है। लहसुन की कली से निकाले गये इस सत्व में वैज्ञानिकों ने एक नया रासायन पाया जो फफूंद से होने वाले रोगों के लिए बेहद कारगर साबित हो रहा है।

इस रसायन का नाम डायलाइल थायोसल्फिनेट है, जो हर प्रकार के फफूंद से होने वाले रोगों को रोकने में सझम है। इसका छिड़काव करने से तिलहन की फसल पर लगने वाला फफूंद पूरी तरह से खत्म हो जाता है। सरसों उत्पादक जिलों में किए गये अध्ययन में ये बात साफ हो गई है कि रासायनिक कीटनाशकों के मुकाबले लहसुन के घोल का छिड़काव करने से जहां फसल पर लगा रोग पूरी तरह से समाप्त हो जाता है, वहीं पैदावार में भी कमी नहीं आती है। सबसे खास बात तो यह है कि किसान इसको घर पर ही तैयार कर सकते हैं तथा खुद ही तैयार कर अपने खेतों में इसका छिड़काव स्वयं भी कर सकते है। इसकी लागत भी रासायनिक कीटनाशकों के मुकाबले काफी कम होने के कारण किसानों के रासायनिक कीटनाशकों पर होने वाले खर्च में भी अच्छी-खासी कटौती हो सकती है। इसको तैयार करने की विधि भी आसान है। इस घोल को तैयार करने के लिए भी पहले एक किलो लहसुन को पिसकर उसका पेस्ट तैयार किया जाता है। उसके बाद उसको दस लीटर पानी में मिलाकर अच्छी तरह से मिला लिया जाता है। उसके बाद 24 घण्टें इस घोल को सामान्य ताप पर रखा जाता है। इसके बाद इसको छान कर प्राप्त हुये घोल को पत्तियों पर छिड़का जाता है। यह घोल पूरी तरह से पर्यावरण के अनुकूल होने के अलावा रासायनिक कीटनाशकों के मुकाबले काफी सस्ता होता है। इस समय सरसों की फसल पकने के लिए तैयार है। देश में लगभग सभी उत्पादक राज्यों में इस समय सरसों की फसल के पौधों पर फूल आ चुके है तथा कई जगह बालियों में दाने पड़ने भी शुरू हो गये है। सरसों किसानों के लिए यह घोल काफी सहायक हो सकता है। इसका प्रयोग केवल सरसों, सूरजमुखी ही नहीं बल्कि अन्य दूसरी तिलहनी फसलों में भी किया जा सकता है। अन्य तिलहनी फसलों पर भी यह उतना ही प्रभावी होता है।



BRIEF NEWS

### हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस ने बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल का किया निरीक्षण

**RANCHI :** झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा ने शुक्रवार को बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल का निरीक्षण किया। इस दौरान चीफ जस्टिस के साथ हाई कोर्ट रजिस्ट्रार जनरल एवं झालसा के सदस्य सचिव भी मौजूद थे। चीफ जस्टिस हाई कोर्ट में चल रहे जेल से संबंधित एक मामले एवं जेल में कैदियों के मेडिकल सुविधा स्वच्छता लीगल सर्विसेज आदि की सुविधा विषयों को लेकर जेल का निरीक्षण करने पहुंचे थे। चीफ जस्टिस जेल में करीब एक घंटे तक रुके रहे। इस दौरान उन्होंने जेल के डॉक्टरों एवं कैदियों से भी मुलाकात की। मुलाकात के दौरान कैदियों को मिलने वाले खानपान के विषय में भी जानकारी ली। चीफ जस्टिस के साथ गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, आईजी जेल उमाशंकर सिंह के अलावा बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल के अधीक्षक हामिद अख्तर भी मौजूद थे।

### मुख्यमंत्री ने छठ पूजा की दी शुभकामनाएं

**RANCHI :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को आस्था के महापर्व छठ पूजा के प्रथम अनुष्ठान नहाय-खाय की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं और जोहार। भगवान भास्कर और छठी मैया आप सभी छठव्रतियों की मनोकामना पूर्ण करें। सभी का जीवन सुख, शांति और समृद्धि से परिपूर्ण हो, यही कामना करता हूं।

### जमीन घोटाला मामले में भरत प्रसाद ने दाखिल की जमानत याचिका

**RANCHI :** जमीन घोटाला मामले के आरोपित भरत प्रसाद ने शुक्रवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश कुमार राय की अदालत में जमानत याचिका दाखिल की। इस मामले में सुनवाई के लिए 18 नवम्बर की तिथि निर्धारित हुई है। यह मामला बरियातू के सेना के कब्जे वाली भूमि और रांची के चेशायर होम रोड स्थित भूमि की फर्जी कागजात के सहारे जमीन की खरीद-बिक्री करने से जुड़ा है। इस मामले में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन, व्यवसायी विष्णु अग्रवाल, प्रेम प्रकाश सहित कई आरोपित जेल में हैं।

### बड़गाई-बूटी देवोत्थान जतरा मेला 24 को

**RANCHI :** बड़गाई -बूटी देवोत्थान जतरा मेला 24 नवम्बर को मनाया जाएगा। देवोत्थान जतरा मेला समिति बड़गाई-बूटी के संरक्षक डॉ वीरेंद्र साहू ने शुक्रवार को बताया कि देवोत्थान धाम परिसर में 24 नवम्बर को भव्य और ऐतिहासिक जतरा मेला का आयोजन किया जाएगा। मेले में आसपास के सभी गांव के खोड़हा नृत्य मंडली अपने पारंपरिक वाद्ययंत्र और वेशभूषा के साथ भगवान शिव का पूजा-अर्चना के साथ नृत्यगान प्रस्तुत कर कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाएंगे।

### जतरा पूजा के मद्देनजर यातायात व्यवस्था में बदलाव

**RANCHI :** राजधानी रांची के कांके रोड के मिसिरगोन्दा जतरा टांड़ में 18 नवम्बर को जतरा पूजा का आयोजन किया गया है। जतरा पूजा के अवसर पर हजारों की संख्या में लोग उपस्थित होते हैं। इस अवसर पर 18 नवम्बर को दो बजे अपराह्न से जतरा पूजा समाप्ति तक कांके रोड में रिलायन्स मार्ट से चांदनी चौक तक की यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। इस संबंध में ट्रैफिक एसपी कुमार गौरव की ओर से शुक्रवार को आदेश जारी किया गया है।

atom美 ATOMY INDIA
RANCHI TEAM WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24 Roshpa Roshpa Tower, Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

## छठ घाटों पर व्रतियों और श्रद्धालुओं की सुविधाओं का लिया जायजा

# सीएम हेमंत सोरेन पहुंचे कांके डैम व हटनिया तालाब छठ घाट, दिए निर्देश

**PHOTON NEWS RANCHI :** लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व छठ नहाय खाय के साथ आज शुक्रवार से शुरू हो गया। इसी क्रम में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने लोक आस्था और सूर्योपासना के महापर्व छठ को लेकर रांची के कांके डैम और हटनिया तालाब छठ घाट पर चल रही तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने सभी नदी, तालाब, डैम और अन्य जलाशयों के छठ घाटों पर स्वच्छता, सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि छठ घाटों पर व्रतियों और श्रद्धालुओं की सहूलियत के लिए सभी सुविधाएं सुनिश्चित करें। किसी तरह की परेशानी छठ घाट पर नहीं हो। सुरक्षा के साथ-साथ बिजली की उचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया।



### छठ घाट पर सुरक्षा व बिजली के हों पुख्ता इंतजाम

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अधिकारियों से कहा कि व्रतियों और श्रद्धालुओं को छठ घाटों पर पूरी सहूलियत और सुविधा मिले. उन्हें किसी तरह की परेशानी नहीं हो. इसे हर हाल में सुनिश्चित करें. मुख्यमंत्री के निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा और रांची नगर निगम के प्रशासक अमीत कुमार और अन्य अधिकारी मौजूद थे.

### सीएम हेमंत सोरेन ने छठ घाटों का किया निरीक्षण

लोक आस्था और सूर्योपासना का चार दिवसीय छठ महापर्व आज से शुरू हो चुका है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कांके डैम और हटनिया तालाब छठ घाटों की साफ-सफाई, सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी छठ घाटों को स्वच्छ और सुरक्षित रखने का निर्देश अधिकारियों को दिया। मुख्यमंत्री ने नदी, तालाबों, डैमों और अन्य जलाशयों में जलस्तर और गहराई वाले स्थानों को चिन्हित कर वहां सुरक्षा की विशेष व्यवस्था और सभी घाटों पर विद्युत की व्यवस्था करने को कहा।



छठ घाट का निरीक्षण करते सीएम हेमंत सोरेन। ● फोटोन न्यूज

## रांची जेल में गूंज रही छठी मईया के गीत, छह कैदी कर रहे छठ व्रत

**PHOTON NEWS RANCHI :** महापर्व छठ की शुरूआत शुक्रवार को नहाय-खाय के साथ शुरू हो गई। महापर्व छठ को लेकर एक तरफ जहां हर तरफ उत्साह का माहौल है, वहीं रांची जेल में भी पूरा माहौल छठमय हो गया है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में छह बंदी छठ पूजा कर रहे हैं।

छठ महापर्व को लेकर रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा के बंदी भी भक्ति में सराबोर हैं। जेल में सुबह-शाम छठी मईया के गीत गूंजने लगे हैं। रांची जेल में छह बंदी छठ पूजा कर रहे हैं। इसमें सितारा देवी, संतोषी देवी, ललिता देवी, सरिता देवी के अलावा कृष्णदेव महतो शामिल हैं। छठ व्रतियों को नहाय-खाय के लिए लौकी, कपड़ा, दूध, नारियल, सूप, फल, आदि पूजन सामग्री जेल प्रशासन की ओर से उपलब्ध कराया गया है।

व्रतियों की पूजा के लिए जेल के अंदर की छठ घाट बनाए गए हैं और अर्घ्य देने के लिए तालाब के साथ ही सिरसोता का भी निर्माण कराया गया है। महापर्व छठ को लेकर वैसे कैदी जो छठ पूजा नहीं कर रहे हैं वह भी दिन-रात मेहनत कर रहे हैं ताकि वैसे बंदी जो छठ व्रत कर रहे हैं उन्हें किसी भी तरह तकलीफ ना हो। छठ महापर्व को लेकर जेल के अंदर बने छठ घाट और जेल परिसर को रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया गया है। जेल प्रशासन के अनुसार छठ महापर्व में व्रतियों को किसी तरह की परेशानी न हो, इसका पूरा ख्याल रखा जा रहा है। जेलर नसीम ने बताया कि छठ महापर्व में प्रसाद से लेकर पूजा सामग्री तक जेल प्रशासन मुहैया करा रहा है।

## झारखंड में 20 वर्ष की सेवा पूरी कर चुके शिक्षक बनेंगे प्रिंसिपल

**PHOTON NEWS RANCHI :** स्कूलों में लंबे समय से शिक्षा दे रहे प्राथमिक शिक्षकों के लिए खुशी की खबर है। काफी समय से लंबित चल रहे प्रोन्नति के मामले पर स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने फैसला लिया है। अब जो प्रारंभिक शिक्षक अपनी सेवा के 20 साल पूरे कर चुके हैं, उन्हें सीधे प्रिंसीपल के पद पर प्रोन्नति दी जाएगी। इसके लिए सभी उपायुक्त और जिला शिक्षा अधीक्षकों को आदेश जारी किया गया है।




जो प्रारंभिक शिक्षक जिनकी सेवा 20 वर्ष पूरी हो चुकी है। उन्हें सीधे प्रिंसिपल के पद पर प्रमोशन मिल जाएगी। अब प्रिंसीपल के पद पर प्रोन्नति के लिए स्नातक प्रशिक्षित पद पर पांच वर्षों की सेवा पूरी करने की बाध्यता नहीं होगी। इस वक्त राज्य के मध्य विद्यालय के प्रिसिंपल के पद पर 97 प्रतिशत रिक्तियां हैं। इस फैसले से इन पदों को भरा जा सकेगा।

## दरभंगा हाउस में सीसीएल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक

**PHOTON NEWS RANCHI :** शुक्रवार को सीसीएल दरभंगा हाउस के कन्वेशन सेन्टर में अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक डॉ। बी वीरा रेड्डी की अध्यक्षता में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक हुई। बैठक में अध्यक्ष ने राजभाषा विभाग को सतर्कता जागरूकता अभियान के समापन समारोह में सफल कवि सम्मेलन और राजभाषा पखवाड़ा के लिए बधाई दी। डॉ। रेड्डी ने कहा कि मुझे आशा है गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा दिए गए लक्ष्य को हम अवश्य प्राप्त करेंगे। बैठक को निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र ने संबोधित करते हुए कहा कि राजभाषा कार्यान्वयन अत्यंत महत्वपूर्ण है। सभी विभागों के राजभाषा कार्यान्वयन में प्रगतिशील दृष्टिकोण होनी चाहिए। सीसीएल द्वारा संसदीय समिति की तीसरी उपसमिति को दिए गए सुझावों पर त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया।

## खेल मंत्रालय ने 'फिटनेस वीक' मनाने का लिया निर्णय

**PHOTON NEWS RANCHI :** केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय ने 15 नवंबर से 15 दिसंबर तक किसी एक सप्ताह को 'फिटनेस वीक' के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है। यह अभियान बच्चों, अभिभावकों, शिक्षकों और स्कूल स्टाफ के बीच फिटनेस के बारे में जागरुकता फैलाने की अनिवार्य आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए स्वस्थ और सक्रिय जीवनशैली को प्रोत्साहित करने के लिए निर्णय लिया गया है।

यह केंद्र सरकार द्वारा 2019 में शुरू किये 'फिट इंडिया वीक' का पांचवा संस्करण होगा। इसके तहत स्कूलों में एक हफ्ते तक योग, फिटनेस, खेल कूद, नृत्य आदि गतिविधियां कराई जाएंगी। फिट इंडिया वीक के चौथे संस्करण में देशभर से 5.56 लाख स्कूलों ने भाग लिया था। इसका चौथा संस्करण 15 नवंबर, 2022 से 31 जनवरी, 2023 तक आयोजित किया गया था। फिट इंडिया वीक के चौथे संस्करण को सफलता पूर्वक आयोजित करने के पीछे सांसद सदस्यों और विधायक सदस्यों, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों ने भी अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुए अपने-अपने क्षेत्रों में इसके व्यापक आयोजन को संपन्न कराया था।

## लोकसभा चुनाव के मद्देनजर तेज तर्रार कार्यकर्ताओं का चयन करें : डॉ राकेश

**PHOTON NEWS RANCHI :** रांची जिला कांग्रेस कमिटी की बैठक शुक्रवार को रांची कांग्रेस भवन में हुई। बैठक की अध्यक्षता रांची जिला कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने किया। दस दौरान मुख्य रूप से रांची जिला ग्रामीण के प्रभारी सह प्रदेश कांग्रेस के महासचिव शिवकुमार भगत उपस्थित थे। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष ने छठ महापर्व की विशेष बधाई देते हुए बैठक की शुरूआत की।




बैठक में शामिल कांग्रेस कार्यकर्ता। ● फोटोन न्यूज

उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 को ध्यान में रखते हुए सभी मंडल एवं पंचायत और बूथ स्तर के तेज तर्रार कार्यकताओं का चयन करें । साथ ही उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां देने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि किसी भी कार्यकर्ता को अतिरिक्त भार नहीं दिया जाएगा लेकिन जिसे जो कार्य दिया जाएगा वो अपनी जिम्मेवारी को ईमानदारी पूर्वक निभाएं।

## पूर्व मंत्री गोवर्धन नायक के निधन से झारखंड राजद में शोक की लहर

**PHOTON NEWS RANCHI :** बिहार सरकार के पूर्व मंत्री और राजद के वरिष्ठ नेता गोवर्धन नायक के आकस्मिक निधन से झारखंड राजद में शोक की लहर है।

राज्य के मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि एक मिलनसार जुझारू एवं आदिवासी नेता को हमलोगों ने खो दिया, जिसकी भरपाई संभव नहीं। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे और दुखी परिवार को दुख सहने की शक्ति दे।

राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने कहा कि इनका निधन पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि राजद ने एक वरिष्ठ नेता खो दिया जिसकी भरपाई कभी संभव नहीं है। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे और इस दुखद क्षण में उनके परिवार को दुख सहने की शक्ति दें।

गोवर्धन नायक के असमय निधन से राजद के प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि इनके निधन से राजद परिवार काफी मर्माहत और दुखी है। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे और दुखी परिवार को दुख सहने की शक्ति दे।

### भाजपा नेताओं ने मांडर के मुड़मा गांव का किया दौरा

# हेमंत सरकार की तुष्टिकरण नीति के कारण राज्य में तोड़ी जा रहीं देवताओं की मूर्तियां : आदित्य साहू

**PHOTON NEWS RANCHI :** प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू के नेतृत्व में भाजपा नेताओं ने शुक्रवार को मांडर के मुड़मा गांव का दौरा किया। अराजक तत्वों ने मंदिरों में देवी की पिंडी सहित शिवलिंग एवं हनुमान की मूर्तियों को टुकड़ों-टुकड़ों में क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। साहू के साथ भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रभारी रामकुमार पाहन, भाजपा रांची ग्रामीण जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो, सन्नी टोप्पो ,कमलेश राम, मादी उरांव सहित अन्य मौजूद रहे।



मुड़मा गांव पहुंचे भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू व अन्य। ● फोटोन न्यूज

साहू ने टूटे मंदिर एवं देवी-देवताओं की मूर्तियों को भी देखा तथा ग्रामीणों से घटना की जानकारी ली। साहू ने मौके पर रांची के एसएसपी से बात कर ऐसी घटनाओं पर चिंता व्यक्त की। साथ ही तीव्र भर्त्सना करते हुए घटना को अंजाम देने वाले बदमाशों को चिन्हित कर अविलंब गिरफ्तार करने और सख्त सजा देने की मांग की।

साहू ने हेमंत सरकार पर बड़ा निशाना साधते हुए कहा कि जबसे हेमंत सरकार बनी है तबसे सनातन संस्कृति पर हमले हो रहे। राज्य में लगातार मंदिर और हिंदू देवी देवताओं की मूर्तियों को तोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह सब राज्य सरकार की तुष्टिकरण नीति का परिणाम है। राज्य सरकार वोट बैंक के खातिर समुदाय विशेष के ऐसे अराजक तत्वों, अपराधियों को संरक्षण दे रही।

उल्लेखनीय है कि मांडर में महावीर मंदिर, छोटा बजरंग बली मंदिर, बुढ़ा महादेव, मड़ई देवी मंडप की मूर्तियों को असामाजिक तत्वों ने तोड़ दिया था।

## खबरें राउरकेला की

### बिहार समाज सेवा संघ ने छठव्रतियों को किया सूप वितरित



**ROURKELA :** बिहार समाज सेवा संघ की ओर से लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के अवसर पर राउरकेला के बंडामुंडा शिव मंदिर एवं गोपबंधु के समीप लगभग 80 महिलाओं को सूप और फल का वितरण किया। मुख्य अतिथि आयकर विभाग के अधिकारी अजय कुमार ने 25 छठ व्रतियों को सुप, नारियल, साड़ी, वितरण किया। बंडामुंडा में बिहार समाज सेवा संघ के ओड़िशा अध्यक्ष सुमेर सिंह ने सुप नारियल लोकी 50 छठव्रतियो को वितरित किया। इस कार्य को सफल बनाने में राष्ट्रीय बिहारी समाज के विभुति गुप्ता,विनय सिंह ने योगदान दिया वहीं सिद्धार्थ लोहानी, राजेश लोहानी, शिव शंकर शर्मा, रमेश राय, पप्पू राय,का सहयोग रहा। समाजिक कार्यकर्ता ओपी सिंह ने कहा कि पिछले चार सालों से किया जा रहा है, आगे भी छठी मईया के आशीर्वाद से होता रहेगा। बिहार समाज सेवा संघ के कार्यों की भारत सरकार के आयकर विभाग अधिकारी अजय कुमार ने सराहना की।

### थाने के सामने धरना पर बैठे सांसद, करमा पूजा स्थल में तोड़फोड़ करने वालों की गिरफ्तारी की मांग



**ROURKELA :** सुंदरगढ़ के सांसद जोएल ओराम शुक्रवार को सुंदरगढ़ सदर थाना के सामने धरना में बैठे गए। मामला कर्मा पूजा स्थल में तोड़फोड़ करने वालों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर विरोध दर्ज करा रहे थे। पिछले महीने की 24 अक्टूबर को सुंदरगढ़ करमडीही में करमा पूजा के दौरान कुछ लोगों पर पूजा स्थल में तोड़फोड़ करने और लोगों को पीटने का आरोप लगा था। महिलाओं से बदसलूकी के भी आरोप लगे। पर पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार नहीं करने का आरोप लगाते हुए आज ओराम समुदाय के सैकड़ों लोगों ने थाने के सामने प्रदर्शन किया। खबर सुनकर जोएल ओरम भी गए और धरना पर बैठ गए। चेतावनी दी गई है कि जब तक दोषियों की गिरफ्तारी नहीं हो जाती तब तक यह धरना जारी रहेगा।

### बजरंग दल के रक्तदान शिविर में 51 यूनिट रक्त जमा



**ROURKELA :** बजरंग दल के तरफ से स्वर्गीय अशोक सिंघल के पुण्यतिथि पर शुक्रवार को रक्त दान शिविर का आयोजन कोयलनगर सी ब्लॉक कम्युनिटी सेंटर में किया गया था। इस दौरान शिविर में द्वारा 51 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। शिविर का आयोजन बजरंग दल के राजू सिंह,शंकर बर्मा,हैप्पी पट्टनायक,बासुदेव कुंभार,आशीष महतो,अभिषेक धल, रश्मी बेहरा,सुनील नायक,अनिल गुडूम, रंजीत महाराणा,देबाशीष होता,नेहुल अग्रवाल,सुमन बिष्ट और बजरंग दल के सभी कार्यकर्ता का योगदान रहा।

### राज्य में नहीं होगा भाजपा-बीजद गठबंधन : जोएल

**ROURKELA :** ओडिशा में बीजेपी और बीजेडी के बीच गठबंधन नहीं होगा और बीजेपी राज्य में सरकार बनाने के लिए अकेले चुनाव लड़ेगी। यह बात सुंदरगढ़ सांसद व वरिष्ठ भाजपा नेता जोएल ओराम ने कही। जोएल ने मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा के दौरान यह बात कही। जोएल ने कहा कि तालचर–बिमलगढ़ रेलवे के पूरा होने में देरी हुई क्योंकि राज्य सरकार जमीन का अधिग्रहण नहीं कर सकी। जोएल ने कहा, इसके अलावा, पार्टी को और अधिक जनता के बीच लोकप्रिय बनाने के लिए भाजपा जिले में बूथ स्तर से जनसंपर्क जारी रखे हुए है।





### कोयल नगर में 36 एकड़ क्षेत्र में 30 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा बिग रिक्रिएशन पार्क

**ROURKELA :** राउरकेला शहर के निवासियों के आनंद और पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए शहर में कई परियोजनाएं विकसित की गई हैं। शहर का सबसे बड़ा आमोद प्रमोद पार्क, कोयल नगर में बनाया जा रहा है, इसे 'बिग रिक्रिएशन पार्क' का नाम दिया गया है। 36 एकड़ भूमि पर निमार्णाधीन इस पार्क में बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए विभिन्न परियोजनाएं हैं। यहां छोटे बच्चों और बड़ों के लिए दो बड़े तालाब बनाए गए हैं। इस पार्क में बोटिंग की व्यवस्था किया जा रहा है। दो अन्य कमल फूल के तालाब भी बनाये जा रहे हैं। शहर में पिकनिक के लिए जंगल का माहौल तैयार किया जा रहा है इस पार्क में, शादियों और अन्य मांगलिक कार्य का आयोजनों के लिए सभी व्यवस्थाएँ किया जा रहा हैं। पार्क का निर्माण स्मार्टसिटी लिमिटेड द्वारा लगभग 30करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है। इसके निर्माण की जिम्मेदारी ओडिशा वन विकास निगम ने ली है। अमूद प्रमोद के अलावा यहां एक औषधीय पार्क भी बनाया जा रहा है। इसके अलावा यहां स्केटिंग खेल के प्रशिक्षण के लिए एक स्केटिंग यार्ड भी बनाया जा रहा है।



### जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग ने मनाया राष्ट्रीय प्रेस दिवस

**ROURKELA :** जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, राउरकेला में राष्ट्रीय प्रेस दिवस मनाया गया । जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी सीमा फातिमा एक्का ने एक बैठक की अध्यक्षता की। पानपोश उपजिलापाल विजय नाइक ने इसमें मुख्य अतिथि के तौर पर हिस्सा लिया और परिचर्चा के विषय 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के युग में मीडिया' पर चर्चा की। विजय नायक ने कहा कि मानव बुद्धि हमेशा शीर्ष पर रहेगी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता इसका विकल्प नहीं है। उन्होंने कहा कि रक्षा के साथ–साथ स्वास्थ्य लाभ में भी कृत्रिम बुद्धिमत्ता का व्यापक रूप से उपयोग किए जाने की आवश्यकता है। राउरकेला विकास प्राधिकरण के सचिव चंद्रकांत मल्लिक सम्मानित अतिथि के रूप में शामिल हुए और कहा कि चूंकि मनुष्य प्रौद्योगिकी और मशीन का निमार्ता है, इसलिए प्रौद्योगिकी या मशीन मनुष्य के नियंत्रण में ही रहेगी। जिला कृषि अधिकारी पानपोस धार्मिक बेक ने कार्यक्रम में शामिल होकर कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता की आवश्यकता है और जरूरत के समय इसके उपयोग का आह्वान किया। महेंद्र मिश्र के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में पत्रकार राजा मोहंती, सत्यानंद बेहरा, कुंज बिहारी राउत, देवब्रत पटनायक और चितरंजन रंजन ब्रह्मा समेत विवेकानंद दास ने चर्चा के प्रमुख मुद्दों पर अपने विचार व्यक्त किये। इसमें बणई उप–जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी पुष्पजंगली साहू सहित राउरकेला शहर के विभिन्न वर्गों के पत्रकारों ने भाग लिया।



# 20 करोड़ के सोना और हीरा लूट का आरोपी बिहार में धराया, देहरादून में हुई थी लूट

वैशाली। देहरादून में अपराधियों के द्वारा 20 करोड़ के सोना और हीरा लूट का कनेक्शन अब वैशाली जिले से जुड़ गया है। वैशाली जिले में देहरादून पुलिस एवं वैशाली पुलिस ने संयुक्त रूप से छापेमारी कर दो अपराधियों को पकड़ा है। अपराधियों की पहचान सराय थाना क्षेत्र के मझौली निवासी विशाल कुमार के रूप में की गई है, जबकि दूसरा अमृत कुमार है जिसे पुलिस ने बिदुपुर से गिरफ्तार किया है। घटना 9 नवंबर की है जब रिलायंस के शोरूम से अपराधियों ने 20 करोड़ के स्वर्ण आभूषण की लूट की घटना को अंजाम दिया था।





पुलिस का कहना है कि अपराधियों ने शोरूम में घुसते ही शोरूम के पुरूष कर्मचारी को रस्सी से बांध दिया और 10 मिनट के अंदर लूटपाट करते हुए सभी वहां से फरार हो गये। घटना के बाद इस मामले को लेकर देहरादून पुलिस लगातार जांच पड़ताल कर रही थ

सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधियों की पहचान हुई जिसके बाद देहरादून पुलिस ने वैशाली पुलिस से सम्पर्क किया। लोकेशन मिलते ही बिहार एसटीएफ और उत्तराखंड एसटीएफ ने संयुक्त रूप से करवाई करते हुए विशाल और अमृत को वैशाली जिले से गिरफ्तार किया। इस संबंध में पुलिस का कहना है कि विशाल के मोबाइल पर लूट के लगभग डेढ़ करोड़ से ज्यादा रुपए भेजे गए थे।

विशाल के भाई प्रिंस ने यह ट्रांजैक्शन विशाल के एकाउंट पर किया था। पुलिस का यह भी कहना है कि विशाल का भाई प्रिंस इस घटना में शामिल है। अब देहरादून एसटीएफ और बिहार एसटीएफ ने दोनों आरोपियों को वैशाली से गिरफ्तार करने के बाद प्रिंस की तलाश कर रही है। जानकारी के मुताबिक पुलिस लोकेशन के आधार पर प्रिंस को खोजने आई थी लेकिन उसके भाग जाने के कारण पुलिस ने उसके भाई विशाल को गिरफ्तार कर लिया। कहा यह भी जा रहा है कि घटना को अंजाम देने में प्रिंस था जबकि विशाल को पुलिस ने अकाउंट में हुए ट्रासफर की वजह से गिरफ्तार किया है। हालांकि गिरफ्तार करने आई पुलिस ने मीडिया को कुछ भी कहने से लगातार परहेज करती रही।

## अब बालू माफिया ने ट्रक से कुचल फिर जान ली



**पटना।** मंगलवार को बालू माफियाओं के द्वारा बिहार पुलिस के सब इंस्पेक्टर प्रभात रंजन की हत्या के बाद जमुई के एसपी और डीएम ने कहा था कि इस पर हम बहुत सख्ती से निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा था कि इस घटना में शामिल अपराधी और बालू माफियाओं पर बहुत जल्द कार्रवाई की जाएगी। लेकिन उनकी निगरानी को चुनौती देते हुए बालू माफियाओं के बालू लदे अनियंत्रित ट्रक ने अगले ही दिन फिर जमुई में ही दो युवकों को कुचल दिया।

जमुई अस्पताल के चिकित्सकों ने घायल युवकों को पटना रेफर कर दिया। गुरुवार को घायल युवक की मौत पटना के एक निजी अस्पताल में हो गई। युवक की मौत की सूचना मिलते ही चिराग पासवान पटना के उस निजी अस्पताल में पहुंचे। वहां परिजनों ने बताया कि बालू माफियाओं के इशारे पर अस्पताल ने लापरवाही करते हुए युवक की जान ले ली। इसके बाद चिराग पासवान अस्पताल का निरीक्षण किया जिसमें यह पाया कि उस वक्त अस्पताल के सारे चिकित्सक और मैनेजर सहित लगभग सभी कर्मी अस्पताल से गायब थे। परिजनों ने आरोप लगाते हुए कहा कि यह सारी करतूत बालू माफियाओं की है। इसके बाद चिराग पासवान ने बालू माफियाओं के साथ-साथ उस निजी अस्पताल और उस समय अनुपस्थित सभी कर्मियों पर ऋक्ष करने की बात कही। इस दौरान वहां पर काफी तनातनी की स्थिति हो गई। मंगलवार को जमुई जिला के गरही थाना क्षेत्र अंतर्गत महुलिया टांड़ गांव के पास बालू लदे ट्रैक्टर ने बाइक सवार गरही थाने के अपर थानाध्यक्ष प्रभात रंजन और एक पुलिसकर्मी को कुचल दिया। उस घटना में प्रभात रंजन की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गया। फिर अगले ही दिन दो युवकों को बुधवार को बालू लदे अनियंत्रित ट्रक ने रौंद दिया जिसमें एक की गुरूवार को पटना के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई।

# डीएमसीएच से नवजात बच्चा गायब

**पटना।** उत्तर बिहार के सबसे बड़े अस्पताल डीएमसीएच के गायनी विभाग से नवजात के अचानक गायब हो जाने से वहां हड़कंप मच गया। बताया जाता है कि समस्तीपुर जिला की एक बिन ब्याही लड़की ने नवजात शिशु को जन्म दिया। लोक लज्जा के कारण उसे परिजन ठिकाना लगाने के लिए आपस मे बातचीत कर रहे थे इस दौरान डीएमसीएच में काम करने वाली महिला दाई ने आननफानन में बच्चे को गायब कर दिया। उसके बाद तो मानों पूरे अस्पताल परिसर बच्चा गुम हो जाने से बड़ा हंगामा खड़ा हो गया। काफी मसक्कत और अस्पताल प्रशासन के सख्त रैवैया के कारण दो घंटे के बाद बच्चा बरामद हो सका। दो घंटे तक हाईवोल्टेज ड्रामा चला। जानकारी के अनुसार, समस्तीपुर जिला की हथौड़ी थाना क्षेत्र की एक बिन ब्याही युवती ने एक बालक को जन्म दिया था। लोक लिहाज के डर से परिजन नवजात को कहीं ठिकाना लगाने की योजना बना रहे थे। परिजनों के बीच हो रही बातचीत को सुन विभाग में काम करने वाली दाई ने मौका पाते ही नवजात को वहां से ले जाकर अपनी एक रिश्तेदार के के हवाले कर दिया। इधर, बेड पर नवजात को नहीं देख वहां की नर्स उसे तलाशने लगीं। इस दौरान युवती के परिजन कुछ बताने से परहेज करते रहें। काफी देर तक तलाशने के बाद भी जब नवजात नहीं मिला तो इसकी सूचना वहां के लैब टेक्नीशियन सुनील कुमार और स्वास्थ्य प्रबंधक कमल कुमार उपाध्याय को दी गई।



# चाकूबाजी में घायल हुआ था युवक; अस्पताल देखने पहुंची मां, बेटे को खून से लथपथ देख तोड़ा दम

दरभंगा । बिरौल थाना क्षेत्र फकीराना गांव में पूर्व रंजिश को लेकर हुए विवाद में हुए चाकूबाजी में दिनेश सदा (30) वर्ष जख्मी हो हो गया। परिजनों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। सूचना मिलते ही उसकी मां मीना देवी (62) अस्पताल पहुंची। खून से लथपथ बेटे को देखते ही वह बेहोश होकर गिर गई। जब तक लोग कुछ समझ पाते जख्मी युवक की मां ने दम तोड़ दिया। घटना के बाद अस्पताल में हड़कंप मच गया। लोग इस घटना से हैरान हैं। इस घटना को लेकर जख्मी युवक दिनेश सदा की बहन नीलम देवी के फर्द बयान पर पुलिस ने थाना में छह लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है। जहां पुलिस फर्द बयान के आधार पर त्वरित कर्रवाई करते हुए नामजद छह आरोपितों में से चार आरोपी लालटुन पासवान, उसकी पत्नी हलचल देवी, तपेश्वर पासवान एवं आदर्श कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जाता है कि दिनेश सदा एवं सुनील पासवान के बीच लगभग एक वर्ष पूर्व मारपीट हुई थी, जिसमें दोनों पक्षों की ओर से थाना में अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज हुई थी। उसी दिन से दोनों की बीच आपसी रंजिश चली आ रही थी। इस बीच गांव में भोज खाकर सभी लोग घर आ रहे थे। इसी दौरान दोनों के बीच कहासुनी हो गयी। इसी क्रम में आक्रोशित होकर सुनील पासवान एवं राजा पासवान व अन्य सहयोगी ने दिनेश सदा पर चाकू से हमला कर दिया। स्थानीय लोगों के सहयोग से जख्मी दिनेश को इलाज सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार कर स्थिति गम्भीर होने पर उसे डीएमसीएच रेफर कर दिया। इधर, पुत्र के जख्मी होने की सूचना मिलते ही मां इलाजरत पुत्र को देखने सीएचसी पहुचीं। इसी दौरान पुत्र को खून से लथपथ देख बेहोश होकर वहीं गिर गयी, जबतक लोग कुछ समझ पाते, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। थानाध्यक्ष सत्य प्रकाश झा ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि जख्मी दिनेश सदा की बहन के फर्द बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। मामले में छह नामजद आरोपितों में से चार को गिरफ्तार कर अग्रेतर कर्रवाई शुरू कर दी गयी है।



## संक्षिप्त डायरी

### सड़क हादसे में दो युवक की मौत, बाइक से यह देखने जा रहे थे दोनों, स्कॉर्पियों ने मारी टक्कर



**मधेपुरा ।** सड़क हादसे में दो युवक की मौत हो गई। दोनों गुरुवार देर रात सांस्कृतिक कार्यक्रम देखने बाइक से जा रहे थे। सदर अनुमंडल अंतर्गत गम्हरिया में टीवीएस शोरूम के पास तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने टक्कर मार दी। हादसा इतना ही भीषण था कि दोनों की मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। लोग स्कॉर्पियो चालक की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। इधर, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन में जुट गई। थानाध्यक्ष त्रिलोकीनाथ शर्मा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए मधेपुरा सदर अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस घटना की छानबीन कर रही है। स्कॉर्पियो चालक की तलाश में छापेमारी चल रही है। मरने वालों की पहचान सुपौल जिला के पिपरा थाना क्षेत्र अंतर्गत राजपुर वार्ड-04 निवासी अशोक मंडल के पुत्र अंकेश कुमार (23) और सीताराम मंडल के पुत्र राजा कुमार (22) के रूप में हुई। स्थानीय लोगों का कहना है कि दोनों युवक सुपौल जिले के चौघरा में काली पूजा के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम देखने जा रहे थे। वहां माही-मनीषा का कार्यक्रम था। तेज रफ्तार स्कॉर्पियो की चपेट में आने से दोनों की मौत हो गई। परिजनों का कहना है कि अंकेश दो भाई है। अंकेश कुमार पटना रहकर पढ़ाई करता था। छठ की छुट्टी में घर आया था। मां पिपरा प्रखंड के राजपुर में पोस्टमास्टर है। वहीं पिता जदिया में बिजली विभाग में कार्यरत हैं। राजा दो भाई और दो बहन में सबसे सबसे छोटा था। घर पर रहकर ही स्नातक पार्ट-2 में पढ़ाई करता था। राजा के पिता कटैया स्थित एक निजी कॉलेज में प्रोफेसर हैं।

### सीतामढ़ी में बेगूसराय के युवक की हत्या, अपराधियों ने चाकू गोदकर मार डाला

**सीतामढ़ी ।** एक युवक की हत्या कर दी गई। वह बेगूसराय का रहने वाला था। घटना जिले के बैरगनिया नगर परिषद क्षेत्र के शिवनगर नुनिया टोला की है। गुरुवार देर रात अपराधियों ने चाकू गोदकर बेगूसराय के रहने वाले सब्जी व्यवसायी को घायल कर दिया। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। स्थानीय लोगों ने घायल को पीएचसी में भर्ती करवाया। यहां डॉक्टरों ने उसे सदर अस्पताल में रेफर कर दिया। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया। इधर, घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और छानबीन में जुट गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद पुलिस सिंदूरिया गांव में अपराधियों को पकड़ने के लिए छापेमारी अभियान चला रही है। मृतक की पहचान बेगूसराय के सोगराहा, शोकरा वार्ड एक निवासी नरेश सिंह के 27 वर्षीय पुत्र सोनू कुमार सिंह के रूप में की गयी है। परिजनों का कहना है कि सोनू सीतामढ़ी में पिछले कई वर्षों से रहकर थोक सब्जी बिक्री करने का काम करता था। वही, बैरगनिया के ही नुनिया टोला निवासी सरयुग महतो के पुत्र पवन महतो से उसकी परिचय हुआ था। इससे बैरगनिया के सब्जी कारोबारी से संपर्क कराने को कहा और इसी को लेकर बुधवार को ही सोनू नुनिया टोला पवन के घर आया था। इधर, थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर चंद्रभूषण कुमार सिंह ने बताया कि अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चला रहे हैं। लोगों का कहना है कि सिंदूरिया गांव कुछ देर के लिए पुलिस छाबनी में तब्दील हो चुकी थी। घटना की खबर परिजन को मिलते ही बुरा हाल है। साथ ही परिजन सीतामढ़ी के लिए रवाना भी हो चुके हैं। लोगों का कहना है कि पुलिस इस मामले को गंभीरता से ले और अपराधियों को जल्द से जल्द गिरफ्तारी करे।

### 17 साल के लड़के ने किया सुसाइड का प्रयास, मां ने लगाई थी फटकार तो जान देना चाह रहा था



**नालंदा ।** गुरुवार को 17 साल के लड़के ने खुदकुशी करने की कोशिश की। वह अपनी मां की फटकार से इतना आहत हो गया कि फांसी लगा खुदकुशी का प्रयास किया। मामला परवलपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पवई गांव का है। किशोर की चाची ने बताया कि वह अंडा लेकर घर आया था। इसे पकाने के लिए किचेन में गया। जहां अंडा गिरकर जमीन पर फूट गया। इसके बाद उसकी मां ने उसे फटकार लगाई, जिससे किशोर आहत होकर खुद को कमरे में बंद कर लिया और फंदे के सहारे लटक गया। जब वह दर्द से कहराने लगा तो उसकी मां ने आवाज सुनी इसके बाद वह आस पड़ोस के लोगों को दौड़कर बुलाने गई। मौके पर जुटे लोगों ने फंदे से किशोर को नीचे उतारा और इलाज के लिए परवलपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। यहां से बेहतर इलाज के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। फिलहाल युवक का इलाज बिहारशरीफ सदर अस्पताल में डॉक्टर की देखरेख में चल रहा है, जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।किशोर दसवीं कक्षा में पढ़ाई कर रहा है, वह दो भाइयों में सबसे बड़ा है। इस घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# भगवान कृष्ण के पुत्र ने कराया था इस प्रसिद्ध सूर्य मंदिर का निर्माण

## हर मन्नत होने की मान्यता

**पटना ।** दुल्हिन बाजार स्थित उलार सूर्य मंदिर में छठ के अवसर पर विशाल मेले का आयोजन किया जाता है। यहां के सूर्य मंदिर का इतिहास द्वापर काल से जुड़ा है। द्वापर काल में भगवान श्री कृष्ण के पुत्र महाराजा शाम्ब ने इसका निर्माण कुष्ठ रोग निवारण के लिए कराया था। मान्यता है कि भारतवर्ष में 11 जगहों पर और पाकिस्तान में एक जगह पर सूर्य मंदिर का निर्माण भगवान श्री कृष्ण के पुत्र राजा शाम्ब ने द्वापर युग में करवाया था। 12 राशि के 12 जगहों पर सूर्य मंदिर के निर्माण का प्रमाण शाम्ब पुराण में इतिहास के पन्नों में सुनहरे अक्षरों में अंकित है। मान्यता है कि भगवान श्री कृष्ण के पुत्र राजा शाम्ब को अपने खूबसूरती पर काफी घमंड थी। एक बार वे कुछ युवतियों के साथ एक सरोवर में स्नान कर रहे थे। बताया जाता है कि उसी रास्ते से महर्षि गर्ग गुजर रहे थे। महर्षि गर्ग को देखकर राजा शाम्ब ने ना तो उनका अभिवादन किया और ना ही उनका रास्ता छोड़ा। इससे महर्षि गर्ग काफी क्रोधित हो उठे और उन्होंने राजा शाम्ब को श्राप दे दिया। महर्षि गर्ग के श्राप से राजा शाम्ब को कुष्ठ रोग हो गया। इससे वे काफी परेशान रहने लगे। कहा जाता है कि एक बार नारद मुनि की नजर राजा शाम्ब पर पड़ी। राजा शाम्ब के इस विकृत रूप को देखते ही नारद मुनि काफी दुखी हुए और उनसे इसका कारण पूछने लगे। पूरी व्यथा सुनने के बाद



उन्होंने राजा शाम्ब को इस श्राप से मुक्ति दिलवाने का वचन दिया। नारद मुनि इसके लिए भगवान श्री कृष्ण के पास जाकर उनकी आराधना की और उनसे आग्रह किया कि आप इस श्राप से मुक्ति का रास्ता बताएं। तब भगवान श्रीकृष्ण ने कुष्ठ रोग से मुक्ति के लिए सार्क द्वीप से वैध के साथ-साथ सूर्य उपासक ब्राह्मणों को वहां बुलवाया। तब वहां के ब्राह्मणों ने कुष्ठ रोग से मुक्ति के लिए उन्हें 12 ग्रहों के आधार पर प्रत्येक माह एक वर्ष तक 12 अलग-अलग जगहों पर सूर्य मंदिर का निर्माण कराकर वहां पूजा-अर्चना करने की सलाह दी। इसके बाद राजा शाम्ब ने 12 जगहों पर 12 राशि के आधार पर सूर्य मंदिर का निर्माण कराया था। यह सभी 12 सूर्य मंदिर 12 जगहों पर अर्क स्थान के रूप में प्रतिष्ठित है।

1.ओलार्क (उलार) - दुल्हिन बाजार, पटना
2.कोणार्क- उड़ीसा
3.देवार्क (देव) - औरंगाबाद
4.पुण्यार्क- पण्डारक
5.औगार्क- औगारी
6.लोलार्क-काशी
7.मार्कण्डेयार्क- कन्दाहा, सहरसा
8.कटलार्क- कटारमल उत्तराखंड
9.बालार्क- बड़गांव
10.चानार्क- चंद्रभागा नदी के किनारे
11.मोढ़ेरार्क- गुजरात में पुष्पावती नदी के किनारे
12.आदित्यार्क - वर्तमान में पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के चिनाब नदी के किनारे

बताया जाता है कि मुगल काल में औरंगजेब ने दुल्हिन बाजार स्थित उलार सूर्य मंदिर के मूर्ति को तोड़ डाला था। उस वक्त लोग उस टूटे-फूटे मूर्ति की ही पूजा किया करते थे। वहां एक विशाल पीपल का वृक्ष ऊपज आया था। वर्ष 1948 में अचानक वहां एक संत सद्गुरु परमहंस जी महाराज पहुंचे थे। तब वहां के महंत ने उनसे उस मंदिर में पीपल वृक्ष को हटाकर मंदिर निर्माण कराने का आग्रह किया था। हर साल उलार सूर्य मंदिर में छठ पूजा के अवसर पर यहां विशाल मेले का आयोजन किया जाता है। तब यहां दूरदराज से छठ व्रत करने वाली महिलाएं लगातार चार दिनों तक यहां रह कर पूजा-अर्चना करती हैं और मन्नतें मांगते हैं। ऐसी मान्यता है कि सच्चे दिल से मांगी गई मन्नत यहां पूरी होती है। 4 दिनों तक चलने वाले सूर्य उपासना का महापर्व छठ के अवसर पर यहां की भव्यता देखने के लिए दूरदराज से लोग पहुंचते हैं।

## चर्चित नीलेश मुखिया हत्याकांड का नामजद आरोपी 259 दिन बाद झारखण्ड में धराया



**पटना ।** चर्चित नीलेश मुखिया हत्याकांड के नामजद अभियुक्त गोरख राय को पुलिस ने झारखंड से दबोच लिया है। इस हत्या में शामिल दो अन्य नामजद आरोपी पप्पू राय और धप्पू राय अब तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। पुलिस का कहना है कि बहुत जल्द ये दोनों भी पुलिस की गिरफ्त में होंगे। पुलिस ने चर्चित नीलेश मुखिया हत्याकांड में अबतक शूटर समेत 9 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। इस संबंध में जानकारी देते हुए पटना सिटी एसपी वैभव शर्मा का कहना है कि पुलिस ने चर्चित नीलेश मुखिया हत्याकांड में अबतक शूटर समेत 9 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। गिरफ्तार किए गये अजय राय उर्फ विशाल कुमार से कड़ी पूछताछ के दौरान उसने बताया कि नीलेश मुखिया हत्या का षड्यंत्र करने वाला मुख्यरूप से पप्पू, धप्पू और गोरख राय थे। निलेश मुखिया की हत्या कराने के लिए इन लोगों ने ही 25 लाख रुपए की सुपारी दी थी। इसी मामले में गोरख राय को पुलिस ने झारखण्ड के लोहरदगा जिले से गिरफ्तार किया है। पटना सिटी एसपी वैभव शर्मा ने बताया कि पुलिस के द्वारा कड़ी पूछताछ के दौरान गोरख राय ने निलेश मुखिया हत्याकांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार की।

# जंक्शन पर यात्रियों ने जमकर किया हंगामा

**दरभंगा।** इटावा में दरभंगा क्लोन स्पेशल में आग लगने की घटना के बाद गुरूवार को ट्रेन देर शाम दरभंगा स्टेशन पहुंची, जहां यात्रियों ने अपनी मांग को लेकर जमकर हंगामा किया। यात्रियों का कहना था कि उनका बहुत सारा सामान आग लगने के बाद अफरातफरी में खो गया, जिसका रिपोर्ट इटावा में यह कहकर नहीं लिखा गया कि आप दरभंगा पहुंच कर अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। लेकिन दरभंगा पहुंचने के बाद रेलवे के किसी पदाधिकारी ने नहीं सुनी। दरभंगा स्टेशन पर मौजूद अधिकारियों ने उन्हें इटावा में जा कर शिकायत दर्ज करने की सलाह देने लगे। इसी बात को लेकर यात्री भड़क गये और हंगामा करने लगे। यात्रियों ने स्टेशन मास्टर के कार्यालय पर जमकर हंगामा किया। यात्री अपने क्षति हुए सामान के मुआवजे की मांग पर अड़े रहे। नई दिल्ली से दरभंगा आ रही क्लोन हमसफर सुफरफास्ट स्पेशल ट्रेन (02570) में बुधवार की शाम सराय भूपत रेलवे स्टेशन से ठीक पहले भीषण आग लग गई थी। ट्रेन के दिल्ली से दरभंगा पहुंची मधुबाला मिश्रा ने आक्रोशित होकर कहा कि एक तो हमारा सारा सामान जल गया, फिर जैसे-तैसे जान बचाकर हमलोग दरभंगा पहुंचे हैं, हमलोग के पास कुछ भी नहीं बचा है। अभी हमको दरभंगा कमतौल थाना क्षेत्र के रघौली गांव जाना है। हमारे पास पैसे भी नहीं हैं। जब हम शिकायत दर्ज करवाना चाह रहे हैं तो पुलिस हमें इटावा जाकर कम्प्लेन दर्ज कराने को कह रही है। मधुबाला मिश्रा ने कहा कि हमलोग को इटावा में कहा गया कि आपलोग जहां जा रहे हैं उस स्टेशन पर जाकर शिकायत दर्ज करवायेगा। जब हमारे पास दरभंगा तक टिकट है फिर भी हमारा कोई नहीं सुन रहा है। थाना वाले बोल रहे हैं कि जहां दुर्घटना हुई है वहीं जाकर शिकायत दर्ज करवाईये। रेलवे पुलिस हमलोगों को परेशान कर रही है।



# अमृत सरोवर गांव के लिए मील का पत्थर साबित होगा : पीएन पाठक



**संवाददाता**

**कुशीनगर।** कुशीनगर विधान सभा के ग्राम पंचायत पुरैनी में ग्राम पंचायत से 38 लाख रुपए की लागत से बना श्री राम जानकी अमृत सरोवर का लोकार्पण एक समारोह आयोजित कर किया गया। जिसके मुख्य अतिथि कुशीनगर विधायक पीएन पाठक रहे पूजा अर्चना के बाद अमृत सरोवर का लोकार्पण फीता काट कर विधायक पीएन पाठक के कर कमलों से किया गया इस दौरान क्षेत्र की भारी संख्या में लोग जुटे थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक पीएन पाठक ने कहा कि सरकार पूरे प्रदेश के हर ग्राम सभा में एक एक अमृत सरोवर का निर्माण कार्य कराया है ताकि जल संरक्षण में सहायक साबित होगा सरकार जल संरक्षण के लिए कुआं तालाब पोखरे नदियों का पुनर्निर्माण और सफाई अभियान चलाया है। जिससे गांव के लोगों को जल संरक्षण के लिए मील का पत्थर साबित होगा यहां के अमृत सरोवर बहुत ही अच्छा और सुसज्जित तरिके से बना है। हम ग्राम पंचायत के सभी सदस्यों और जिम्मेदार लोगों को सराहना करते हुए बधाई दी और कहा कि बहुत ही सराहनीय कार्य किया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि संदीप सिंह ने ग्राम प्रधान की प्रशंसा करते हुए कहा कि पूरे व्लाक में यहां के अमृत सरोवर एक अपने आप में एक मिशाल कायम किया है और यहां के लोगों के लिए जल संरक्षण में सहायक होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता खण्ड विकास अधिकारी फूल चंद सरोज व ज्वाइंट खण्ड विकास अधिकारी सुधा पांडेय व संचालन सुरेन्द्र कुशवाहा ने किया। कार्यक्रम के आयोजक ग्राम प्रधान पूनम देवी ने आये सभी आगुंतकों को आभार प्रकट किया। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष बिनोद कुमार गुप्ता, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि छोटे लाल कुशवाहा, धनंजय मणि त्रिपाठी, राजेश राव, अमित मुन्ना, विधायक प्रतिनिधि रूद्र प्रकाश सिंह, शुभम दिक्षित, अनिल प्रताप राव, नितिश यादव, सजीव दूबे आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त डायरी

## गोविंदपुरम में भारतीय किसान संगठन ने फिर एक बार मंडी के गेटों को बंद किया



**संवाददाता**

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश के जनपद गाजियाबाद के अनाज मंडी गोविंदपुरम में भारतीय किसान संगठन ने दोबारा से मंडी के गेटों को बंद किया । पिछली बार सिटी मजिस्ट्रेट साहेब और मंडी सचिव ने टीन सेट को 15-11-2023 को खाली करने के लिए आश्वासन दिया गया था। लेकिन अभितक किसानों के टीन शेड खाली नहीं किये गए । आज मंडी सचिव ने व्यपारियों को लिखत रूप से नोटिस देकर एक हप्ते का समय मांगा है। अगर इसके बाद भी खाली नहीं किया गया टीन शेड तो भारतीय किसान संगठन एक बड़ा आंदोलन करने के लिए मजबूर होगा। मौके पर शामिल किसान जिला अध्यक्ष व मेरठ मंडल प्रभारी लोकेश नागर, जिला उपाध्यक्ष मनोज यादव ,जिला नगर अध्यक्ष मनोज चौधरी, हापुड़ जिला अध्यक्ष अजय यादव, विजेंद्र शर्मा ,नितिन प्रधान , ग्राम प्रधान महेंद्र ,वर्जित पाल नागर और मनोज शामिल रहे।

## शासन ने कसया स्वास्थ्य केंद्र के लिए धन की दी स्वीकृति

**संवाददाता**

**कसया कुशीनगर।** कुशीनगर विधायक पीएन पाठक के द्वारा दिये गये प्रस्ताव पर कुशीनगर के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों के मरम्मती करण और आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करने के लिए प्रथम चरण में सर्वप्रथम कसया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के जीर्णोद्धार व विभिन्न चिकित्सकीय सुविधाओं के लिए मिली। उत्तर प्रदेश सरकार ने वित्तीय स्वीकृति दे दी गई है। विधायक पीएन पाठक ने उप मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक को एक मांग पत्र सौंपा था। जिसमें स्वास्थ्य केंद्र कसया, साखोपार, कुबेरनाथ, सखवनिया, शिवपुर, सिधुवबागर, सपहा, पुरैनी आदि स्वास्थ्य केंद्रों का जिडोदार अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस करने के लिए मांग रखा था। जिसको लेकर शासन स्तर से उप मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक के अनुमोदन पर कसया स्वास्थ्य केंद्र का मरम्मत कार्य और अन्य सुविधाओं से लैस करने के लिए बजट पास किया है। विधायक पीएन पाठक ने बताया कि कुशीनगर विधानसभा में स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए और भी शासन से धन स्वीकृति होने वाली है जिससे विधानसभा के सभी स्वास्थ्य केंद्र सभी आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जायेगा। उन्होंने मा० मुख्यमंत्री पूज्य योगी आदित्यनाथ महराज व मा० उपमुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक को कोटि कोटि धन्यवाद ज्ञापित किया।

## यूपीः युवक पर सांड ने बोला हमला, सींग घुसा कर फाड़ दिया पेट, दृश्य देख कांप गए लोग



**एटा ।** खेतों और सड़कों पर गोवंशों की बढ़ती संख्या लोगों के लिए आतंक बन रही है। शुक्रवार को शहर के मध्य ठंडी सड़क पर पैदल जा रहे युवक पर सांड ने अचानक हमला कर दिया। युवक जब तक संभल पाता, उसके पेट में सींग घुस गया। चीखपुकार मचने पर आसपास के लोगों ने युवक को सांड से बचाया और मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। कोतवाली नगर क्षेत्र ठंडी सड़क स्थित सैय्यद वाली गली के पास शुक्रवार की दोपहर करीब एक बजे सांड ने इंस्पेक्टर सिंह (25) निवासी बमनई थाना पिलुआ पर हमला कर दिया। इस हमले में युवक के पेट में सांड का बाईं ओर का सींग घुस गया और युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। खून अधिक बहने पर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। युवक ने बताया कि वह बैल्डिंग का कार्य करता है। दोपहर में कार्य करने के लिए ही पैदल जा रहा था। चिकित्सकों ने युवक के पेट में टांके लगाकर उपचार शुरू कर दिया है। थाना निधौलीकलां क्षेत्र के गांव बाकलपुर निवासी हृदेश कुमार के ऊपर 4 नवंबर को खेत पर गोवंश ने हमला कर दिया था। परिजन जब पहुंचे तो तब तक दम तोड़ दिया था। बाद में परिजन ने शव का पोस्टमार्टम कराया। थाना निधौलीकलां क्षेत्र के ही गांव रमंडपुर निवासी बिजेंद्र सिंह को गोवंशों ने खेत पर दौड़ा लिया था। युवक अपनी जान बचाकर भागा, लेकिन गिर गया। इसकी वजह से युवक की 14 नवंबर की दोपहर में ही खेत पर ही मौत हो गई। सीवीओ डॉ. अनिल कुमार सिंह ने बताया कि निराश्रित गोवंशों को पकड़ने के लिए रणनीति तय हो चुकी है। छह विभागों को मिलकर अभियान चलाकर गोवंशों को पकड़ना है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में गोवंश घूम रहे हैं, इनको जल्द पकड़वाया जाएगा।

## टायर फटने से बस अनियंत्रित होकर पलटी, 20 से अधिक यात्री हुए घायल,

उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले में वाराणसी-शक्तिनगर हाईवे पर चोपन थाना क्षेत्र के सलखन में शुक्रवार की दोपहर बड़ा हादसा हुआ। टायर फटने से अनियंत्रित हुई यात्रियों से भरी डबल डेकर बस डिवाइडर पार कर सड़क की दूसरी लेन में जाकर पलट गई। हादसे में बस में सवार 20 से अधिक यात्री घायल हुए हैं। पुलिस की मदद से सभी को नजदीकी अस्पतालों में पहुंचाया गया। इसमें एक बालिका की हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने वाराणसी रेफर कर दिया। हादसे के बाद बस का चालक और कंडक्टर मौके से फरार हो गए। सिद्धार्थ ट्रांसपोर्ट की बस वाराणसी से यात्रियों को लेकर शक्तिनगर जा रही थी। दोपहर में मारकुंडी घाटी उतरने के बाद बस जैसे ही सलखन पहुंची, तभी अचानक सामने से उल्टी दिशा में कार आ गई। उससे बचने के लिए चालक ने तेज ब्रेक लगाई, जिससे बस के बाएं ओर लगा टायर फट गया और बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार करते हुए दूसरी लेन में जाकर पलट गई। तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग घटनास्थल की ओर दौड़े। पुलिस को सूचना देते हुए बस में सवार यात्रियों को बाहर निकालना शुरू किया। बस में करीब 50 यात्री सवार थे। इसमें 20 से अधिक को चोट आई। घायल 17 यात्रियों को तत्काल एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। अन्य का सलखन पीएचसी में उपचार हुआ। जिला अस्पताल में उपचार के बाद डाला निवासी सोनम (12) पुत्री बचऊ को वाराणसी रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना पर एएसपी कालू सिंह, सीओ संजीव कटियार भी मौके पर पहुंचे। एएसपी ने बताया कि बस का टायर फटने से हादसा हुआ है। घायलों का जिला अस्पताल में उपचार कराया गया है। उनके परिजनों को सूचना दी गई है। फरार चालक व कंडक्टर की तलाश की जा रही है। तसलीफ (52) निवासी गढ़वा झारखंड, खुशबू निवासी दुद्धी, लालचंद्र फफराकुंड ओबरा, फेकूराम शर्मा (67) विकासनगर, उपेंद्र (34) निवासी पिपरा कुंड, अलवरी बेगम (40) रानीताली, सोनम (12) डाला, आशु (75) दुद्धी, इरफान अहमद (09) निवासी म्योरपुर, नसीरुन्निशा (55), रागनी (10) सारनाथ, लकी (07) सारनाथ, वीरेंद्र कुमार (40) किचार पन्नूगंज, कृष्ण कुमार (45) किचार पन्नूगंज, बाबूलाल (50) घोरावल, धूमा पंचफेड़ी निवासी रमेश (29), रानी (27), सीमा (02) व अन्य।

## गन्ना क्रय केंद्र डुम्मर भार में पूजन अर्चन के साथ शुरू हुई गन्ने की तौल



**संवाददाता**

**कुशीनगर।** पडरौना तहसील क्षेत्र के डुम्मर भार में पेराई सत्र 2023 - 2024 में गन्ने की सप्लाई को लेकर गन्ना तौल केंद्र ढाढा चीनी मिल का शुभारंभ विधिवत पूजन अर्चन के साथ मिल के अधिकारियों और किसानों द्वारा पूजन अर्चन कर किया गया। शुक्रवार की सुबह क्रय केंद्र डुम्मर भार में स्थापित गन्ना तौल कांटे का शुभारंभ होने के पश्चात तौल शुरू किया गया। एरिया मनैजर सचितानंद पाण्डेय ने किसानों को तौल के बारे मे बताते हुए कहा की पर्ची मिलने पर ही गन्ने की कटाई करें और बिना मैसेज प्राप्त हुए कन्ने की कटाई न करें। 36 कु. की मोड़ पे 40 कु. की तौल होंगी। भरी गाड़ी 50 कु. खाली गाड़ी 10 कुंतल, शुद्ध गन्ने का वजन 40 कुंतल की पर्ची बनेगी इस प्रक्रिया का आपको मैसेज प्राप्त होगा। तौल के दिनांक से 96 घंटे तक मान्य रहेगी। उस के बाद उस पर्ची को निरस्त कर दिया जाएगा। इस लिए समय से पहले साफ सुथरा ताजा गन्ना लाए। अधिकारियों व किसानों का स्वागत सेंटर इंचार्ज आर्यन शर्मा ने करते हुए किसानों से सहयोग की अपील की। इस अवसर पर सचितानंद तिवारी, कन्हैया सिंह, बचा बैठा, सुबास राजभर, मुबारक, कमुरुदिन, तुफानी, अमरजीत, मुन्ना व स्थानीय किसान मौजूद रहे।

## सेवानिवृत्त बैंक कर्मी से मांगी तीन लाख रुपये की रंगदारी, महिला ने फोन पर दी ये धमकी

**शाहजहांपुर ।** बैंक ऑफ बड़ौदा के सेवानिवृत्त कर्मचारी से एक महिला तीन लाख रुपये की रंगदारी मांग रही है। मना करने पर उसने दुष्कर्म के केस में फंसाने की धमकी दी। इससे पहले महिला ने उनके खाते से धोखाधड़ी कर 54 हजार रुपये भी निकाल लिए। एसपी के आदेश पर चौक कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मोहल्ला मस्जिदगंज निवासी प्रसाद शंकर शुक्ला (69) कुछ दिन पहले बरेली मोड़ से घर आ रहे थे। इस बीच रास्ते में उनका मोबाइल फोन गिर गया। उनके मोबाइल फोन से इंटरनेट बैंकिंग के जरिये 54000 रुपये निकाल लिए गए। इसकी जानकारी होने पर उन्होंने 17 अक्तूबर को थाने में तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बाद बुजुर्ग ने एसपी को प्रार्थना पत्र दिया। बताया कि उनके मोबाइल नंबर पर एक महिला कॉल कर अब तीन लाख रुपये मांग रही है। इनकार करने पर दुष्कर्म का झूठा मुकदमा लिखाने की धमकी दे रही है। वह अलग-अलग नंबरों से कई बार फोन कर चुकी है। एसपी के आदेश के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच को शुरू कर दी है।



# स्वास्थ्य शिविर में हुई मरीजों की जांच, एड्स के प्रति किया गया जागरूक



**संवाददाता**

**कसया, कुशीनगर।** शासन के निर्देश पर जिला संयुक्त चिकित्सालय व सीएचसी व पीएचसी केंद्रों द्वारा परियोजना सबेरा, लक्षित हस्तक्षेप कार्यक्रम के तहत जनपद में आयोजित स्वास्थ्य शिविर के क्रम में नपाप कुशीनगर के गोपालगढ़ स्थित प्राथमिक विद्यालय में निःशुल्क शिविर में मरीजों की जांचकर कर दवा दी गयी और उन्हें एड्स को लेकर जागरूक किया गया। शुक्रवार को जिलाचिकित्सा अधिकारी डा0 सुरेश पटेरिया, नोडल अधिकारी डा0 एसएन त्रिपाठी, नपाप अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश कुमार जायसवाल, सीएचसी अधीक्षक डा0 मार्कण्डेय चतुर्वेदी ने फीता काटकर व दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। इस मौके पर चिकित्सकों ने 200 से ज्यादा मरीजों की जांचकर दवा दी और 100 लोगों के ब्लड के नमूने जांच के लिए लिए। डा0 एसके सिंह ने एड्स बीमारी के बारे में जानकारी दी। कहा कि संगम, जीवन साथी के प्रति वफादारी, कंडोम, ब्लड जांच से एचआईबी संक्रमण से बचा जा सकता है। हाथ मिलाने, साथ रहने, चुम्बन से एड्स नहीं होता। ब्लड बैंक से ब्लड लेना, नई सूई का प्रयोग करना चाहिए। इस अवसर पर डा0 पल्लवी सिंह, डा0 साबित्री सिंह, मीरा दुबे, अमजद अली, वीरेंद्र शर्मा, संध्या, नीलम राय, गौतम शर्मा, शिव कुमार पाण्डेय, राकेश पाण्डेय आदि स्वास्थ्य कर्मी के अलावे चंद्रशेखर यादव लड्डू, तारकेश्वर सिंह, सौरभ श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# कुशीनगर विधानसभा के सभी गांव और पुरवो में होगा विकास कार्य : पी.एन. पाठक



**संवाददाता**

**कुशीनगर।** शुक्रवार को कुशीनगर विधान सभा क्षेत्र के गांव नैकाछपरा में एक ही परिसर में शिव मंदिर का शिलान्यास और ग्राम सभा में मनरेगा से बने 10 लाख रुपए की लागत से अनपूर्णा भवन का लोकार्पण विधायक पी एन पाठक द्वारा विधिवत पूजन अर्चन के बाद किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा की मेरे विधान सभा क्षेत्र के हर गांव और पुरवा में विकास कार्य होगे ।अन्नपूर्णा भवन बनने से ग्रामीणों को यहां से कोटे की दुकान से सस्ते दर पर समान मिलेगा । भाजपा सरकार में गांव को भी शहरो की तरह विकास हो रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीडीओ हाटा सुधा पांडेय ने किया ।ग्राम प्रधान रविंद्र यादव ने सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका कुशीनगर अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश जायसवाल, विधायक प्रतिनिधि रुद्र प्रताप सिंह, मंडल अध्यक्ष रामायण कुशवाहा, विनोद गिरी ग्राम प्रधान डिंपल पाण्डेय, कमलेश चौधरी, शुभम दीक्षित नीतीश यादव, अचंभित सिंह संजीव सिंह, सिब्लु सिंह, सोनू राव, शिवाकांत ओझा, शैलेंद्र सिंह, राजीव सिंह, अजय पाण्डेय, राकेश गिरी, अखिलेश सोनकर, मुकेश दुबे, झब्बल राय, दीनानाथ सिंह, उदयभान सिंह अजय गुप्ता, धनजय मणि त्रिपाठी, ईश्वर शरण दास आदि मौजूद रहे ।

# पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जनपद में चला चेकिंग अभियान



संवाददाता

अमरोह। उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश पर सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए पूरे प्रदेश में सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। वहीं जनपद अमरोहा में पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह के निर्देश पर पूरे जनपद में दो पहिया वाहन चालक और चौपाइयां वाहन चालकों के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान चेकिंग अभियान में पुलिस प्रशासन ने दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट न लगाने और साथ ही चौपाइयां वाहन चालकों के द्वारा सीट बेल्ट न लगाने पर जमकर चालान काटे गए। इस दौरान थाना रजबपुर प्रभारी अलका चौधरी ने पपसरा चौकी इंचार्ज रवि बालियान, वेंकटेश्वर चौकी प्रभारी विकास त्यागी सहित पुलिस बल के साथ टोल प्लाजा पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान यातायात के नियम का पालन न करने वाले वाहनों के खिलाफ चालान काटकर कड़ी कार्यवाही की गई। इस दौरान थाना प्रभारी अलका चौधरी ने वाहन चालकों को हिदायत देते हुए कहा है कि सभी वाहन चालक यात्रा करते समय हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग करें। जिससे कि आए दिन हो रही सड़क दुर्घटनाओं को काम किया जा सके। वाहन चालकों का चालान काटना नहीं बल्कि उनकी जिंदगी बचाना है। कि वह यात्रा करते समय यातायात के नियमों का पालन करें। और पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। इसी के साथ थाना रजबपुर के सभी पुलिस

# माफियाओं व उनके गुर्गों को सरकारी ठेके-पट्टे न दें : सीएम योगी



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनहित से जुड़ी निर्माण परियोजनाओं को पूरी गुणवत्ता के साथ समय सीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए हैं। शुक्रवार को मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग की चालू, लंबित तथा भावी कार्ययोजनाओं की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए सड़क बनाने वाली एजेंसी या ठेकेदार सड़क बनने के अगले 05 वर्ष तक उसके अनुरक्षण की जिम्मेदारी भी उठाएगा। इस बारे में नियम-शर्तें स्पष्ट रूप से उल्लिखित की जाएं। यह सुनिश्चित करें कि कहीं भी लोकहित से जुड़ी किसी परियोजना में माफिया और अपराधी प्रवृत्ति के लोगों को स्थान न मिले। उनके करीबी रिश्तेदारों और गैंग के गुर्गों को भी ठेके-पट्टे से दूर रखा जाए। ग्रामीण मार्गों का यातायात एवं अन्य बिंदुओं पर आधारित चौड़ीकरण किया जाना आवश्यक है। इस संबंध में आवश्यक प्रस्ताव तैयार करें। निविदा प्रक्रिया का सरलीकरण किया जाना चाहिए। योग्यता अनुभव, निष्ठा को वरीयता दें। उन्होंने कहा कि जनहित की परियोजनाओं में देरी से न केवल लागत में बढ़ोतरी होती है, बल्कि आमजन को सेवाओं का लाभ समय से नहीं मिल पाता और असुविधा भी होती है। ऐसे में हमें समयबद्धता पर जोर देना होगा। लोक निर्माण विभाग द्वारा मेडिकल कॉलेज, विश्वविद्यालय सहित अनेक महत्वपूर्ण परियोजनाओं का निर्माण किया जा रहा है। यह सुनिश्चित हो कि हर कार्य पूरी गुणवत्ता से हो और समय पर पूरा हो। पेंडिंग कार्यों की जवाबदेही तय की जाए। विभागीय मंत्रीगण परियोजनाओं की नियमित अंतराल पर समीक्षा करें। फील्ड विजिट करें और कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित कराएं। कार्य को मैनुअल के स्थान पर मैकेनाइज्ड किया जाना चाहिए। आईआईटी, एकेटीयू, एमएमएमयूटी जैसे संस्थानों से सहयोग लें। सड़क निर्माण के लिए उत्तर प्रदेश की एफडीआर तकनीक को भारत सरकार ने सराहा है। इसे लोक निर्माण विभाग में भी प्रभावी करें। उन्होंने कहा कि कहीं भी मैनपावर की कमी न रहे। हमें नियमित नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी होने तक आउटसोर्सिंग के माध्यम से योग्य युवाओं को जोड़ना चाहिए। गेट जैसे राष्ट्रीय परीक्षा को आधार मानकर उनकी योग्यता का प्रारंभिक आंकलन किया जा सकता है। ऐसे युवाओं को नियमित सेवा में वेटेज दिया जाए। इस संबंध में नीति और गाइडलाइन तैयार कर प्रस्तुत करें। भवन कार्यों हेतु केंद्रीय लोक निर्माण विभाग आधारित प्रदेशव्यापी एकल यूनिफाइड शेड्यूल रेट्स को अपनाया जाना चाहिए। इस पर विधिवत विचार किया जाए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ग्रामीण मार्गों से अन्य जिला मार्ग एवं अन्य जिला मार्गों से प्रमुख जिला मार्ग परिवर्तन हेतु नयी नीति तैयार करें। व्यापक जनहित में ऐसा किया जाना आवश्यक है। अयोध्या में रामपथ एवं भक्ति पथ के निर्माण में प्रदेश में प्रथम बार वाइट टॉपिंग व स्टैम्प्ड कंक्रीट तकनीक का प्रयोग कर नए उच्च स्तरीय मानकों के साथ मार्गों का निर्माण किया जा रहा है। ऐसे प्रयोग अन्य स्थानों पर किये जाने चाहिए। लोक निर्माण विभाग के सभी राज्य मार्गों जिला मार्गो एवं अन्य जिला मार्ग सहित समस्त ग्रामीण मार्गों की भी जीआईएस मैपिंग कराई जाए। एक किलोमीटर से अधिक पारस्परिक दूरी के ग्रामों को आपस में जोड़ने हेतु इंटर कनेक्टिविटी योजना को प्रभावी करें। विभाग में ई-ऑफिस का सफलतापूर्वक पायलट किया जा चुका है। अब विभागाध्यक्ष कार्यालय और शासन माइल संचलन पूर्णतः डिजिटल माध्यम से किया जाए। इससे समयबद्धता और पारदर्शिता बढ़ेगी।

# कनाडा में कठिनाई

अलगाववादियों का एक समूह कनाडा में लगातार भारतीयों की चिंता की बड़ी वजह बना हुआ है। वैंकूवर में भारतीय वाणिज्य दूतावास ने एक शिविर का आयोजन किया था। इस शिविर में कनाडा में रह रहे अवकाश प्राप्त भारतीयों को जीवन प्रमाणपत्र दिया जा रहा था, मगर खालिस्तान समर्थक तत्वों ने इस शिविर के खिलाफ जो विरोध प्रदर्शन किया है, उसकी जितनी निंदा की जाए, कम होगी। भारत में शासकीय सेवाओं में रहे बहुत से लोग सेवानिवृत्त होने के बाद कनाडा में रह रहे हैं। जीवन प्रमाणपत्र हासिल करने के लिए उनका भारत आना आसान नहीं है, ऐसे में, भारतीय दूतावास शुरू से ही ऐसे शिविरों का आयोजन करता आया है, ताकि विदेश में रह रहे बुजुर्गों को किसी परेशानी का सामना न करना पड़े। खास बात यह है कि यह शिविर ब्रिटिश कोलंबिया के एबॉट्सफोर्ड में खालसा दीवान सोसायटी के गुरुद्वारे में आयोजित था। शिविर की सूचना जैसे ही फैली, वहां सिखों का एक समूह जुट गया और भारतीय दूतावास के अधिकारियों के लिए मुसीबत खड़ी हो गई। खैर, किसी तरह से वहां से दूतावास के अधिकारियों को पुलिस सुरक्षा में निकाल लिया गया, पर ऐसा कोई भी घटनाक्रम बहुत अफसोसनाक है। भारतीय दूतावास की ओर से पहले भी यह चिंता जताई गई थी कि प्रदर्शनकारी सामान्य कामकाज में भी बाधा पहुंचाने लगे हैं। यह ज्यादा चिंता की बात है कि कनाडा सरकार अलगाववादियों के प्रति जरूरत से ज्यादा उदार है। इसका नतीजा यह है कि खालिस्तान समर्थक तत्वों ने भविष्य में भी ऐसी गतिविधियों को बाधित करने की धमकी दी है। अलगाववादी समूह ह्यसिख फॉर जस्टिसह्ण ने पूरे दुस्साहस के साथ कहा है कि जहां भी भारत के अधिकारी जाएंगे, खालिस्तान समर्थक तत्व उन्हें जवाबदेह ठहराने की कोशिश करेंगे। भारतीय अफसरों को घेरने की यह साजिश वास्तव में भारत के खिलाफ किया जा रहा एक गंभीर अपराध है। ऐसे दिग्भ्रमित भारत-शत्रुओं की पहचान करना जरूरी है, ताकि कनाडा सरकार पर कदम उठाने के लिए पर्याप्त दबाव बनाया जा सके। दरअसल, अलगाववादियों की यह कोशिश है कि भारतीय राजनयिकों का स्थानीय लोगों के साथ संपर्क टूट जाए। जब संपर्क टूट जाएगा, तब कनाडा में उनकी जमीन मजबूत हो जाएगी। अलगाववादियों की यह साजिश न सिर्फमुर्खतापूर्ण, बल्कि इतिहास व वर्तमान के विरुद्ध है। आज दुनिया का शायद ही कोई ऐसा बड़ा देश है, जो भारत से न जुड़ा हो। जिस देश में भारतीय मूल के लाखों लोग रहते हों, वह देश भला भारत से संपर्क कैसे तोड़ सकता है? कुल मिलाकर, जिस तरह से नई दिल्ली पर दबाव बढ़ाया जा रहा है, उससे दिग्भ्रमित लोगों को कोई लाभ नहीं होगा। ये लोग भारत और इसके राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करके खुद के लिए ही मुसीबतें बढ़ा रहे हैं। अपने विरुद्ध ऐसी अलगाववादी और नफरती सोच को कोई भी देश स्वीकार नहीं कर सकता। अतः कनाडा को भी जमीनी सच्चाइयों की पृष्ठभूमि में तार्किक ढंग से सोचना चाहिए।

# चौड़ी होती खाई

मणिपुर में एक हिंसक झड़प से शुरू हुए जातीय संघर्ष के छह महीने बाद भी, मैतेई और कुकी-जो समुदायों के बीच खाई को पाटने और दुश्मनी घटाने के लिहाज से ज्यादा कुछ बदला नहीं है। हर कुछ दिन के अंतराल पर, इस संघर्ष के किसी न किसी पक्ष की ओर से हिंसक वारदात या उकसावे को अंजाम दिया जाता है, जो तनाव को बढ़ा देता है तथा खाई को और भी ज्यादा चौड़ा कर देता है। साथ ही, सर्वाधिक हिंसाग्रस्त इलाकों में इस ढर्रे को पलटने और सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए कुछ नहीं किया जा रहा। बुधवार को, कुकी-जो समूहों की नुमाइंदगी करने वाले इंडिजिनस ट्राइबल लीडर्स फोरम (आईटीएलएफ) ने एलान किया कि वह आदिवासी बहुल जिलों में एक अलग ह्यमुख्यमंत्रीह्ण के साथ ह्यस्वशासनह्ण के लिए प्रयासरत है। यह अपने-अपने रुख में फिर उसी कड़ाई की ओर संकेत करता है जिसने संघर्ष को लंबा खींचा है। बिना कोई कानूनी आधार वाला इस तरह का कदम निश्चित रूप से मैतेई लोगों को भड़कायेगा, खासकर उनको जिनकी मुख्य शिकायतों में राज्य के पहाड़ी जिलों में आदिवासियों को विशेष भूमि स्वामित्व मिला होना शामिल है। यह एलान इंटेलिजेंस ब्यूरो की एक टीम और केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधिकारियों द्वारा चुराचांदपुर में बैठक किये जाने के एक हफ्ते बाद ही सामने आ गया। यह इस बात की ओर इशारा है कि मणिपुर में चीजें केंद्र सरकार के हाथ से फिसल रही हैं। कानून-व्यवस्था बनाये रखने में राज्य सरकार की विफलताओं के बावजूद, भाजपा-नीत राज्य सरकार के नेतृत्व में कोई बदलाव नहीं करके केंद्र सरकार ने बहुत कमजोर किस्म की शांति बनाये रखने की कोशिश की है। नेतृत्व परिवर्तन दूसरे लोगों के साथ-साथ कुकी-जो समुदाय के प्रतिनिधियों की मुख्य मांग रही है। इस बीच, इंफाल घाटी और पहाड़ी क्षेत्रों को जोड़ने वाले इलाकों में हिंसा को कुचलने के लिए केंद्र सरकार ने अर्धसैनिक बलों पर भरोसा किया है। राज्य में अनुच्छेद 355 लागू करने से इनकार के बावजूद, उसने शांति बनाये रखने के लिए इसके प्रावधानों का सहारा लिया है। जैसा कि दिख रहा है, यह चाल उस मैतेई पक्ष का समर्थन अपने साथ बनाये रखने के लिए चली गयी है जिसने राज्य सरकार के नेतृत्व में कोई भी बदलाव होने देने से इनकार कर दिया है और यह कुकी-जो समुदाय के राज्य पुलिस पर अविश्वास से निपटने के लिए भी है।

# क्यों देश को इंतजार है नोएडा एयरपोर्ट शुरू होने का


ANALYSIS



आर.के. सिन्हा

**यात्रियों को तीन-तीन घंटे लाइन में लगना पड़ना आज के दिन आम बात हो गई है। आईजीआई एयरपोर्ट पर साल-दर-साल यात्रियों की भीड़ बढ़ती ही चली जा रही है। आप जानते हैं कि आईजीआई से प्रतिदिन हजारों भारतीय सात समंदर पार यात्रा के लिए जा रहे हैं तो इतने ही दुनिया के अलग-अलग भागों से दिल्ली आ भी रहे होते हैं। पिछले साल 2022 में तो यह दुनिया के सबसे व्यस्त एयरपोर्ट की रैंकिंग में नौवें स्थान पर पहुंच गया। एयरपोर्ट काउंसिल इंटरनेशनल (एसीआई) की रिपोर्ट की माने तो आईजीआई एयरपोर्ट से साल 2022 में लगभग 5.95 करोड़ लोगों ने यात्रा की। यह भारत का सबसे व्यस्त एयरपोर्ट भी है। शायद यही वजह है कि आईजीआई एयरपोर्ट की वृहद् सुविधाएं भी भीड़ के सामने अब बौनी साबित होने लगी हैं। क्या कुछ साल पहले 31 मार्च, 2006 को जब आईजीआई शुरू हुआ था तो किसी ने भी यह सोचा था कि इधर मुसाफिरों की भारी भीड़ से सारी व्यवस्थाएं चरमराने लगेंगी? अगर इतिहास के पन्नों को पलटें तो पता चलेगा कि राजधानी दिल्ली में सबसे पहले 10 मार्च, 1931 को सफदरजंग एयरपोर्ट का विधिवत उद्घाटन हुआ था। हालांकि इससे दो बरस पहले 1929 में ही इसकी सांकेतिक स्थापना भी हो गई थी।**

अगर सब कुछ योजना के चलता रहा तो उत्तर प्रदेश के जेवर में तेजी से बन रहे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से पहली उड़ान अगले साल मार्च के महीने में अपने सफर पर चली जाएगी। यानी अब छह से भी कम महीनों का वक्त बचा है, इसे शुरू होने में। पहले कहा जा रहा था कि यहां से पहली फ्लाइट साल 2024 के अंत में ही उड़ान भरेगी। नोएडा एयरपोर्ट जितना जल्दी शुरू हो जाए उतना ही भारत आने और यहां से जाने वाले करोड़ों मुसाफिरों के लिए एक बड़ी राहत भरी खबर होगी। भारत सरकार का उड्डयन एवं गृह मंत्रालय और उत्तर प्रदेश सरकार मिल कर कोशिश कर रहे हैं ताकि नोएडा एयरपोर्ट वक्त से पहले ही शुरू हो जाए। नोएडा एयरपोर्ट का तुरंत बनना इसलिए भी जरूरी है ताकि इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट (आईजीआई) को यात्रियों की भीड़ से बचाया जा सके। इधर भीड़ के चलते बदइंतजामी और अराजकता के हालात बने रहते हैं। यात्रियों को तीन-तीन घंटे लाइन में लगना पड़ना आज के दिन आम बात हो गई है। आईजीआई एयरपोर्ट पर साल-दर-साल यात्रियों की भीड़ बढ़ती ही चली जा रही है। आप जानते हैं कि आईजीआई से प्रतिदिन हजारों भारतीय सात समंदर पार यात्रा के लिए जा रहे हैं तो इतने ही दुनिया के अलग-अलग भागों से दिल्ली आ भी रहे होते हैं। पिछले साल 2022 में तो यह दुनिया के सबसे व्यस्त एयरपोर्ट की रैंकिंग में नौवें स्थान पर पहुंच गया। एयरपोर्ट काउंसिल इंटरनेशनल (एसीआई) की रिपोर्ट की माने तो आईजीआई एयरपोर्ट से साल 2022 में लगभग 5.95 करोड़ लोगों ने यात्रा की। यह भारत का सबसे व्यस्त एयरपोर्ट भी है। शायद यही वजह है कि



आईजीआई एयरपोर्ट की वृहद् सुविधाएं भी भीड़ के सामने अब बौनी साबित होने लगी हैं। क्या कुछ साल पहले 31 मार्च, 2006 को जब आईजीआई शुरू हुआ था तो किसी ने भी यह सोचा था कि इधर मुसाफिरों की भारी भीड़ से सारी व्यवस्थाएं चरमराने लगेंगी? अगर इतिहास के पन्नों को पलटें तो पता चलेगा कि राजधानी दिल्ली में सबसे पहले 10 मार्च, 1931 को सफदरजंग एयरपोर्ट का विधिवत उद्घाटन हुआ था। हालांकि इससे दो बरस पहले 1929 में ही इसकी सांकेतिक स्थापना भी हो गई थी। तब इसका नाम विलिंग्डन एयर फील्ड था। फिर इसका कुछ समय के बाद नाम कर दिया गया विलिंग्डन एयरपोर्ट। देश के आजाद होते ही विलिंग्डन एयरपोर्ट का नाम हो गया सफदरजंग एयरपोर्ट। बताते हैं, इधर कुछ विमान 1927 से ही उतरने लगे थे। दूसरे विश्व युद्ध में इसका मित्र देशों की सेनाओं ने भरपूर इस्तेमाल भी किया था। दिल्ली का यही 1962 तक मुख्य हवाई अड्डा रहा। उसके बाद पालम एयरपोर्ट बना। सफदरजंग एयरपोर्ट को सुरक्षा कारणों से 2002 में बंद कर दिया गया। इसे अमेरिका में 26/11 की भयंकर घटना को देखते हुए बंद किया गया क अब भी यहीं से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और अन्य अति विशिष्ट हस्तियां अपने सफर पर निकलते हैं। फिर वर्तमान में लौटते हैं। आईजीआई के शुरू होने के 20 साल के भीतर ही देश को एक नए विश्व स्तरीय एयरपोर्ट की जरूरत महसूस हुई। यह सुबूत है कि देश के एविएशन सेक्टर का तेजी से विकास और विस्तार हो रहा है। इसलिए ही ग्रेटर नोएडा में जेवर एयरपोर्ट को बनाने पर निर्णय लिया गया। जान लें कि तीस हजार करोड़ रुपये की लागत से 1334 हेक्टेयर में बन रहा जेवर एयरपोर्ट भारत का सबसे बड़ा एयरपोर्ट होगा। फिलहाल यात्रियों की आवाजाही के लिहाज से आईजीआई देश का सबसे बड़ा एयरपोर्ट है। एक बात और। जेवर एयरपोर्ट की टिकटें आईजीआई के मुकाबले सस्ती होंगी। ऐसा दिल्ली और यूपी में एटीएफ (एविएशन टर्बाइन फ्यूल) शुल्क में अंतर के कारण संभव होगा। आईजीआई की तुलना में यात्रियों को प्रति टिकट 1,500 रुपये की बचत होगी। एविएशन मंत्रालय ने अनुमान लगाया है कि जब जेवर एयरपोर्ट से विमानों का परिचालन शुरू हो जाएगा तो यहां से सालाना 1.2 करोड़ यात्रियों की आवाजाही होने लगेगी। यहां से देश के विभिन्न शहरों के लिए विमान सेवा शुरू होंगी। उदाहरण के रूप में दिल्ली-मुंबई के बीच में प्रतिदिन लगभग 100 उड़ानें हैं। उनमें से करीब आधे को जेवर से संचालित किया जा सकता है। इसी तरह से बेंगलुरु, चेन्नई, काशी, पटना, रांची, लेह, गोवा और देश के दूसरे भागों में यहां से विमान उड़ सकते हैं। इसके अलावा लंदन, दुबई, ज्यूरिख या अमेरिका के शहरों को जाने वाली कुछ उड़ानें भी यहां से शुरू की जा सकती हैं। जेवर एयरपोर्ट से नोएडा और ग्रेटर नोएडा में रहने वाले हजारों विदेशी नागरिकों को भी लाभ होगा जो ऑफिस के काम से लगातार हवाई सफर करते रहते हैं। नोएडा और ग्रेटर नोएडा में बड़ी तादाद में दक्षिण कोरिया और जापान के नागरिक रहते हैं। इनमें पेशेवर, इंजीनियर, उद्यमी आदि शामिल हैं। आईजीआई की भीड़ कम करने, यात्रियों की सहूलियत बढ़ाने के लिए इसे जेवर एयरपोर्ट से जोड़ा जाएगा। इसके लिए 74 किलोमीटर लंबा मेट्रो कॉरिडोर बनना भी तय है, जिस पर 120 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से मेट्रो दौड़ेगी। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार जेवर एयरपोर्ट को एयर कार्गो का हब भी बनाना चाहती है। इसके साथ ही एयरपोर्ट पर 40 एकड़ में एमआरओ (मेंटीनेंस रिपेयरिंग एंड ओवर हॉलिंग) की सुविधा दी जाएगी। यानी यहीं देश विदेश के विमानों की सर्विसिंग भी इसी एयरपोर्ट पर होगी। वर्तमान में भारत के 85 प्रतिशत विमानों को एमआरओ के लिए विदेश भेजना पड़ता है, जिसपर प्रतिवर्ष 15 हजार करोड़ रुपए खर्च होते हैं। कई बडी एयरलाइंस कंपनियों ने जेवर एयरपोर्ट को एशिया पैसिफिक ट्रांजिट हब बनाने में भी दिलचस्पी दिखाई है। इसमें एयर इंडिया, एयर एशिया, विस्तारा, इंडिगो आदि शामिल है। इससे एयरपोर्ट में यात्रियों की संख्या में वृद्धि होगी। योगी आदित्यनाथ की अगुवाई वाली राज्य सरकार जेवर एयरपोर्ट को कनेक्टिविटी के मॉडल के रूप में विकसित कर रही है। यहां आने-जाने के लिए टैक्सी, मेट्रो और रेल तक की कनेक्टिविटी सुगम होगी। एयरपोर्ट से निकलते ही यात्री सीधे यमुना एक्सप्रेस-वे और नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे तक जा सकते हैं। यूपी, दिल्ली, हरियाणा कहीं भी जाना है तो थोड़ी सी देर में पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे पहुंच सकते हैं। इससे यह तो साफ है कि जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनने से आईजीआई की भीड़ काफी हद तक छंट जाएगी।

**(लेखक, वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)**

# छठ महापूजा है सूर्योपासना का महापर्व

आस्था और निष्ठा का अनुपम लोकपर्व 'छठ' उत्तर भारत, विशेषकर बिहार, झारखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश तथा नेपाल के तराई क्षेत्रों में मनाया जाने वाला सूर्योपासना का महापर्व है। यह पर्व सूर्य, उनकी पत्नी उषा तथा प्रत्यूषा, प्रकृति, जल, वायु और सूर्य की बहन छठी मैया को समर्पित है। उषा तथा प्रत्यूषा को सूर्य की शक्तियों का मुख्य स्रोत माना गया है। इसीलिए छठ पर्व में सूर्य तथा छठी मैया के साथ इन दोनों शक्तियों की भी आराधना की जाती है। षष्ठी देवी को ही छठ मैया कहा गया है, जो निसंतानों को संतान देती हैं और संतानों की रक्षा कर उनको दीघार्यु बनाती हैं। पुराणों में षष्ठी देवी का एक नाम कात्यायनी भी है, जिनकी पूजा नवरात्र में षष्ठी को होती है। माना जाता है कि छठ पर्व में सूर्य की उपासना करने से छठी माता प्रसन्न होकर घर-परिवार में सुख-समृद्धि, रोगमुक्ति, सम्पन्नता और मनोवांछित फल प्रदान करती हैं। छठ पूजा इस वर्ष 17 नवंबर से 20 नवंबर तक मनाई जा रही है। नहाय-खाय 17 नवंबर को और खरना 18 नवंबर को है जबकि छठ की मुख्य पूजा संध्या अर्ध्य के साथ 19 नवंबर को होगी। उगते सूर्य को अर्ध्य 20 नवंबर को दिया जाएगा और उसी के साथ छठ महापूजा का समापन होगा। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार सूर्य देवता की बहन छठी मैया संतानों की रक्षा कर उन्हें लंबी आयु प्रदान करती हैं। प्रातःकाल में सूर्य की पहली किरण (उषा) और सायंकाल में सूर्य की अंतिम किरण (प्रत्यूषा) को अर्ध्य देकर दोनों को नमन किया जाता है। सूर्योपासना का महापर्व छठ कार्तिक शुक्ल पक्ष की षष्ठी को मनाया जाता है, इसीलिए इसे छठ कहा जाता है। इस चार दिवसीय उत्सव की शुरूआत कार्तिक शुक्ल चतुर्थी के दिन 'नहाय खाय' से होती है, अगले दिन 'खरना' होता है, तीसरे दिन छठ का प्रसाद तैयार किया जाता है और स्नान कर अस्त होते सूर्य को अर्ध्य दिया जाता है, सप्तमी को चौथे और अंतिम दिन उगते सूर्य की पूजा-आराधना के साथ इस महापर्व का समापन होता है। छठ पर्व के प्रसाद में प्रायः चावल के लड्डू बनाए जाते हैं और बांस की टोकरी में प्रसाद तथा फल सजाकर इस टोकरी की पूजा की जाती है। व्रत रखने वाली महिलाएं सूर्य को अर्ध्य देने तथा पूजा के लिए तालाब, नदी अथवा घाट पर जाकर स्नान कर डूबते हुए सूर्य की पूजा करती हैं और अगले दिन सूर्योदय के समय सूर्य को अर्ध्य देकर पूजा करने के पश्चात प्रसाद बांटकर छठ पूजा का समापन होता है। सही मायनों में यह महापर्व जीवनदायी सूर्यदेव के प्रति आभार प्रकट करने का महापर्व है। छठ महापर्व की शुरूआत को लेकर कई कथाएं प्रचलित हैं। ऐसी मान्यता है कि लोक मातृका षष्ठी की पहली पूजा सूर्यदेव ने ही की थी। सूर्य को ज्योतिष विधा में सभी ग्रहों का अधिपति माना गया है। इसीलिए मान्यता है कि यदि समस्त ग्रहों को प्रसन्न करने के बजाय केवल सूर्यदेव की ही आराधना की जाए तो कई लाभ मिल सकते हैं। माना जाता है कि सर्वप्रथम महाबली कर्ण ने ही सूर्यदेव की पूजा शुरू की थी और आज भी छठ पर्व में सूर्य को अर्ध्य देने का विशेष महत्व है। सूर्यपुत्र कर्ण तो भगवान सूर्य के परम भक्त थे, जो प्रतिदिन घंटों तक कमर तक पानी में खड़े होकर सूर्यदेव को अर्ध्य दिया करते थे। सूर्यदेव की कृपा से ही वे महान योद्धा बने थे। एक मान्यता यह भी है कि देवमाता अदिति ने प्रथम देवासुर संग्राम में असुरों से देवताओं के हार जाने पर तेजस्वी पुत्र की प्राप्ति के लिए देवारण्य के देव सूर्य मंदिर में छठी मैया की आराधना की थी। छठी मैया ने उनकी आराधना से प्रसन्न होकर उन्हें सर्वगुण सम्पन्न तेजस्वी पुत्र को जन्म देने का वरदान दिया, जिसके बाद अदिति ने त्रिदेव रूप आदित्य भगवान को जन्म दिया, जिन्होंने देवताओं को असुरों पर विजय दिलाई। कहा जाता है कि तभी से छठ पर्व मनाए जाने का चलन शुरू हो गया। इस पर्व को लेकर कुछ मान्यताएं महाभारत काल से भी जुड़ी हैं। पौराणिक कथाओं के अनुसार पांडव जब अपना सारा राजपाट जुआ में हार गए थे, तब श्रीकृष्ण के निदेशानुसार द्रौपदी ने छठ व्रत रखा और छठी मैया के आशीर्वाद से उनकी मनोकामनाएं पूर्ण होने पर पांडवों को राजपाट वापस मिला। पांडवों की पत्नी द्रौपदी द्वारा परिजनों के उत्तम स्वास्थ्य की कामना और लंबी आयु के लिए नियमित रूप से सूर्य की पूजा करने का उल्लेख भी मिलता है। छठ पूजा के अवसर पर नदियों, तालाबों इत्यादि के किनारे पूजा की जाती है, जिससे लोगों को इन जलस्रोतों के आसपास साफ-सफाई रखने की प्रेरणा मिलती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार छठ पूजा साफ-सुथरी नदी, तालाबों या अन्य जलस्रोतों के किनारे की जाती है, इसीलिए पूजा से पहले इन जलस्रोतों के आसपास पूरी साफ-सफाई करने का विधान है। यह महापर्व नदियों को प्रदूषण से मुक्त करने का प्रेरणा देता है, इसीलिए इसे सर्वाधिक पर्यावरण अनुकूल हिन्दू त्योहार माना जाता है।

## Social Media Corner

**सच के हक में...**



जवाबदेही के साथ पारदर्शिता अच्छे प्रशासन का मूल सिद्धांत है, जो सार्वजनिक सेवाओं की सफल डिलीवरी सुनिश्चित करती है। आज राजभवन में ओड़िशा प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षुओं के साथ बातचीत की। उनके उज्जवल और सफल भविष्य की कामना की।

**(पूर्व सीएम रघुबर दास के ट्विटर अकाउंट से)**



लोक आस्था एवं सूर्य उपासना के महापर्व छठ पूजा के शुभारंभ नहाय खाय की हार्दिक शुभकामनाएं ' छठी मईया और भगवान भास्कर व्रतधारी माताओं की सभी कामनाएं पूर्ण करें।

**(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी के ट्विटर अकाउंट से)**



संयुक्त बिहार के समय बिहार सरकार में मंत्री रहे, मझगांव विधानसभा से पूर्व विधायक आदरणीय श्री गोवर्धन नायक जी के निधन की दु:खद खबर मिली। आदरणीय गोवर्धन जी अत्यंत सरल स्वभाव के व्यक्ति थे। परमात्मा दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दु:ख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दे।

**(मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के ट्विटर अकाउंट से)**

# म्यांमार में घमासान

पिछले महीने के अंत में म्यांमार के विभिन्न हिस्सों में जुंटा के खिलाफ देश के जातीय विद्रोहियों द्वारा किए गए समन्वित हमले अब तक के सबसे स्पष्ट संकेत हैं कि तख्तापलट शासन को बहुत ज्यादा जोर आजमाइश करनी पड़ रही है। जातीय अल्पसंख्यक सशस्त्र समूहों के गठबंधन, ह्यथ्री ब्रदरहुड एलायंसह्ण ने चीन से सटे म्यांमार की सीमा पर स्थित इलाकों में दखल हासिल कर लेने और दर्जनों जुंटा बलों के आत्मसमर्पण करने का दावा किया है। अशांत राखीन राज्य और भारत की सीमा से लगे चिन राज्य में झड़पें हुई हैं। युद्ध के मैदान में कई झटके झेलने को मजबूर, जुंटा की जवाबी प्रतिक्रिया हवाई हमले के रूप में हुई है। इन हवाई हमलों में भारी संख्या में आम नागरिक हताहत हुए हैं। चुनौतियों की एक विरले स्वीकारोक्ति में, सेना द्वारा नियुक्त राष्ट्रपति माइंट स्वे ने हाल ही में कहा कि ह्यइस मुद्दे (विद्रोहियों के हमले) को सावधानीपूर्वक नियंत्रित किया जाना जरुरी हैह्ण। जब फरवरी 2021 में सेना ने आंग सान सू की की चुनी हुई सरकार को उलट दिया, तो उसका पहला कदम व्यवस्था कायम करने के लिए बल प्रयोग करने का था। सेना ने सुश्री सू की सहित अधिकांश लोकतंत्र समर्थक राजनेताओं को जेल में डाल दिया और विरोध प्रदर्शनों पर हिंसक कार्रवाई की। हिमायती समूहों के मुताबिक, तब से सेना द्वारा 4,000 से ज्यादा नागरिकों और लोकतंत्र समर्थक कार्यकताओं को मार डाला गया है और लगभग 20,000 लोगों को जेल में डाल दिया गया है। संयुक्त राष्ट्र का अनुमान है कि 1.7 मिलियन लोगों को बेघर होने को मजबूर कर दिया गया है। लेकिन जुंटा की हिंसा से देश में स्थिरता कायम करने में शायद ही कोई मदद मिली। म्यांमार दशकों से जातीय अल्पसंख्यकों की हिंसा से रूबरू रहा है। लेकिन अतीत में, बर्मी समाज में मुख्य राजनीतिक विरोधाभास सुश्री सू की अगुवाई में लोकतंत्र समर्थक आंदोलन द्वारा किया गया शांतिपूर्ण संघर्ष था। लेकिन इस बार, लोकतंत्र समर्थक आंदोलन ने शांतिपूर्ण प्रतिरोध के सू कियान मॉडल को त्याग दिया और एक भूमिगत सरकार बनाई, एक मिलिशिया विंग की स्थापना की और जातीय विद्रोहियों के साथ हाथ मिलाया ञ्च यह एक ऐसा नतीजा था जिसकी उम्मीद तख्तापलट शासन ने नहीं की थी। पिछले दो सालों में, नई राजनीतिक हकीकतें सामने आई हैं। विद्रोहियों ने पर्याप्त इलाकों में दखल हासिल कर लिया है और जुंटा पर संचालन संबंधी दबाव बनाए रखते हुए कई मोर्चे खुले रखे हैं। जनरलों को क्षेत्रीय स्तर पर भी अलगाव का सामना करना पड़ रहा है, खासकर आसियान में। विद्रोहियों के नए हमलों और उसकी वजह से कई इलाकों का हाथ से निकल जाना नुकसान जनरल मिन आंग ह्लाइंग के शासन के बढ़ते संकट की ओर इशारा करते हैं। जुंटा के पास कोई आसान विकल्प उपलब्ध नहीं है। एक सैन्य समाधान असंभव दिखता है। जुंटा बातचीत के लिए आगे नहीं आया है; लेकिन विविधता भरी नई पीढ़ी के नेताओं की अगुवाई में विद्रोहियों ने जनरलों से राजनीति से दूर हटने और फिर शांति की तलाश के लिए बातचीत करने को कहा है। उन्होंने जातीय अल्पसंख्यक क्षेत्रों के लिए अपेक्षाकृत ज्यादा स्वायत्तता वाली संघीय लोकतांत्रिक व्यवस्था की मांग की है। अगर हिंसा जारी रहती है, खासकर भारत और चीन की सीमा से लगे इलाकों में, तो इसके क्षेत्रीय असर होंगे। आसियान के साथ प्रमुख क्षेत्रीय शक्तियों को म्यांमार में युद्धविराम कराने के लिए ज्यादा सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए, सार्थक बातचीत के लिए मंच तैयार करना चाहिए जिसका मकसद लोकतंत्र और आजादी को बहाल करना हो।

# पवित्रता के नाम पर

गृह मामलों से जुड़ी संसदीय समिति ने सरकार से यह सिफारिश की है कि एडल्टरी (व्याभिचार) को फिर से अपराध घोषित किया जाए। ध्यान रहे, पांच साल पहले तक अपने देश में एडल्टरी को ह्वढ3 की धारा 497 के तहत अपराध ही माना जाता था। 2018 में सुप्रीम कोर्ट की पांच सदस्यों वाली बेंच ने फैसला दिया कि इसे कानूनन अपराध ह्यनहीं माना जा सकता और न ही माना जाना चाहिएह्ण। अब जब संसदीय समिति ने इसे फिर से अपराध की श्रेणी में रखने की जरूरत बताई है तो सवाल उठता है कि इन पांच सालों में आखिर ऐसा क्या बदल गया है। अपने फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने ठोस वजह बताई थी इस कानून को निरस्त करने की। उसका कहना था कि 163 साल पुराना, औपनिवेशिक काल का बना यह कानून पति को पत्नी का मालिक मानने की अवधारणा पर आधारित है। दिलचस्प है कि संसदीय समिति ने भी अपनी रिपोर्ट में प्रस्तावित प्रावधान को जेंडर न्यूट्रल रखने की जरूरत बताई है, जिसका मतलब है कि परोक्ष रूप से वह भी सुप्रीम कोर्ट के फैसले की भावना से सहमत है। फिर भी अगर वह एडल्टरी को अपराध मानने की वकालत कर रही है तो इसके पीछे उसकी मुख्य दलील यही है कि भारतीय समाज में विवाह संस्था को काफी पवित्र माना जाता है और इसकी पवित्रता को सुरक्षित रखने की जरूरत है। मगर एडल्टरी को अपराध घोषित करने से विवाह की पवित्रता कैसे बरकरार रहती है, यह बात संसदीय समिति भी नहीं बताती। किसी शादी का सबसे बड़ा आधार है विश्वास और आपसी प्रेम। विवाह की सफलता के ही लिए नहीं, उसकी पवित्रता के लिए भी जरूरी है कि ये दोनों आधार सुरक्षित रहें। अगर किसी वजह से ये आधार टूटते हैं, आपसी प्रेम भाव में कमी आती है या किसी एक पार्टनर के मन में अविश्वास पनपता है तो क्या सजा पाने के डर से उस शादी को जबरन बनाए रखना शादी की पवित्रता कायम रखना है? क्या यह सुनिश्चित करना सबके लिए बेहतर नहीं है कि शादी जब तक रहे तब तक उसमें प्यार और विश्वास बना रहे और जब इसमें कमी आए तो जबरन ढोते रहने के बजाय इस रिश्ते को आसानी से उसके स्वाभाविक अंजाम की ओर बढ़ने दिया जाए ताकि उसके बाद भी जीवन किसी के लिए बोझ न बने? संभवतः इसी सोच और भावना के तहत सुप्रीम कोर्ट ने 2018 के अहम फैसले में कहा था कि एडल्टरी सिविल ऑफिंस का आधार जरूर हो सकता है, इसे तलाक का आधार बनाया जा सकता है, लेकिन क्रिमिनल ऑफिंस नहीं माना जा सकता।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, Jharkhand-835222, and Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. Editor- Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

### हिमाचल में क्षमता का विस्तार करेगा स्टीलबर्ड,

# ब्लूटूथ हेलमेट करेगा लॉन्च

चेन्नई।

कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि 60 साल पुराने स्टीलबर्ड हाई-टेक इंडिया लिमिटेड में काम प्रगति पर है। इसमें 105 करोड़ रुपये की लागत से प्रतिदिन 50,000 हेलमेट की उत्पादन क्षमता बढ़ाना, तमिलनाडु में एक नए संयंत्र की खोज करना, अपनी खुदरा पहुंच का विस्तार करना, ब्लूटूथ वेरिएंट सहित प्रीमियम हेलमेट की एक रेंज लॉन्च करना शामिल है। प्रबंध निदेशक राजीव कपूर ने आईएएनएस को बताया, हम उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए अपने हिमाचल प्रदेश संयंत्र में 105 करोड़ रुपये का निवेश कर रहे हैं। अगले साल तक हम मौजूदा 30,000 हेलमेट से प्रतिदिन 50,000 हेलमेट बनाएंगे। कपूर के मुताबिक, कंपनी दो चरणों में तमिलनाडु के होसुर में एक ग्रीनफील्ड प्लांट स्थापित करने की संभावना भी तलाश रही है। पहले चरण में 100 करोड़ और दूसरे चरण में 150 करोड़ रुपये का निवेश होगा। उन्होंने कहा कि कंपनी प्रस्तावित 30,000 हेलमेट प्रतिदिन संयंत्र के लिए होसुर में जमीन तलाश रही है। वर्ष 2024 550 करोड़ रुपये के टर्नओवर वाले स्टीलबर्ड के लिए एक व्यस्त वर्ष होगा, क्योंकि यह लगभग 10 नए हेलमेट लॉन्च करेगा, जिनमें स्केटर्स के लिए कार्बन फाइबर से बने, बिल्ट-इन ब्लूटूथ के साथ, 15,000-20,000 रुपये की लागत वाले हाई एंड वेरिएंट और अन्य शामिल हैं। उनके अनुसार, भारत में संगठित हेलमेट बाजार का आकार लगभग 2,000 करोड़ रुपये होगा। मात्रा के संदर्भ में, भारतीय हेलमेट बाजार प्रति वर्ष लगभग 80 मिलियन यूनिट का होगा, जिसमें संगठित और असंगठित की हिस्सेदारी समान रूप से होगी। कपूर ने कहा, किसी दुर्घटना में जान बचाने में गुणवत्ता वाले हेलमेट के महत्व के बारे में अधिक जागरूकता के साथ, लोग अब ब्रांडेड हेलमेट की ओर रुख कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक महिलाओं के दोपहिया वाहन चलाने के साथ, खुले चेहरे वाले हेलमेट की बिक्री बढ़ गई है और बिक्री का हिस्सा 40 प्रतिशत है, जबकि पूरे चेहरे वाले हेलमेट की हिस्सेदारी 60 प्रतिशत है, जिसे बड़े पैमाने पर पुरुषों द्वारा खरीदा जाता है।

कपूर ने कहा, पूरा चेहरा: खुले चेहरे वाले हेलमेट की प्राथमिकता भी बाजार-दर-बाजार अलग-अलग होती है।

## विश्व में पहली बार आरआरटीएस कनेक्ट ऐप पर मिलेगी अनोखी वन-टैप टिकट बुकिंग

गाजियाबाद।

नमो भारत ट्रेनों में यात्रा को और भी सुविधाजनक बनाने के लिए एनसीआरटीसी ने 'आरआरटीएस कनेक्ट' मोबाइल ऐप के माध्यम से 'वन-टैप टिकटिंग' की सुविधा शुरू की है, जो अपने तरीके की विश्व की पहली ऐसी सुविधा है। यह अपने आप में एक ऐसा अनोखा फीचर है, जो यात्रियों को आरआरटीएस स्टेशन परिसर के 300 मीटर के दायरे में कहीं से भी, केवल एक टैप से, आरआरटीएस कनेक्ट ऐप पर यात्रा के लिए क्यूआर कोड जनरेट करने की आज़ादी देगा। इस फीचर की मदद से यात्री को अपने गंतव्य स्थान तक पहुंचने के लिए क्यूआर कोड जनरेट करने के लिए न ही तो ऐप में गंतव्य स्थान लिखने और न ही यात्रा के लिए एडवांस टिकट बुक करने की ज़रूरत है।

सिर्फ ऐप में वन टैप बुकिंग पर क्लिक करते ही यात्रा के लिए क्यूआर टिकट जेनेरेट हो जायगा। वर्तमान समय में लोगों के पास समय की कमी है और लोग इतने व्यस्त हैं कि उनका शेड्यूल कभी-कभी उन्हें पहले से यात्रा की योजना बनाने की अनुमति नहीं देता है।

ऐसी परिस्थिति में निर्बाध और परेशानी मुक्त यात्रा अनुभव सुनिश्चित करने के एनसीआरटीसी के प्रयासों के अनुरूप, यह पहल यात्रियों को सहजता से यात्रा करने की सुविधा प्रदान करेगी और यात्रा के दौरान बिना किसी दुविधा के यात्री अपना गंतव्य स्थान भी बदल सकेंगे। यह इनोवेटिव वन-टैप बुकिंग सुविधा यात्रियों के लिए टिकटिंग प्रक्रिया को तेज और सुविधाजनक बनाती है। इससे टिकट खरीदने की प्रक्रिया में डिजिटल क्यूआर कोड जेनेरेट करने के लिए ऐप में न ही प्रस्थान स्टेशन और न ही गंतव्य स्टेशन का चयन करने की आवश्यकता होगी। आम तौर पर ऐसे किसी भी ऐप को यात्रा की शुरुआत में प्रस्थान और गंतव्य चयन की आवश्यकता होती है, जिससे यात्रा के दौरान गंतव्य स्थान नहीं बदला जा सकता। इस नए जमाने की सुविधा का लाभ उठाने के लिए, यात्रियों को 'आरआरटीएस कनेक्ट' मोबाइल एप्लिकेशन डाउनलोड करना होगा और इसका लाभ उठाने के लिए कुछ सरल शर्तें सुनिश्चित करनी होंगी। यात्रियों को इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए अपने ई-वॉलेट को मोबाइल एप्लिकेशन से लिंक करना होगा और ई-वॉलेट में न्यूनतम राशि रखनी अनिवार्य होगी, जो केवल 100 रुपए होगी।

## एप्पल ने अपनी बेहद जरूरी सर्विस को एक साल के लिए बढ़ाया, यूजर्स हुए खुश

सैन फ्रांसिस्को।

प्रीमियम स्मार्टफोन बनाने वाली कंपनी एप्पल ने अपने आईफोन 14 के यूजर्स के लिए एक विशेष सर्विस को एक साल के लिए बढ़ा (एक्सटेंड कर) दिया है। एप्पल के फोन में इमरजेंसी एसओएस एक महत्वपूर्ण सर्विस मिलती है। कंपनी ने पिछले साल नवबंर 2022 में आईफोन 14 के यूजर्स के लिए यह सर्विस लांच की थी। नए ऐलान के बाद यह सेवा अब नवबंर 2024 तक जारी रहेगी। बता दें कि सर्विस तब काम आती है, जब यूजर किसी मुसीबत में हो और किसी से संपर्क करने के लिए न तब नेटवर्क उपलब्ध हो और न ही वाई-फाई सुविधा उपलब्ध हो। इस सेवा का इस्तेमाल करके बहुत से लोगों ने अपने करीबियों को जानकारी भेजकर मुसीबत के समय में अपनी जान बचाई है। इसी वजह से एप्पल की यह सर्विस काफी चर्चा में भी रहती है। एप्पल ने आईफोन 14 के यूजर्स को बिना किसी शुल्क एक और साल के लिए यह सर्विस देकर खुश कर दिया है।

आईफोन बनाने वाली कंपनी ने इसकी पुष्टि की है। कंपनी ने कहा है कि वह आईफोन उपयोगकर्ताओं के लिए सैटेलाइट फीचर के माध्यम से इमरजेंसी एसओएस के दो साल के निःशुल्क परीक्षण को एक और साल के लिए बढ़ा रही है। एप्पल के वर्ल्डवाइड आईफोन प्रोडक्ट मार्केटिंग के उपाध्यक्ष कैयन डांस ने कहा, हम बहुत खुश हैं कि आईफोन 14 और आईफोन 15 के यूजर 2 वर्षों के लिए इस स्पेशल सर्विस का मुफ्त में लाभ उठा सकते हैं। फिलहाल सैटेलाइट के माध्यम से आपातकालीन एसओएस ऑस्ट्रेलिया, ऑस्ट्रिया, बेल्जियम, कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, आयरलैंड, इटली, लक्ज़मबर्ग, नीदरलैंड, न्यूजीलैंड, पुर्तगाल, स्पेन, स्विट्जरलैंड, यूके और यूएस में उपलब्ध है। यह सुविधा भारत में कब आएगी, इस बारे में कोई जानकारी नहीं मिली है।

सैटेलाइट कनेक्टिविटी क्षमता के आधार पर, ग्रिड से बाहर यात्रा करने वाले आइफोन 14 उपयोगकर्ता, जो कि ऐसी जगह पर हैं जहां सेलुलर या वायरलेस कनेक्टिविटी नहीं है, फाइंड माई एप का भी उपयोग कर सकते हैं। इसका इस्तेमाल करके सैटेलाइट के माध्यम से दोस्तों और परिवार के साथ अपने स्थान के बारे में जानकारी दे सकते हैं। एप्पल ने अमेरिका में सैटेलाइट फीचर के माध्यम से रोडसाइड असिस्टेंस की भी शुरुआत की थी।

## लखनऊ-पटना में पेट्रोल और डीजल महंगा, नोएडा में सस्ता

नई दिल्ली।

वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और बढ़त दोनों नजर आ रही है। शुक्रवार को डब्ल्यूटीआई क्रूड 73.18 डॉलर प्रति बैरल पर बिक रहा है। वहीं ब्रेंट क्रूड 77.42 डॉलर प्रति बैरल पर लुढ़क गया है। देश में तेल मार्केटिंग कंपनियों ने शुक्रवार को अधिकांश राज्यों में पेट्रोल और डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया है। जिन कुछ राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों में कीमतों में उतार-चढ़ाव दिख रहा है, उनमें गोवा, जम्मू-कश्मीर, पंजाब व तेलंगाना शामिल हैं। यहां ईंधन के दाम में बेहद मामूली बदलाव ही नजर आ रहा है। चारों महानगरों में से कहीं भी पेट्रोल और डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं है। वहीं दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये और डीजल 90.08 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर, चेन्नई में



पेट्रोल 102.74 रुपये और डीजल 94.33 रुपये प्रति लीटर, नोएडा में पेट्रोल 96.59 रुपये और डीजल 89.76 रुपये प्रति लीटर हो गया है।

गाजियाबाद में 96.34 रुपये और डीजल 89.52 रुपये प्रति लीटर हो गया है। लखनऊ में पेट्रोल 96.80 रुपये और डीजल 89.99 रुपये प्रति लीटर हो गया है। पटना में पेट्रोल 107.59 रुपये और डीजल 94.36 रुपये प्रति लीटर हो गया है। पोर्टब्लेयर में पेट्रोल 84.10 रुपये और डीजल 79.74 रुपये प्रति लीटर हो गया है।

# ओला बनी सबसे ज्यादा इलेक्ट्रिक स्कूटर बेचने वाली कंपनी

### - इस ई-स्कूटर का बढ़ रहा दबदबा

नई दिल्ली।

पिछले महीने ओला घरेलू बाजार में सबसे ज्यादा इलेक्ट्रिक स्कूटर बेचने वाली कंपनी रही। वर्तमान ओला कंपनी देश में तीन ई-स्कूटर मॉडल ओला एस1 प्रो, ओला एस1 और ओला एस1 एयर की बिक्री कर रही है। अक्टूबर 2023 में ओला ने 22,284 यूनिट्स बेचीं, जबकि सितंबर 2023 में कंपनी ने 18,691 यूनिट्स बेची थीं। कंपनी ने महीने-दर-महीने 19.2 प्रतिशत की वृद्धि हासिल की है। दूसरे स्थान पर होसुर स्थित मोटरसाइकिल निर्माता टीवीएस की आईक्यूब इलेक्ट्रिक स्कूटर है। अक्टूबर 2023 में टीवीएस ने आईक्यूब की 15,603 यूनिट्स बेचीं, जबकि सितंबर 2023 में 15,584 यूनिट्स बेची गई थीं। आईक्यूब की बिक्री में 0.1 प्रतिशत की मामूली महीने दर-महीने की वृद्धि दर्ज की गई है। चेतक सबसे ज्यादा बिकने वाले इलेक्ट्रिक स्कूटर की लिस्ट में तीसरे पायदान पर है। यह बजाज की एकमात्र फुल-इलेक्ट्रिक पेशकश है। बजाज ने अक्टूबर 2023 में चेतक की 8,430 यूनिट्स बेचीं, जिसमें 18.7 प्रतिशत की महीने-दर-महीने की वृद्धि दर्ज की गई। इसकी तुलना में, बजाज ने सितंबर 2023 में चेतक की 7,097 यूनिट्स बेची थीं।सबसे सफल ईवी स्टार्टअप्स में से एक, एथर टॉप 5 कंपनियों की सूची में चौथे स्थान पर है। एथर ने पिछले महीने 8,027 यूनिट्स इलेक्ट्रिक स्कूटर बेचीं हैं। एथर भारतीय बाजार में 450एक्स इलेक्ट्रिक स्कूटर की बिक्री कर रही है। बेंगलुरु स्थित स्टार्टअप ने सितंबर 2023 में 7,151 यूनिट्स बेचकर 12.2 प्रतिशत की महीने-दर-महीने की वृद्धि दर्ज की है।

अक्टूबर 2023 में सबसे ज्यादा बिकने वाले इलेक्ट्रिक स्कूटरों की सूची में ग्रीव्स इलेक्ट्रिक भी शामिल है। कंपनी ने पिछले महीने 4,019 इलेक्ट्रिक



स्कूटरों की बिक्री की है। इसकी तुलना में, कंपनी ने इस साल सितंबर में 3,612 यूनिट्स बेचीं थीं। कंपनी ने अक्टूबर की बिक्री में 11.2 प्रतिशत की महीने-दर-महीने की वृद्धि दर्ज कराई है। बता दें कि इलेक्ट्रिक स्कूटर बाजार महीने-दर-महीने बढ़ता जा रहा है। अक्टूबर 2023 में कुल 71,604 इलेक्ट्रिक स्कूटर बेचे गए हैं।



## 70 सप्ताह तक पहुंचा थार का वेटिंग पीरियड

**नई दिल्ली।** महिंद्रा थार को हर महीने 10 हजार से अधिक की बुकिंग मिल रही है। इसका वेटिंग पीरियड 70 सप्ताह तक पहुंच गया है। आरडब्ल्यूडी हार्ड-टॉप डीजल वेरिएंट पर 70 सप्ताह का वेटिंग पीरियड है। इसके पेट्रोल वेरिएंट पर बुकिंग के दिन से ही लगभग 22 सप्ताह तक का वेटिंग पीरियड चल रहा है। अगर आप इसके 4डब्ल्यूडी वेरिएंट को घर ले जाने की प्लानिंग कर रहे हैं तो आपको इसके लिए 24 सप्ताह तक का इंतजार करना होगा। भारत में महिंद्रा थार का क्रेज लोगों में बढ़ता ही जा रहा है। इस गाड़ी को अब तक 76 हजार बुकिंग मिल चुकी हैं।

## 91 प्रतिशत भारतीय जेन जेड कर्मचारी कार्यस्थल पर एआई अपनाने को तैयार

**नई दिल्ली।**

भारत में जेन जेड कार्यस्थल में कर्मचारी जेनरेटिव एआई का उपयोग करने के लिए उत्साहित है। 91 प्रतिशत ने कहा कि वे अपने नियोक्ता के लिए रोजगार के काम में प्रौद्योगिकी को अपनाने के लिए तैयार हैं। शुक्रवार को एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। एडोब के फ्यूचर वर्कफोर्स स्टडी फॉर इंडिया के अनुसार, जहां 81 प्रतिशत जेन जेड कर्मचारियों ने अपने काम को बढ़ाने के लिए जेनरेटिव एआई का लाभ उठाया है, वहीं 45 प्रतिशत अपनी नौकरी से संबंधित कठिन कौशल के लिए प्रशिक्षण चाहते हैं, जबकि 40 प्रतिशत सॉफ्ट स्किल के लिए प्रशिक्षण चाहते हैं। एडोब इंडिया के उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक प्रतिभा महापात्र ने कहा, जेन ज़ेड कर्मचारी अब तक की सबसे तकनीक-प्रेमी पीढ़ी हैं, और वे जेनरेटिव एआई जैसी तकनीकों को अपनाने के लिए उत्सुक हैं। इस अवसर का लाभ उठाने के लिए, संगठनों को इन प्रौद्योगिकियों को अपनाने और एक ऐसी संस्कृति को बढ़ावा देने के बीच संतुलन बनाना चाहिए जो उभरती आवश्यकताओं के अनुरूप हो। जेन जेड काम पर अपने दृष्टिकोण देने के लिए उत्सुक है। अधिकांश उत्तरदाताओं (96 प्रतिशत) का कहना है कि वे अपने साथियों और सहकर्मियों को प्रतिक्रिया देने में सहज हैं। देश में जेन जेड श्रमिकों का भारी बहुमत (93 प्रतिशत) न केवल प्रभाव में, बल्कि कॉर्पोरेट सीढ़ी से सी-सूट तक बढ़ने के लिए उत्सुक हैं। रिपोर्ट में कहा गया है, 87 प्रतिशत का कहना है कि वे अपनी कंपनी में करियर विकास के अवसरों के बारे में अच्छा महसूस करते हैं, जबकि 46 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने पदोन्नति के लिए कोई स्पष्ट रास्ता नहीं होने को नौकरी छोड़ने के शीर्ष कारणों में से एक माना हैजेन जेड भी करियर मार्गदर्शन के लिए उत्सुक है। 91 प्रतिशत का कहना है कि उनका मानना है कि कार्यस्थल सलाहकार उनके करियर के लिए महत्वपूर्ण है।

# आरबीआई द्वारा असुरक्षित ऋणों पर भार बढ़ाने के बाद निफ्टी बैंक सूचकांक में आई गिरावट

**नई दिल्ली।**

निफ्टी पीएसयू बैंक और निफ्टी बैंक ने बाजार में निराशावाद को बढ़ावा दिया, जिसमें क्रमशः 2.39 फीसदी और 1.31 फीसदी की गिरावट आई। बोनान्जा पोर्टफोलियो के अनुसंधान विश्लेषक वैभव विदवानी का कहना है कि क्रेडिट कार्ड और असुरक्षित ऋणों पर अधिक जोखिम भार डालने के आरबीआई के फैसले से बैंकों/एनबीएफसी की पूंजी आवश्यकताएं तुरंत बढ़ जाएंगी, जिससे पूंजी लागत बढ़ जाएगी। बैंक आसानी से उधारकर्ताओं पर उच्च लागत डाल सकते हैं क्योंकि कुछ श्रेणियों में ऋण की मजबूत मांग है, जैसे कि असुरक्षित खुदरा ऋण। जिसके चलते, उधारकर्ताओं की ऋण लागत थोड़ी बढ़ जाएगी। वित्तीय संस्थान के मुनाफे पर प्रभाव नगण्य होगा। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के सबसे बड़े बैंक एसबीआई को सबसे अधिक नुकसान हुआ है, क्योंकि इसमें बड़ी मात्रा में खुदरा जोखिम (बुक का 14 प्रतिशत) है, जबकि अधिकांश एनबीएफसी शुक्रवार को गिरावट में थे। निफ्टी पर एसबीआई, एक्सिस बैंक, ओएनजीसी, बीपीसीएल और बजाज फाइनेंस घाटे में थे, जबकि एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, एचडीएफसी लाइफ, अपोलो हॉस्पिटल्स, लार्सन एंड टूब्रो और हीरो मोटोकॉर्प लाभ में रहे।

पिछले सत्र में उच्च स्तर से कमजोरी दिखाने के बाद, निफ्टी शुक्रवार को कमजोर पूर्वाग्रह के साथ एक सीमाबद्ध आंदोलन में स्थानांतरित हो गया और दिन में 33 अंक की गिरावट के साथ बंद हुआ। नकारात्मक रुख के साथ खुलने के बाद




बाजार ने सत्र के शुरुआती दौर में तेजी से रिकवरी का प्रयास किया। बाद में यह अधिकांश भाग के लिए एक सीमाबद्ध गति में स्थानांतरित हो गया और अंत की ओर फिर से फिसल गया। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि असुरक्षित ऋणों के लिए जोखिम भार बढ़ाने की आरबीआई की कार्रवाई से बैंकिंग शेयरों में गिरावट आई और व्यापक सूचकांकों के पुनरुत्थान में अस्थायी व्यवधान पैदा हुआ।

## वित्त वर्ष 24 में सरकार पूरी नहीं कर पाएगी आईडीबीआई में हिस्सेदारी!

**नई दिल्ली।** आईडीबीआई बैंक में सरकार जो हिस्सेदारी बेचना चाह रही है वो इस साल चालू वित्त वर्ष 2023-24 में शायद पूरी नहीं हो पाएगी। इस बारे में डिपार्टमेंट ऑफ इनवेस्टमेंट एंड पब्लिक एसेट




मॉनिटाइजेशन के सचिव तुहिन कांत पांडेय ने एक कार्यक्रम में कहा कि यह रणनीतिक बिक्री कार्यक्रम अपनी राह पर है, लेकिन अभी रिजर्व बैंक के उपयुक्त एवं उचित मानदंड जैसे कुछ पहलुओं को पूरा करने की जरूरत है। गौरतलब है कि पांडेय ने उद्योग मंडल फिक्की द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में हिस्सा लिया जहां पर इस बिक्री को लेकर उन्होंने कहा कि हमें व्यावहारिक रूप से नहीं लगता कि मार्च 2024 से पहले हम आईडीबीआई बैंक की हिस्सेदारी बिक्री प्रक्रिया को पूरा कर पाएंगे। बता दें कि सरकार के पास आईडीबीआई बैंक की 45 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी है। इसके अलावा भारतीय जीवन बीमा निगम के पास बैंक की 49.24 प्रतिशत हिस्सेदारी है। दोनों ने बैंक में संयुक्त रूप से 60.7 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने का फैसला किया है। बैंक के पास 11,520 करोड़ रुपये की विलंबित कर एसेट्स हैं। इसके अलावा मुंबई, पुणे और चेन्नई सहित विभिन्न शहरों में उसकी 129 संपत्तियां भी हैं। बैंक की मुंबई में 68, पुणे में 20, चेन्नई में नौ और अहमदाबाद में सात संपत्तियां हैं। इसके अलावा कोलकाता में छह और दिल्ली तथा हैदराबाद में पांच-पांच संपत्तियां हैं।

## रेलवे के शेयरों में उछाल का नेतृत्व कर रहा टीटागढ़ वैगन्स

**नई दिल्ली।** रेलवे से जुड़ी कंपनियों के शेयरों में शुक्रवार को 5-10 फीसदी की तेजी रही।टीटागढ़ वैगन्स 10 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 927 रुपये पर है। जबकि, रेलटेल 8 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 268 रुपये पर है। इसके अलावा, इरकॉन 7 फीसदी से ज्यादा तेजी के साथ 166 रुपये पर है, जबकि राइट्स 6 फीसदी से ज्यादा तेजी के साथ 477 रुपये और आरवीएनएल 5 फीसदी से ज्यादा तेजी के साथ 167 रुपये पर है। आईआरएफसी 4 फीसदी से ज्यादा बढ़कर 76 रुपये पर है।आरबीआई द्वारा असुरक्षित ऋणों के लिए भारांक बढ़ाने के बाद वित्तीय स्थिति पर थोड़ा असर पड़ने से बीएसई सेंसेक्स 128 अंक गिरकर 65853 अंक पर है। एसबीआई 3 फीसदी से ज्यादा नीचे, एक्सिस बैंक 3 फीसदी नीचे, बजाज फाइनेंस 2 फीसदी से ज्यादा नीचे और आईसीआईसीआई बैंक 1 फीसदी नीचे है।




# आरबीआई ने पर्सनल लोन, क्रेडिट कार्ड के लिए जोखिम बढ़ाकर 125 फीसदी किया

### - जोखिम भार बढ़ाने के कारण ऋण पोर्टफोलियो पर असर पड़ने की संभावना

नई दिल्ली।

पर्सनल लोन और क्रेडिट कार्ड जैसे असुरक्षित कर्ज में बढ़ोतरी पर बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों को चेतावनी के बाद भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने ऐसे ऋणों के लिए जोखिम भार 100 फीसदी से बढ़ाकर 125 फीसदी कर दिया है। जोखिम भार बढ़ने का मतलब है कि बैंकों को ऐसे कर्ज देते समय ज्यादा पूंजी अलग रखनी होगी जिसके परिणामस्वरूप ऋणदाता ऐसे कर्ज पर ब्याज दरों में इजाफा कर सकते हैं। आरबीआई ने कहा ` कि वाणिज्यिक बैंकों के उपभोक्ता ऋणों को देखते हुए जोखिम भार 25 फीसदी बढ़ाकर 125 फीसदी करने का निर्णय लिया गया है। इसमें पर्सनल लोन भी शामिल है लेकिन आवास ऋण, शिक्षा ऋण, वाहन ऋण और सोना तथा स्वर्ण आभूषण के बदले दिया जाने वाला सुरक्षित ऋण इसके दायरे में नहीं आएगा। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार बैंकों की कुल उधारी में करीब 20 फीसदी का इजाफा हुआ है, जिसमें क्रेडिट कार्ड ऋण वृद्धि करीब 30 फीसदी और पर्सनल लोन में 25 फीसदी उधारी बढ़ी है। जोखिम भार बढ़ने के कारण ऋण पोर्टफोलियो पर असर पड़ने की संभावना है। सितंबर अंत तक बैंक का कुल रिटेल पोर्टफोलियो करीब 48.26 लाख करोड़ रुपये का था।अधिकारी और वरिष्ठ निदेशक कृष्णन सीतारमन ने कहा कि ऋण पोर्टफोलियो पर बैंक के रिटेल बुक के 30 फीसदी से अधिक असर नहीं पड़ना चाहिए, जो मुख्य रूप से असुरक्षित ऋण हैं। जोखिम भार 25 फीसदी बढ़ाया गया




है, ऐसे में बैंकों की पूंजी पर्याप्तता अनुपात पर मामूली असर पड़ेगा। वर्तमान में बैंकों के पास पर्याप्त पूंजी है और वे इस असर को वहन करने में सक्षम होंगे। उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर इसका संदेश सतर्क रहने का है। कोई भी खंड जो तेजी से बढ़ रहा हो, उससे संबंधित खंड की संपत्ति की गुणवत्ता में चुनौतियां आने की आशंका रहती है।

## टोयोटा ग्लांझा की डिलेवरी में हो रही देरी

**नई दिल्ली।** टोयोटा ग्लांझा खरीदने इस डिलिवरी में देरी हो रही है। इसकी वजह गाड़ी पर एक महीने का वेटिंग पीरियड चलना है। यह वेटिंग पीरियड टोयोटा ग्लांझा के मैनुअल और ऑटोमैटिक दोनों वर्जन पर लागू है। यह गाड़ी 4 वेरिएंट- ई, एस, जी, और वी में आती है। इसमें 5-स्पीड मैनुअल और 5-स्पीड एएमटी गियरबॉक्स का विकल्प मिलता है। इस गाड़ी की शुरुआती कीमत 6.81 लाख रुपये एक्स-शोरूम है। टोयोटा ग्लांझा में 1.2-लीटर, नैचुरली एस्पिरेटेड पेट्रोल इंजन दिया गया है, जो 89बीएचपी की पावर और 113 एनएम का टॉर्क पैदा करता है। इस इंजन को सीएनजी किट के साथ जोड़ने पर यह 76बीएचपी की पावर और 98.5 एनएम का टॉर्क जेनरेट करने में सक्षम है।



## फिटनेस




# जरूर करें, होंगे सेहत को अद्भुत फायदे



अक्सर लोग वजन कम करने, शरीर को मजबूत बनाने, हेल्दी रहने के लिए घंटों जिम जाकर वर्कआउट करते हैं। जिम में वर्कआउट करें या घर पर, हर तरह से यह सेहत के लिए फायदेमंद होता है। आप जिम में कई तरह के वर्कआउट ट्रेनिंग लेते होंगे, क्या कभी आपने कोर स्टिक्स आजमाया है। यदि नहीं, तो कोर स्टिक्स एक्सरसाइज करना भी शुरू कर दें। कोर स्टिक्स ना सिर्फ शरीर को टोन करता है, बल्कि मांसपेशियां भी मजबूत होती हैं। कई सेलिब्रिटीज भी इन दिनों कोर स्टिक्स का अभ्यास करने लगे हैं। वे लोग जिनके चेहरे पर कम उम्र में ही साइंस ऑफ एजिंग नजर आने लगा है, वो भी कोर स्टिक्स का अभ्यास कर सकते हैं। जानें, कोर स्टिक्स करने से और क्या-क्या फायदे होते हैं।

### शरीर की ताकत बढ़ाए

यह शरीर की ताकत को बनाए रखने में मदद करता है। इस पर कोई भी, किसी भी उम्र के लोग वर्कआउट कर सकते हैं। व्हीलचेयर का प्रयोग करने वाले, बुजुर्ग या पेशेवर एथलीट्स भी बड़ी आसानी से इस पर एक्सरसाइज कर सकते हैं। कोर स्टिक्स कई तरह के रॉड्स के साथ आते हैं, जिसके विभिन्न प्रतिरोध स्तर होते हैं। यह चोटों को रोकने में मदद करते हैं।

### एजिंग के लक्षण हों कम

इस पर व्यायाम करने से एजिंग के लक्षण कम होते हैं। यह बुजुर्गों को सुरक्षित तरीके से उनकी अपनी शारीरिक क्षमता के आधार पर खड़े होकर वर्कआउट करने में मदद करता है। इस पर जो लोग प्रतिदिन एक्सरसाइज करते हैं, उनमें आत्मनिर्भरता की समझ विकसित होती है। कोर स्टिक्स से कैलोरी तो बर्न होती ही है, हाई एनर्जी और स्ट्रेंथ का भी शरीर में निर्माण होता है।

### कहीं भी ले जा सकते हैं

कोर स्टिक्स को आप कहीं भी ले जा सकते हैं। फोल्ड करके रख सकते हैं। आप चाहें तो इसे घर पर कसरत करने के लिए खरीद सकते हैं। यह काफी सुविधाजनक उपकरण है, क्योंकि इसे आप आसानी से कहीं भी ले जा सकते हैं।

### शरीर होता है टोन

कोर स्टिक्स पर वर्कआउट करने से शरीर टोन होता है। इससे कैलोरी बर्न होती है। कोर स्टिक्स पर नियमित रूप से एक्सरसाइज करना आपको एक आकर्षक और सुडौल शरीर पाने में मदद करता है। यह आपकी शारीरिक कार्यक्षमता को भी बढ़ाने में प्रभावी है।



### एथलेटिक प्रदर्शन में सुधार

कोर स्टिक्स से आपके एथलेटिक प्रदर्शन में सुधार होता है। कोर स्टिक्स पर वर्कआउट करने से आपकी मांसपेशियों में मजबूती आने के साथ ही फिजिकल पावर, ताकत, स्टैमिना और शरीर में लचक आती है।

## ब्यूटी

# पांच बजट मेकअप प्रॉडक्ट्स

## जो हर कॉलेज गर्ल के मेकअप किट में होने चाहिए



तो आप फाइनली अपने ड्रीम कॉलेज में एडमिशन पाने में सफल रहीं! यानी नए अकैडमिक ईयर की शानदार शुरूआत के लिए आप तैयार हैं। बैग, किताबें और स्टेशनरी रेडी हैं। इनकी ओर से निश्चिंत होने के बाद अपने ब्यूटी बैग पर नजर डाल लीजिए। पर चूंकि आपका बजट काफी टाइट है (क्योंकि आपकी पॉकेट मनी सीमित है), हम आपके ब्यूटी बैग को भरने के लिए आपकी मदद करना चाहते हैं। यहां हम पांच बजट मेकअप प्रॉडक्ट्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जो आपको ब्यूटी गेम में दूसरों से आगे कर देंगे और वो भी बिल्कुल आपके लिमिटेड बजट में।


### कंसीलर

कॉलेज मतलब आपकी कई रातें जग-जगकर कटनेवाली हैं। आखिर कॉलेज के बच्चे आखिरी समय पर ही असाइमेंट्स पूरा करते हैं और रातें जागते हुए बिताते हैं। इसके अलावा रोज रात को दोस्तों से गपशप करते हैं और एग्जाम के पहले वाली रात को जागकर पढ़ाई भी करते हैं। इसका सीधा असर आपकी आंखों पर होता है। आपकी आंखों के नीचे काले घेरे आ जाते हैं और आंखें सूजी हुई दिखती हैं। रातभर ठीक से न सोने से पैदा होनेवाली इन समस्याओं को दूर रखने के लिए आपको मीडियम कवरेज वाले कंसीलर की जरूरत होगी। यह प्रॉडक्ट न केवल आपकी समस्या को छुपा देता है, बल्कि आपके चेहरे को दमकता हुआ लुक देगा।

### काजल

काजल हर लड़की द्वारा खरीदा जानेवाला पहला मेकअप प्रॉडक्ट होन चाहिए। अगर आप कॉलेज के दिनों की बस शुरूआत ही करने ज रही हैं तो हम आपको स्मज और वॉटरप्रूफ़ फॉमूर्ला पर आधारित काजल खरीदने की सलाह देंगे। आंखों में लगाने के बाद यह काजल पूरे दिन आपका साथ निभाएगा।

### ब्लश



ब्लश आपके गालों को परफेक्ट निखार देने में बेहद काम के होते हैं। वे मिनटों में आपके सादे से लुक को शानदार बना देते हैं। पिग्मेंटेड फॉमूर्ला बेस्ड ब्लश आपकी रंगत को निखारते हैं।

### बीबी क्रीम


फॉउंडेशन ज्यादा कवरेज देते हैं, जबकि कॉलेज के लिए आपको एक ऐसे प्रॉडक्ट की जरूरत होती है, जो हल्का हो और आपको आकर्षक फि निश दे। यहां बीबी क्रीम आपकी मदद के लिए हाज़िर है। बीबी क्रीम्स से लाइट कवरेज मिलता है, पर बावजूद इसके यह बेहद प्रभावी है। आपको टोन्ड और नैचुरल फि निश पाने में मदद मिलती है। बीबी क्रीम आपके डार्क स्पॉट्स को छुपा देती है और उसके बाद एक समान टोन और नैचुरल फि निश भी देती है।

### लिप ग्लॉस

लिप ग्लॉस से आपके होंठ बेहद आकर्षक नजर आएंगे, वह भी ओवर द टॉप यानी भड़कीले दिखे बिना। चूंकि उनमें होंठों को नम बनाए रखने का गुण होता है, उन्हें अपने ब्यूटी बैग में जरूर शामिल करें। हम आपको लिप ग्लॉस की सलाह इसलिए भी देंगे, क्योंकि यह आपके होंठों को सॉफ़्ट बनाता है व चमक भी देता है।

# तमिलनाडु जाएं तो इन बीचेस पर भी जरूर बिताएं समय








जब भी तमिलनाडु घूमने की बात होती है तो सबसे पहले वहां के प्रसिद्ध मंदिरों का ही ख्याल मन में आता है। यह सच है कि तमिलनाडु में स्थित मंदिरों का अपना एक अलग आध्यात्मिक महत्व है। लेकिन यहां पर देखने के लिए सिर्फ मंदिर ही नहीं है। अगर आप नेचर लवर हैं और अपना वक्त प्रकृति के करीब बिताना चाहते हैं तो भी तमिलनाडु आपको निराश नहीं करेगा। दरअसल, तमिलनाडु में कई खूबसूरत बीचेस हैं, जहां पर आप अपना कुछ वक्त बिता सकते हैं और रिलैक्सिंग फील कर सकते हैं। इतना ही नहीं, इन बीचेस पर आप कुछ वाटर स्पोर्ट्स का लुत्फ भी उठा सकते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको तमिलनाडु में स्थित कुछ बीचेस के बारे में बता रहे हैं- जब तमिलनाडु में स्थित बीचेस की बात होती है तो मरीना बीच का नाम सबसे पहले लिया जाता है। यह तमिलनाडु का दूसरा सबसे बड़ा बीच है। इस मरीना बीच की खूबसूरती किसी का भी मन मोह लेती है। आप बस समुद्र के किनारे बैठें और सूर्योदय और सूर्यास्त का आनंद लें। इसके अलावा, आप यहां पर घुड़सवारी, स्विमिंग, कर सकते हैं या फिर गहरे समुद्र में मछलियों को देख सकते हैं। महाबलीपुरम बीच तमिलनाडु के सबसे अच्छे बीच में से एक है और अगर आप छुट्टियों में फैमिली के साथ तमिलनाडु घूमने जा रहे हैं तो आपको इस बीच पर जरूर जाना चाहिए। बता दें कि यह बीच चेन्नई से सिर्फ 58 किमी दूर है। इस समुद्र तट की सबसे अच्छी बात इसकी साफ-सफाई है। इस बीच पर सिर्फ तमिलनाडु (हनीमून के लिए तमिलनाडु की जगहें) या देशभर से ही नहीं, बल्कि दुनिया भर से पर्यटक आते हैं। यहां पर आप कुछ वाटर स्पोर्ट्स जैसे डाइविंग, विंडसर्फिंग, मोटर बोटिंग आदि का लुत्फ भी उठा सकते हैं। चेन्नई में वेकेशन एन्जॉय करते हुए यह घूमने के लिए बेहतरीन जगह है। तीन वाटर बॉडीज अरब सागर, बंगाल की खाड़ी और हिंद महासागर का मिलन, कन्याकुमारी बीच अपनी सुंदरता से असंख्य पर्यटकों को आकर्षित करता है इस बीच का साफ नीला पानी और समुद्र हवा इस जगह को स्वर्ग जैसा महसू

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ)
व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचा जाए तो अच्छा है। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभांक-2-4-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो)
आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। मातृपक्ष के लोगो का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-9

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा)
आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। उतावलेपन से बचें। मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। शुभांक-3-6-8

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)
व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है। शुभांक-1-5-9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)
खान-पान में विशेष सावधानी बरतें। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। शुभांक-4-7-8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पायेगें। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-5-8-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते)
अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। शुभांक-4-6-7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू)
आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक-1-4-7


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)
कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-2-4-5

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी)
परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शुभांक-3-5-6

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा)
शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताए भी बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। शुभांक-4-6-7

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची)
आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। शुभांक-2-5-7

## काकुरो पहेली - 3007




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:

6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

### काकुरो - 3006 का हल



## हंसी के फूव्वारें

एक सखी-मेरे पति प्रतिदिन सैकड़ों लोगों को भोजन करवाते हैं.
दूसरी- हां बहन, ऐसे देवता स्वरूप लोग होते ही कितने हैं. वैसे वे करते क्या हैं?
पहली सहेली-वे होटल में वेटर हैं.

□ □ □

प्रबन्धक-फिलहाल मैं तुम्हें हजार रुपये महीना दे सकता हूँ. छह महीने बाद बारह सौ दूंगा.
प्रत्याशी-ठीक है मैं छह महीने बाद ही आ जाऊंगा.

□ □ □

मां ने दूध में डबलरोटी खाने को दी. थोड़ी देर में बालक रोने लगा तब मां ने पूछा, 'क्यों क्या हुआ? रो क्यों रहे हो?'
बालक ने रोते हुए कहा, 'सारा दूध तो डबलरोटी पी गई मैं क्या पिऊं?'


□ □ □

अपने पिता के साथ चिड़ियाघर देखते हुए बच्चा शेर के पिंजरे के सामने आकर सोचने लगा. बाप ने कारण पूछा तो बच्चे ने कहा, 'कुछ नहीं पिताजी, मैं सोच रहा था कि अगर शेर ने पिंजरे से निकलकर आपको खा लिया तो मैं कौन से नम्बर की बस में घर जाऊंगा.'

□ □ □

पत्नी-तुमने अपना वादा तोड़ दिया.
नेता-कोई बात नहीं जल्दी ही नया वादा कर लूंगा.

## फिल्म वर्ग पहेली- 3007



**बायें से दायें:-**

१. 'ये तारा वो तारा' गीत वाली आशुतोष गोवारीकर की फिल्म-३
३. 'तुम्हें अपना बनाने की' गीत वाली संजयदत्त, पूजा भट्ट की फिल्म-३
५. राजकपूर, नर्गिस की 'ये शाम की तन्हाइयाँ' गीत वाली फिल्म-२
७. 'चलती है पुरवाई' गीत वाली जतिन ग्रेवाल, नेहा की फिल्म-३
८. ऋषिकपूर, जयाप्रदा की 'रामजी की निरली सवारी' गीत वाली फिल्म-४
९. 'मैं शायर तो नहीं' गीत वाली ऋषिकपूर, डिम्पल की फिल्म-२
१०. राजेश खन्ना, शर्मिला की 'कन्हैया कन्हैया तुझे' गीत वाली फिल्म-३
११. 'बंदा ये बिंदास है' गीत वाली अमिताभ, रवीना, नंदिता की फिल्म-२
१२. अमिताभ, जीनत की 'ये मेरा दिल यार का दीवाना' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'दिन सारा गुजारा' गीत वाली शम्मी कपूर, सायरा की फिल्म-३
१५. राजेंद्रकुमार, वहीदा की 'ये मौसम भीगा भीगा है' गीत वाली फिल्म-४
१७. 'वो शाम कुछ अजीब थी' गीत वाली राजेश खन्ना, वहीदा की फिल्म-३
१९. आमिर, जूही, ममता की 'धीरे धीरे आप मेरे' गीत वाली फिल्म-२
२२. फिल्म 'रिफ्यूजी' में अभिषेक के साथ नायिका कौन थी-३
२४. अक्षयकुमार, करीना की 'दिल ले गया परदेसी' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'बहारों फूल बरसाओ' गीत वाली राजेंद्रकुमार, वैजयंती की फिल्म-३
२८. किशोरकुमार की 'एक चतुर नार करके सिंगार' गीत वाली फिल्म-४
२९. 'फिर वही चांद वही गम' गीत वाली देवआनंद, नूतन की फिल्म-३
३०. डिनो, बिपाशा की 'जब दिल चुराये कोई' गीत वाली फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'कैसे कटे दिन कैसे' गीत वाली राजेश, गोविंदा, जूही की फिल्म-२
२. अमिताभ, जयाप्रदा की 'मंजिलें अपनी जगह हैं' गीत वाली फिल्म-३
३. फिल्म 'तेरे नाम' में नायक कौन था-४,२
४. ऋषि, चंकी, नीलम की 'देखा जो हुस्न आपका' गीत वाली फिल्म-३
५. काहे कोयल शोर, मचाये' गीत वाली राजकपूर, नर्गिस की फिल्म-२
६. जीतेंद्र, लीना चंदावरकार की 'तूने तूने ओ सनम' गीत वाली फिल्म-४
९. 'है मुबारक आज का' गीत वाली मिथुन चक्रवर्ती, रति की फिल्म-३
११. संजय दत्त, अनिता की 'तुन्ना तुन्ना तक तक तुन्ना' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'हम तुम को निगाहो' गीत वाली सलमान, अरबाज, शिल्पा की फिल्म-२
१६. राजकपूर, वहीदा रहमान की 'सजन रे झूठ मत बोलो' गीत वाली फिल्म-३,३
१८. फिल्म 'मिस ४२०' में नायिका कौन थी-२
२०. सनी देओल, सलमान, करिश्मा, तब्बू की 'तू धरती पे चाहे जहाँ' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'फूल ये कहाँ से' गीत वाली जैकी श्रॉफ, डिम्पल कपाड़िया की फिल्म-२
२३. अजय देवगन, अमीषा पटेल की 'प्यार तो होता है प्यार' गीत वाली फिल्म-४
२५. 'मेरे अंगने में तुम्हारा' गीत वाली अमिताभ, जीनत अमान की फिल्म-४
२६. अरविंद स्वामी, प्रभुदेवा, काजोल की 'एक बगिया में रहती है' गीत वाली फिल्म-३

### फिल्म वर्ग पहेली- 3006



## सूडोकु -3007


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3006 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

## शब्द पहेली - 3007




**बाएँ से दाएँ**

1.बलगम-2
3.जाप,मंत्र पाठ-2
5.काया,बदन-2
7.ठाठ-बाट-2
9.गिरावट,अवनति-3
11.बुरी आदत-2
13.सदं,अच्छा-2
15.बंदर-3
17.अपशिष्ट पदार्थ-2
19.थोड़ा-2
22.दबाना,कुचलना-3
24.शारीरिक ऊंचाई-2
26.आम जनता-2
28.पिता के पिता-2
30.पक्षाघात,फालिज-3
32.मनमौजी,अलमस्त-2
34.नवीन-2
36.लोच-3
38.गाड़ी,घोड़ागाड़ी-2
41.बीता हुआ दिन-2
43.लेखनी,पेन-3
45.अधर-2
47.रांझा की प्रेमिका-2
49.अप्सरा,परी -2
51.गर्भ,कोख-3
53.दंड,शिक्षा -2
55.पाश,फंदा-2
57.परखना-3
60.वोट,अभिप्राय-2
62.हत्या-2
64.तिरस्कृत-3
66.शराब-2
67.उद्देश्य-2
68.टूंटी,नलका-2
69.आनंद-2

**ऊपर से नीचे**

1.प्याला-2
2.धर्म आदेश-3
4.क्षण,लमहा-2
6.गगन,आकाश-2
8.सरुर,खुमार-2
10.पति की बहन-3
12.अंधकार-2
14.शर्म,लज्जा-2
16.पासों से भविष्य जानने की विद्या-3
18.भाग्य (अंग्रेजी-2)
20.रहस्य-2
21.कुर्बान-2
23.अनुकृति-3
25.जोर,बल-2
27.नाखून-2
29.दक्षिणा-2
31.पढ़ने वाला-3
33.परत-2
35.भैंस जैसा एक प्राणी-2
37.झगड़ा-3
39.भूमि,धरा -2
40.राहगीर-2
42.रक्त-2
44.मां का प्रेम-3
46.दम-2
48.आनंद-2
50.छुट्टी-2
52.झगड़ना-3
54.प्याला-2
56.प्यार-2
58.असफल-3
59.यमराज-2
61.पैंदा-2
63.संपत्ति-2
65.सम्राट-2

### शब्द पहेली -3006 का हल



# वर्ल्ड कप का फाइनल मैच देखने आ सकते है, पीएम मोदी, ऑस्ट्रेलियाई पीएम को भी न्यौता

### –मैच से पहले वायुसेना का एयरशो

**गांधीनगर (एजेंसी)।** 19 नवंबर को अहमदाबाद में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच आईसीसी वर्ल्ड कप का फाइनल महा मुकाबला होने जा रहा है। वर्ल्ड कप के इस फाइनल मैच को देखने खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जाएंगे। सूत्रों ने कंफर्म किया है कि पीएम मोदी 19 नवंबर को अहमदाबाद जाएंगे, जहां वह नरेंद्र मोदी स्टेडिमय में बैठकर भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया का फाइनल मुकाबला देखने वाले हैं। सूत्रों ने बताया है कि इस फाइनल मुकाबले को देखने के लिए ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री भी आ सकते हैं। हालांकि, अभी तक ऑस्ट्रेलियाई पीएम को लेकर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

बताया जा रहा हैं कि भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया का वर्ल्ड कप मुकाबला देखने के लिए भारत सरकार की ओर से ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज को न्यौता भेजा गया है। इतना ही नहीं, ऑस्ट्रेलिया के डिप्टी पीएम को भी न्यौता भेजा गया है और माना जा रहा है कि ये दोनों मैच देखने अहमदाबाद आएंगे। साथ ही केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह भी इस दौरान स्टेडियम में मौजूद रहने वाले हैं। फिलहाल, ऑस्ट्रेलियाई पीएम के आने को लेकर आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है।

बता दें कि पीएम मोदी और ऑस्ट्रेलियाई पीएम के अलावा, भारतीय टीम के पूर्व कप्तान एमएस धोनी और कपिल देव भी मैच देखने आ सकते हैं। वर्ल्ड कप के फाइनल मैच को यादगार और खास बनाने के लिए एयर शो का भी इंतजाम किया गया है। मैच शुरू होने से ठीक पहले भारतीय वायुसेना अहमदाबाद के आसमान में लड़ाकू विमानों से करतब दिखाएगी और क्रिकेट फैन्स का मनोरंजन करेगी।



File Photo

# रोचक रहा टीम इंडिया का वर्ल्ड कप फाइनल तक का सफर



**मुंबई (एजेंसी)।** टीम इंडिया का वर्ल्ड कप फाइनल में पहुंचने तक का सफर भी काफी रोचक रहा है। जहां विराट कोहली ने वनडे में शतकों का अर्धशतक पूरा करके सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ा, वहीं मोहम्मद शमी ने सात विकेट लेकर गेंदबाजी में फिर से कमाल दिखाया, जिससे भारत ने बुधवार को यहां न्यूजीलैंड को 70 रन से हराकर सेमीफाइनल में हारने के मिथक को तोड़कर चौथी बार वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल में जगह बनाई। वहीं मजबूत बल्लेबाजी इकाई और दमदार गेंदबाजी आक्रमण के साथ भारत ने लगातार 10 मैच जीतकर 12 साल के बाद वर्ल्ड कप फाइनल में पहुंचा। वर्ल्ड कप फाइनल तक भारत के सफर की बात करें तो पहले मैच में भारत ने चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया को छह विकेट से हराया। जबकि दूसरे मैच में भारत ने दिल्ली में अफगानिस्तान को आठ विकेट से हराया था। इसी तरह तीसरे मैच में भारत ने अहमदाबाद में पाकिस्तान को सात विकेट से हराया था। चौथा मैच भारत ने पुणे में बांग्लादेश को सात विकेट से हराया। पांचवां मैच भारत ने धर्मशाला में न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराया। छठा मैच भारत ने लखनऊ में इंग्लैंड को 100 रनों से हराया। जबकि सातवां मैच भारत ने मुंबई में श्रीलंका को 302 रनों से हराया। आठवां मैच भारत ने कोलकाता में दक्षिण अफ्रीका को 243 रनों से हराया। जबकि नौवां मैच भारत ने बेंगलुरु में नीदरलैंड को 160 रन से हराया था। इसके बाद बुधवार को हुए सेमीफाइनल में भारत ने मुंबई में न्यूजीलैंड को 70 रनों से हरा दिया।

# प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट... की रेस में कोहली और शमी





**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टीम अब वर्ल्ड चैंपियन बनने से एक जीत दूर है। 19 नवंबर को भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच फाइनल होना है, जो तय करेगा कि आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप 2023 की ट्रॉफी किस देश के पास रहेगी। खिताब की इस जंग के साथ एक और अवॉर्ड है, जिस पर स्टार क्रिकेटरों की नजरें गड़ी हुई हैं। यह अवॉर्ड है प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंटज्इस अवॉर्ड की रेस में फिलहाल विराट कोहली और मोहम्मद शमी आगे दिख रहे हैं। लेकिन कुछ और खिलाड़ी हैं, जो कोहली और शमी को चुनौती दे रहे हैं।

आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप 2023 में इस अवॉर्ड की रेस में बैटर्स में सबसे आगे हैं विराट कोहली। विराट ने वर्ल्ड कप 2023 में 10 मैच में 711 रन बना लिए हैं। यह आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप के एक सीजन में सबसे अधिक रन का विश्व रिकॉर्ड है। विराट ने टूर्नामेंट में 3 शतक और 5 अर्धशतक लगाए हैं। कह सकते हैं कि भारतीय बैटिंग की धुरी विराट ही रहे हैं। उनका टूर्नामेंट में औसत 101.57 है। विराट के अलावा एक भी बैटर मौजूदा वर्ल्ड कप में 600 रन भी नहीं बना सका है।

कोहली के साथ ही शमी गजब की फॉर्म में हैं। अगर विराट ने 10 मैच में 711 रन बनाए हैं, तब शमी ने 6 मैच में ही 23 विकेट झटक लिए हैं। यानी वे तकरीबन हर मैच में औसतन 4 विकेट ले रहे हैं। शमी टूर्नामेंट में सबसे अधिक विकेट लेकर गेंदबाजों की लिस्ट में पहले नंबर पर हैं। कोहली और शमी को प्लेयर ऑफ द वर्ल्ड कप की रेस में रोहित शर्मा, डेविड वॉर्नर और एडम जंपा चुनौती दे रहे हैं। रोहित शर्मा 10 मैच में 550 और डेविड वार्नर 528 रन बना चुके हैं। एडम जंपा 22 विकेट लेकर कामयाब गेंदबाजों की लिस्ट में दूसरे नंबर पर हैं। ऑलराउंडर रचिन रवींद्र भी प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट की रेस में संभावित नाम हो सकते हैं, जिन्होंने 578 रन बनाने के अलावा 5 विकेट भी झटके हैं।

# सूर्यकुमार को मिल सकती है भारतीय टीम की कप्तानी, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक्शन में आएंगे नजर


**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सूर्यकुमार यादव ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज में भारतीय टीम का नेतृत्व कर सकते हैं क्योंकि विश्व कप के दौरान लगी चोट के कारण हार्दिक पंड्या बाहर हो गए हैं। सीरीज 23 नवंबर को विजाग में शुरू होगी और 3 दिसंबर को हैदराबाद में खत्म होगी। बीसीसीआई की वरिष्ठ राष्ट्रीय चयन समिति जल्द ही टीम चुनने के लिए बैठक करने वाली है और विश्व कप के करीब होने वाली श्रृंखला को देखते हुए दूसरी पंक्ति की टीम चुनी जाएगी।



टी20 प्रारूप में दुनिया के नंबर 1 बल्लेबाज सूर्यकुमार को भारत के वेस्टइंडीज दौरे के दौरान टी20 टीम का उप-कप्तान नियुक्त किया गया था, जहां उन्होंने कैरेबियाई और अमेरिका में पांच मैच खेले थे। विश्व कप के दौरान लगी टखने की चोट से पांड्या अभी तक उबर नहीं पाए हैं और उनका शुरुआती खेलना संदिग्ध है, ऐसे में अजित अगरकर की अध्यक्षता वाली चयन समिति यादव को कप्तानी सौंप सकती है। 33 वर्षीय सूर्यकुमार ने इससे पहले कुछ साल पहले इमर्जिंग कप में मुंबई टीम और भारत की अंडर-23 टीम का भी नेतृत्व किया था। उनकी 360 खेलने की शैली ने उन्हें काफी लोकप्रियता दिलाई और कुछ ही समय में वह इस प्रारूप में दुनिया के सबसे घातक बल्लेबाज बन गए। रिपोर्ट के मुताबिक चयन समिति उन अधिकांश खिलाड़ियों को आराम देगी जो मौजूदा विश्व कप टीम का हिस्सा हैं। ईशान किशन और प्रसिद्ध कृष्णा जैसे खिलाड़ियों को, जिन्हें विश्व कप में ज्यादा मैच खेलने का मौका नहीं मिला, उन्हें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू सीरीज खेलने के लिए कहा जाएगा।

विश्व कप के बाद राहुल द्रविड़ का अनुबंध समाप्त होने के साथ बीसीसीआई ने वीवीएस लक्ष्मण को स्टॉप गैप व्यवस्था के लिए भारतीय टीम को प्रशिक्षित करने के लिए कहा है और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के सहयोगी स्टाफ को टीम की देखभाल करने के लिए कहा जाएगा।

# भारत से खिताबी मुकाबले से पूर्व बोले स्टार्क, हम सर्वश्रेष्ठ से मुकाबला करना चाहते हैं



**कोलकाता (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने भारत के खिलाफ रविवार को होने वाले विश्व कप फाइनल के बारे में कहा कि उनकी टीम टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ टीम का सामना करने को लेकर उत्साहित है। भारत ने टूर्नामेंट में अभी तक अपने सभी 10 मैच जीत पर फाइनल में जगह बनाई। ऑस्ट्रेलिया ने गुरुवार को यहां दक्षिण अफ्रीका को तीन विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। स्टार्क ने मैच के बाद कहा, 'हम सर्वश्रेष्ठ टीम का सामना करना चाहते हैं। अभी तक वह टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ टीम हैं और हम दोनों टीम का फाइनल में आमना-सामना होगा। यही विश्व कप है और इसके लिए ही हम यह खेल खेलते हैं।' उन्होंने कहा, 'हमारा सामना निश्चित तौर पर उसे टीम से है जो किसी भी चुनौती का सामना आगे बढ़कर कर रही है और अभी तक अजेय है।' भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच लीग चरण में शुरुआती मुकाबला खेला गया था। यह मैच हालांकि एकतरफा रहा। चेन्नई में खेले गए मैच में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 199 रन पर आउट करने के बाद 6 विकेट से जीत दर्ज की थी। स्टार्क ने कहा, 'हमने उनके खिलाफ टूर्नामेंट का पहला मैच खेला था और अब हमारा उनसे सामना आखिरी मैच में होगा। यह देखना होगा कि विश्व कप के अंत में स्थिति क्या होगी।' दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 213 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों को स्पिनरों के सामने काफी परेशानी हुई। स्टार्क से पूछा गया कि क्या उनकी टीम अहमदाबाद में होने वाले मैच में भारतीय स्पिनरों को लेकर चिंतित है, उन्होंने कहा, 'हम कल जब अहमदाबाद पहुंचेंगे तो हमें पता चल जाएगा कि मैच नए विकेट पर खेला जाएगा या पुराने।'

# डब्लूडब्लूई रेसलर रह चुके द ग्रेट खली बने पिता, पत्नी ने बेटे को दिया जन्म, देखें वीडियो

नई दिल्ली। डब्लूडब्लूई रेसलर रह चुके दिलीप राणा उर्फ द ग्रेट खली पिता बन गए हैं।उनकी पत्नी ने बेटे को जन्म दिया है।एक वीडियो में खली ने नवजात बच्चे के साथ वीडियो में इस बात की जानकारी दी है।इसके बाद से लोग उन्हें सोशल मीडिया पर बधाई दे रहे हैं।एक सोशल मीडिया पेज पर खली के साथ उनके नवजात बच्चे को दिखाया गया है। हालांकि खली ने यह जानकारी अपने सोशल मीडिया हैंडल पर साझा नहीं की है।डब्लूडब्लूई के जरिए अपनी पहचान बना चुके खली वीडियो में एक नवजात बच्चे को गले लगाते नजर आ रहे हैं।इस वीडियो में खली को ये कहते हुए सुना जा सकता है कि ये जल्द ही ठीक हो जाएगा। गौर हो कि खली की पहले भी एक बेटी है। हैवीवेट चैंपियन खली के पैतृक घर धिराणा से मिली जानकारी के मुताबिक खली की पत्नी हरपिंदर कौर ने अमेरिकी प्रसूति गृह में एक बच्ची को जन्म दिया है।खली सिरमौर जिले के शिलाई के धिराणा के रहने वाले हैं।खली के घर में खुशी का माहौल है।रेसलिंग के साथ–साथ खली बॉलीवुड फिल्मों और रियलिटी शोज में भी अपना जलवा दिखा चुके हैं।



# कोहली की रनों की भूख मुझे प्रेरित करती : गिल



मुंबई।भारतीय युवा बल्लेबाज शुभमन गिल ने कहा कि वह स्टार बल्लेबाज विराट कोहली की रनों की भूख और समर्पण उन्हें प्रेरित करती है और जब वह कप्तान रोहित शर्मा के साथ क्रीज पर होते हैं, तब उससे काफी कुछ सीखते हैं।कोहली के रिकॉर्ड 50वें शतक की मदद से भारत ने न्यूजीलैंड को 70 रन से हराकर वनडे विश्व कप के फाइनल में जगह बनाई। कोहली जब रिकॉर्डतोड़ पारी खेल रहे थे, तब गिल ड्रेसिंग रूम में बैठकर कोहली को देख रहे थे।पांव में क्रैम के कारण गिल को रिटायर्ड हर्ट होना पड़ा।उन्होंने 80 रन बनाए।गिल ने कहा, 'जब भी वह मैदान पर उतरते हैं, तब कुछ विशेष करते हैं तथा पिछले 10–15 साल से वह निरंतर ऐसा कर रहे हैं जो वास्तव में प्रेरणादायी है।उन्होंने कहा, मेरे लिए यह उनके कौशल से जुड़ी चीज नहीं है, बल्कि यह उनकी रनों की भूख और जज्बे से जुड़ी है जो मुझे प्रेरित करती है।वह लंबे समय से निरंतर ऐसा कर रहे हैं जो वास्तव में मुझे प्रेरित करती है।गिल ने कहा कि कोहली और उनकी बल्लेबाजी में कुछ समानता भी है।उन्होंने कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो क्रीज पर हम परिस्थिति के संबंध में और उसमें कैसे खेल आगे बढ़ाना है, को लेकर बात करते हैं।मुझे लगता है कि उनकी और मेरी शैली में कुछ समानता है क्योंकि हम दोनों ही स्कोर बोर्ड को चलायमान रखना पसंद करते हैं।गिल ने इसके साथ ही कहा कि जब वह रोहित शर्मा के साथ बल्लेबाजी कर रहे होते हैं तो उन्हें कुछ न कुछ नया सीखने को मिलता है।

# के सुब्रमण्यम ने 86 साल की उम्र में एशियाई मास्टर्स एथलेटिक्स मीट में जीते चार स्वर्ण

**मुम्बई (एजेंसी)।** के सुब्रमण्यम ने फिलीपींस में एशियाई मास्टर्स एथलेटिक्स मीट में 86 साल की उम्र में चार स्वर्ण पदक जीते। पिछले सप्ताह आयोजित प्रतियोगिता में एथलेटिक्स बिरादरी में सुब्बू के नाम से मशहूर सुब्रमण्यम ने 85 साल से अधिक के वर्ग में लंबी कूद, ट्रिपल जंप, ऊंची कूद और भाला फेंक में शीर्ष स्थान हासिल किया।

तमिलनाडु के छोटे से शहर पोल्लाची के सुब्रमण्यम बचपन से ही एथलेटिक्स से जुड़े रहे है। खेल से उनके लगाव का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उन्होंने फिलीपींस की यात्रा अपने खर्चे पर की थी।

तमिलनाडु के खेल मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने इस सप्ताह की शुरुआत में सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में सुब्बू की उपलब्धि तारीफ करते हुए कहा कि राज्य सरकार जल्द ही उनका सम्मान करेगी। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''फिलीपींस के तारलाक में आयोजित 22वीं एशियाई मास्टर्स एथलेटिक्स मीट में चार स्वर्ण पदक जीतने के लिए चेन्नई के के सुब्रमण्यम (86) को मेरी हार्दिक बधाई।'' उन्होंने कहा, ''अस्सी वर्ष से अधिक के इस खिलाड़ी ने साबित कर दिया है कि खेलों में बड़ी उपलब्धि हासिल करने में उम्र कोई बाधा नहीं है। तमिलनाडु सरकार को इस सीनियर एथलीट की जीत पर गर्व है। भविष्य के टूर्नामेंटों में उनका शानदार प्रदर्शन जारी रहे।



# केरल इंटरनेशनल शतरंज फेस्टिवल – प्रज्ञानन्दा और निहाल में होगी टक्कर, क्यूबा से होगा केरल का मुक़ाबला



तिरुअनंतपुरम। केरल राज्य सरकार द्वारा 17 से 20 नवंबर के दौरान इंटरनेशनल शतरंज फ़ेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है ।आगामी 20 नवंबर को भारतीय शतरंज में एक खास दिन होगा जब भारत के दो उभरते हुए शतरंज खिलाड़ियों प्रज्ञानन्दा और निहाल सरीन के बीच शतरंज के सबसे फटाफट फॉर्मेट ब्लिट्ज़ शतरंज के 10 मुकाबलों की सीरीज खेली जाएगी । इसके साथ ही आज 17 नवंबर से केरल में पहली बार एक खास तरह का मुक़ाबला खेला जा रहा है जब केरल राज्य की टीम दक्षिण अमेरिका के देश क्यूबा से क्लासिकल , रैपिड और ब्लिट्ज़ मुकाबलों में टक्कर लेगी ।आज खेले गए मुक़ाबले में केरल की टीम नें क्यूबा को क्लासिकल राउंड में 2.5–1.5 से पराजित करते हुए 1–0 की बढ़त बना ली है ।केरल टीम का नेत्तृत्व ग्रांड मास्टर एसएल नारायनन कर रहे है उनके अलावा इंटरनेशनल मास्टर ज़ुबिन जिमी , फीडे मास्टर गौतम कृष्णा और महिला इंटरनेशनल मास्टर निम्मी जॉर्ज को टीम में शामिल किया गया है ।जबकि क्यूबा की टीम से ग्रांड मास्टर असोन बेरदाएस , ग्रांड मास्टर एलिएर मिरन्दा , इंटरनेशनल मास्टर ऑस्कर रॉडनी और इंटरनेशनल मास्टर ओरदाज़ वालदेस खेल रहे है ।

# बोपन्ना-एबडेन की जोड़ी एटीपी फाइनल्स के सेमीफाइनल में पहुंची



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टेनिस स्टार रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया के उनके जोड़ीदार मैथ्यू एबडेन शुक्रवार को यहां वेस्ले कूलहोफ और नील स्कूपस्की की जोड़ी को सीधे सेटों में हराकर एटीपी फाइनल्स पुरुष युगल स्पर्धा के सेमीफाइनल में पहुंच गए। बोपन्ना-एबडेन की जोड़ी ने 84 मिनट तक चले रेड ग्रुप क्वालिफिकेशन निर्णायक मुकाबले में कूलहोफ (नीदरलैंड) और स्कूपस्की (ब्रिटेन) पर 6-4, 7-6 से जीत दर्ज की।

भारत और ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने दमदार खेल का प्रदर्शन करते हुए अपनी सर्विस पर लगभग 88 प्रतिशत अंक (40 में से 35) बनाये। मौजूदा सत्र में टूर स्तर पर 40वीं जीत दर्ज करने वाले बोपन्ना और एबडेन की जोड़ी के साथ रेड ग्रुप से गत चैम्पियन राजीव राम और जो सैलिसबरी की जोड़ी ने नॉकआउट के लिए क्वालीफाई किया। बोपन्ना इस सप्ताह की शुरुआत में 43 साल की उम्र में इस टूर्नामेंट के मुकाबले में जीत दर्ज करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने थे। बोपन्ना और एबडेन की जोड़ी के पास साल के आखिर में एटीपी युगल रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने का मौका है। इसके लिए हालांकि इस जोड़ी को फाइनल में पहुंचना होगा।

# फुटबॉल में भारतीय खिलाड़ियों का जलवा, फीफा वर्ल्ड कप के क्वालीफायर में बड़ी जीत




नई दिल्ली ।भारतीय फुटबॉल टीम ने फीफा वर्ल्ड कप 2026 के दूसरे क्वालीफायर राउंड में जीत के साथ शुरुआत की है।इस दौरान सुनील छेत्री की कप्तानी में भारतीय टीम ने कुवैत को 1–0 से मात दी।इसके साथ ही टीम इंडिया ने फीफा वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई कर लिया है। दरअसल, भारत और कुवैत की तरफ से खेले गए इस मैच में पहले हॉफी का खेला खत्म होने पर दोनों ही टीमें एक भी गोल दागने में सफल नहीं हुईं।इसके बाद दूसरे हाफ में आखिरी समय में भारत के मनवीर सिंह ने शानदार तरीके से गेंद को गोल पोस्ट के अंदर पहुंचा दिया।जिसके बाद भारतीय टीम 1–0 से बढ़त दिला दी।इस लीड को भारत ने अंत तक जारी रखा और मैच को अपने नाम कर लिया है।भारत इस समय फीफा वर्ल्ड कप क्वालीफायर्स के दूसरे राउंड में ग्रुप ए का हिस्सा है जिसमें उसका सामना कुवैत के अलावा कतर और अफगानिस्तान की टीम से भी होगा।साल 2027 में होने वाले एफसी एफसी एशियन कप के नजरिए से भी ये क्वालिफायर राउंड काफी अहम है।

# शमी के पास वसीम अकरम और लसिथ मलिंगा को पीछे छोड़ने का मौका

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** करीब डेढ़ माह के सफर के बाद वर्ल्डकप 2023 अब अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंच चुका है। टूर्नामेंट के फाइनल में 19 नवंबर को अहमदाबाद में टीम इंडिया का मुकाबला ऑस्ट्रेलिया से होगा। हालांकि लीग मैच में ऑस्ट्रेलिया को छह विकेट से हराने के कारण रोहित शर्मा ब्रिगेड निश्चित रूप से कुछ मनोवैज्ञानिक लाभ की स्थिति में होगी। हालांकि घरेलू माहौल और 8 अक्टूबर के वर्ल्डकप मैच में कंगारू टीम पर इस जीत के बाद भारतीय टीम यह बात भलीभांति जानती है कि ऑस्ट्रेलियाई टीम 'पलटवार' के लिए मशहूर है और शुरुआती मैच भारत और दक्षिण अफ्रीका से हारने के बाद अपने प्रदर्शन को शीर्ष स्तर पर पहुंचाकर फाइनल में पहुंची है।

घरेलू मैदान पर बैटिंग हमेशा से ही टीम इंडिया की बड़ी ताकत रही लेकिन इस टूर्नामेंट में भारतीय गेंदबाजों (खासकर तेज गेंदबाजों) ने जैसा प्रदर्शन किया है, यह देखकर दुनिया के दिग्गज प्लेयर्स भी हैरान हैं। जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी की जोड़ी टूर्नामेंट में बेहतरीन रही है, जबकि मोहम्मद सिराज सहयोगी के रोल में खरे उतरे हैं। 33 वर्षीय शमी के प्रदर्शन की जिनती तारीफ की जाए, वह कम है। टूर्नामेंट के 6 मैचों में ही 9.13 के चमत्कारी औसत और 10.91 के स्ट्राइक रेट से 23 विकेट लेकर वे सबसे सफल बॉलर हैं, दूसरी ओर बुमराह ने शुरुआती, मिडिल और डेथ ओवर्स में कंजूसी भरी बॉलिंग के साथ-साथ जरूरत पड़ने पर विकेट भी लिए हैं। वे 18.33 के औसत से अब तक 18 विकेट अपने नाम कर चुके हैं।

शमी ने टूर्नामेंट में अब तक तीन बार पारी में 5 या इससे अधिक विकेट ले चुके हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में ही उन्होंने वनडे और वर्ल्डकप का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन (7/57) दिया था। टीम इंडिया फाइनल में भी शमी से इस तरह के प्रदर्शन की उम्मीद लगाए होगी। संभवत-अपना आखिरी वर्ल्डकप खेल रहे शमी के पास फाइनल में दो बड़ी उपलब्धि हासिल करने का मौका होगा।

वर्ल्डकप के 17 मैचों में अब तक 54 विकेट ले चुके इस गेंदबाज के पास पाकिस्तान के दिग्गज तेज गेंदबाज वसीम अकरम और श्रीलंका के दिग्गज तेज गेंदबाज लसिथ मलिंगा को पछाड़ने का मौका है। अकरम ने वर्ल्डकप के 38 मैचों में 55 और मलिंगा ने 29 मैचों में 56 विकेट लिए हैं। शमी दो विकेट की स्थिति में अकरम और तीन विकेट लेने की स्थिति में मलिंगा को पीछे छोड़ सकते हैं। यदि वे ऐसा करने में सफल रहे तब ग्लेन मेग्राथ, मुथैया मुरलीधरन और मिचेल स्टॉर्क के बाद वर्ल्डकप इतिहास के चौथे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले बॉलर बन जाएंगे।



THE PHOTON NEWS



www.thephotonnews.com
Saturday, 18 November 2023

## कैसल ब्रावो दुनिया का दूसरा सबसे शक्तिशाली परमाणु बम, अमेरिका ने किया था परीक्षण

नई दिल्ली । दुनिया के सारे न्यूक्लियर हथियारों में कैसल ब्रावो को दुनिया का दूसरा सबसे शक्तिशाली परमाणु बम माना जाता था। इसका कुल वजन 10 टन था। इसकी लंबाई 5 मीटर थी और आकार बेलनाकार था। अमेरिका ने इस बम का परीक्षण मार्च 1954 में बिकनी एटोल के क्षेत्र में किया गया था। इससे 15 मेगाटन की ऊर्जा निकली थी। बता दें कि अमेरिका ने साल 1954 में कैसल प्रोजेक्ट के तहत परमाणु बम के कई परीक्षण किए थे। इस दौरान ही उन्होंने दुनिया के पांचवें सबसे शक्तिशाली परमाणु बम कैसल रोमियो का परीक्षण किया था। ये 11 मेगाटन का है। दुनिया का तीसरा सबसे शक्तिशाली परमाणु कैसल यांकी है। अमेरिका ने इस बम को भी कैसल प्रोजेक्ट के तहत ही तैयार किया था, इसके बाद इसका परीक्षण किया गया था। इसकी विस्फोट की शक्ति 13 मेगाटन से ज्यादा थी। इसी तरह अमेरिका का आइवी माइक थर्मोन्यूक्लियर फ्यूजन के सिद्धांत पर आधारित दुनिया का पहला न्यूक्लियर बम था। इसकी क्षमता 12 मेगाटन टन थी। इसके टेस्ट के दौरान 7 किमी ऊंचा एक बड़ा न्यूक्लियर मशरूम पैदा हुआ था। जानकार बताते हैं कि एक न्यूक्लियर बम के इस्तेमाल किए जाने पर विनाशकारी मानवीय परिणामों के साथ हजारों लोगों मर सकते हैं। आज पूरी दुनिया में कुल मिलाकर 12,700 परमाणु हथियार हैं। भारत के पास मौजूदा वक्त में कुल 164 न्यूक्लियर वेपन हैं। हालांकि भारत ने कभी भी अपने परमाणु भंडार के आकार का खुलासा नहीं किया है। आज पूरी दुनिया में पाकिस्तान में कुल मिलाकर 170 न्यूक्लियर वेपन है, जिनमें से गौरी और शाहीन सबसे शक्तिशाली माने जाते हैं। इनकी मारक क्षमता 900 से 2700 किलोमीटर है। वहीं रूस ने साल 1961 में जार बॉम्बा न्यूक्लियर बम का परीक्षण किया था। उन्होंने इसे आर्कटिक क्षेत्र में एक दूर दराज के द्वीप पर टीयू-95 एम विमान से 10 किमी की ऊंचाई पर गिराया था। इस बम की हाइट 8 मीटर थी। इसकी क्षमता 58 मेगाटन से अधिक थी। किम जोंग के देश नॉर्थ कोरिया के पास भी न्यूक्लियर वेपन की भरमार है। इस वक्त नॉर्थ कोरिया के पास 30 न्यूक्लियर वेपन है।

## शीत लहर बढ़ी, अनेक शहरों में 10 डिग्री तक गिरा पारा, कई जगह बारिश की चेतावनी

नई दिल्ली । अब सर्दी ने रफ्तार पकड़ ली है। देश के कई राज्यों में ठंड ने जैसे ही दस्तक दी है, पारा अचानक 10 डिग्री तक कम हो गया है। अब शाम से रात तक के समय में हल्की ठंड का एहसास होने लगा है। वहीं, कुछ राज्यों में अभी भी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। राजस्थान के चुरू और हरियाणा के हिसार में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री तक नीचे पहुंच चुका है। कुछ हिस्सों में पारा 10 से भी नीचे चला गया है। इसके कारण लोगों को ठंड का सामना करना पड़ रहा है। देश की राजधानी दिल्ली में इस सीजन का सबसे कम तापमान रिकॉर्ड किया गया। पारा 10.9 डिग्री तक लुढ़क गया। वहीं, उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में ठंडी हवा चल रही है। हालांकि, प्रदूषण से राहत की संभावना फिलहाल नहीं दिख रही है। इन इलाकों में बारिश के आसार भी फिलहाल नहीं है, जिससे की प्रदूषण से राहत मिलती रहे। मौसम विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक, अगले 24 घंटों के दौरान तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में अलग-अलग जगहों पर भारी बारिश की संभावना है। इसके अलावा, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में भी हल्की बारिश हो सकती है। वहीं आईएमडी ने केरल, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, नागालैंड और असम में भी हल्की बारिश की भविष्यवाणी जारी की है। बता दें कि दिल्ली की वायु गुणवत्ता गुरुवार को बहुत खराब और गंभीर श्रेणी के बीच रही। ऐसा इसीलिए हुआ क्योंकि प्रतिकूल मौसम संबंधी परिस्थितियों के कारण प्रदूषक कणों का बिखराव नहीं हो पाया। दिल्ली सरकार और राष्ट्रीय प्रौद्योगिक संस्थान-कानपुर की एक संयुक्त परियोजना के हालिया निष्कर्षों से पता चला है कि बुधवार को राजधानी के वायु प्रदूषण में वाहनों के उत्सर्जन का योगदान लगभग 38 प्रतिशत था। बृहस्पतिवार को यह आंकड़ा 40 फीसदी तक बढ़ने का अनुमान है। पिछले कुछ दिनों में शहर के प्रदूषण में माध्यमिक अकार्बनिक एयरोसोल का योगदान 30 से 35 प्रतिशत रहा है।

## सूरत के भक्त कष्टभंजन हनुमान जी को 1 किलो सोने का हीरा जड़ित मुकुट अर्पण किया

अहमदाबाद । सूरत के एक श्रद्धालु ने बोटाद के साळंगपुर स्थित कष्टभंजन हनुमान जी को 1 किलो सेना का हीरा जड़ित मुकुट अर्पण किया है। हनुमान जी को समर्पित मुकुट 10 कारीगरों ने मिलकर तीन महीने में तैयार किया है। बता दें कि विश्व विख्यात साळंगपुर कष्टभंजन हनुमान जी मंदिर में 175वां शताब्दी महोत्सव चल रहा है। जिसमें बड़ी संख्या में हरिभक्त कष्टभंजन हनुमान जी के दर्शन करने पहुंच रहे हैं। महोत्सव में हजारों हरिभक्त हनुमान जी को अलग अलग वस्तुएं अर्पण कर रहे हैं। सूरत के एक हरिभक्त ने कष्टभंजन हनुमान जी को सोने का हीराजड़ित मुकुट अर्पण किया है। सूरत के उद्योगपति घनश्यामभाई भंडेरी ने मुकुट को सूरत में ही बनवाया है। मुकुट और कुंडल एक किलो सोने से बनाया गया है। मुकुट में गदा, कला करते दो मोर, मोरपंख और फूलों की आकृति बनाई गई है। इतना ही नहीं मुकुट और कुंडल में 7200 हीरे भी जड़े गए हैं। 375 कैरेट डायमंड जड़ित सोने के मुकुट और कुंडल की डिजाइन बनाने में 10 कारीगरों को तीन महीने का समय लगा।

## भारत के पड़ोस मुल्क म्यामांर में हिली धरती

नई दिल्ली । भारत के पड़ोस में फिर से धरती हिली है। म्यामांर में शुक्रवार सुबह-सुबह धरती कांप उठी, जिससे लोग सहम उठे। पूर्वोत्तर म्यांमार में शुक्रवार सुबह भूकंप का झटका महसूस किया गया। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, 5.7 तीव्रता का भूकंप केंग तुंग शहर से लगभग 76 किमी दक्षिण पश्चिम में केंद्रित था। भूकंप लगभग 10 किमी गहरा था। फिलहाल, इस भूकंप में किसी जानमाल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। रिपोर्ट के मुताबिक, पूर्वोत्तर म्यांमार में यह भूकंप उस वक्त आया, जब लोग तड़के गहरी नींद में सोए थे। भूकंप के झटके से उठे लोग घर की ओर भागते दिखे। बता दें कि जिस क्षेत्र में भूकंप आया, वह चीन, लाओस और थाईलैंड की सीमाओं के पास है। बता दें कि थाईलैंड के दूसरे सबसे बड़े शहर और लोकप्रिय पर्यटन स्थल चियांग माई में झटके महसूस किए गए हैं। बता दें कि बीते दिनों यानी 15 नवंबर को पाकिस्तान में तड़के सुबह 5.35 बजे जोरदार भूकंप आया था, जिससे लोग सहम उठे थे। नेशनल सेंटर फर सिस्मोलॉजी के मुताबिक, रिक्टर स्केल पर इस भूकंप की तीव्रता 5.2 थी, जिसके झटके लोगों ने कुछ सेकेंड तक महसूस किए। इससे पहले मंगलवार को श्रीलंका के कोलंबा में 6.2 की तीव्रता वाला भूकंप आया था।

## बालासाहेब ठाकरे पुण्यतिथि : श्रद्धांजलि के दौरान सीएम शिंदे पर यूबीटी नेता राउत का आरोप

### -बाला साहेब के आदर्शों की उपेक्षा करने वालों को नहीं है स्मारक आने का अधिकार

मुंबई । बालासाहेब ठाकरे की 11वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देने गुरुवार शाम मुंबई के शिवाजी पार्क पहुंचे महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना के सांसद संजय राउत झड़प हो गई। श्रद्धांजलि के दौरान हुए शिवसेना दल पर अधिकार को लेकर नारेबाजी के बीच सांसद संजय राउत ने शिंदे गुट पर निशाना साधते हुए कहा कि गद्दार और विश्वासघातियों को बाला साहेब के स्मारक पर आने का नैतिक अधिकार नहीं है। शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने कहा कि जिन लोगों ने सत्ता के लिए बाला साहेब ठाकरे के सत्ता के आदर्शों की उपेक्षा करते हुए शिवसेना को बदनाम करने स?हित भाजपा के साथ हाथ मिलाकर शिवसेना को खत्म करने को को?शिश की हैं, उन लोगों को बाला साहेब के स्मारक पर आने का नैतिक अधिकार नहीं है। राउत ने आगे कहा कि यह ठीक है कि सीएम आए क्योंकि वह मुख्यमंत्री हैं। लेकिन जो लोग गद्दार और विश्वासघाती हैं, उन्हें यहां आने का अधिकार नहीं है। जानकारी के अनुसार, सीएम शिंदे के कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने नारे लगाए थे कि शिवसेना उनकी पार्टी है। इसी बात से नाराज उद्धव गुट के कार्यकर्ताओं ने गद्दारों वापस जाओ के नारे लगाए, जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया। हालांकि, मौके पर मौजूद पुलिस ने स्थिति को संभाल लिया। मामले में मुख्यमंत्री शिंदे ने कहा था कि कानून व्यवस्था बनाए रखना हर किसी की जिम्मेदारी है। कानून व्यवस्था में कोई दिक्कत न हो इसलिए वह एक दिन पहले ही श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। उन्होंने कहा कि वह इस घटना की निंदा करते हैं। उद्धव गुट के नेता अनिल देसाई और अनिल परब मेरे जाने के बाद पार्क गए थे, उन्होंने नारेबाजी की। शांति को भंग करने का प्रयास किया। यह निंदनीय है।

# राहुल गांधी ने जताया भरोसा, बोले-मप्र छत्तीसगढ़ में कांग्रेस को मिलेगा पूरा बहुमत



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्हे भरोसा है कि दोनों राज्यों में कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है। यहां कांग्रेस पार्टी को पूर्ण बहुमत मिलेगा। गांधी ने दावा करते हुए कहा मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ (दूसरे चरण) में मतदान के साथ, पूर्व कांग्रेस प्रमुख राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि सबसे पुरानी पार्टी दोनों राज्यों में भारी बहुमत के साथ आगे बढ़ रही है और उन्होंने लोगों से भी आग्रह किया कि अपने मताधिकार का प्रयोग करें। राहुल गांधी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस प्रचंड बहुमत के साथ आगे बढ़ रही है।

उन्होंने कहा कि अपने घरों से बाहर निकलें, आज भारी संख्या में मतदान करें और ऐसी कांग्रेस सरकार चुनें जिस पर गरीब, किसान, महिलाएं और युवा भरोसा करें। उन्होंने छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में कांग्रेस के वादों पर एक मिनट का वीडियो भी शेयर की। पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आज चुनाव है और मुझे पूरा विश्वास है कि मध्य प्रदेश की जनता घोटालों, झूठ, लोगों को आपस में लड़ाने की साजिशों और कुर्सी को जागीर समझने की मानसिकता को कड़ा सबक सिखाएगी। उन्होंने कहा, लोग हमें बेहद प्यार और समर्थन दे रहे हैं। मुझे राहत है कि अठारह साल का कुशासन खत्म होने वाला है और मध्य प्रदेश में सच बोलने वाली, जनता की बात सुनने वाली, प्रेम और शांति के रास्ते पर चलने वाली कांग्रेस सरकार आने वाली है।

उन्होंने कहा, लेकिन आपके प्यार का आकलन साधारण बहुमत से नहीं होगा। हमारी सरकार को एक विशाल और व्यापक जनादेश की आवश्यकता है, जिसकी प्रतिध्वनि आपके प्यार और उत्साह से ही हो रही है। आज अपने मन के तूफान को वोट में बदल दीजिये। हमें इतनी सीटें जिताकर विधानसभा में भेजें कि कोई हमारी सरकार चुराने या हाईजैक करने का सपने में भी न सोच सके। मैं जानता हूं-आपके पास यह शक्ति है। 230 सदस्यीय मध्य प्रदेश विधानसभा के लिए मतदान और छत्तीसगढ़ में 70 विधानसभा सीटों के लिए दूसरे चरण का मतदान इस समय चल रहा है।

## हमास और इजराइल के बीच संघर्ष में नागरिकों के मारे जाने की पीएम मोदी ने कड़े शब्दों में निंदा की

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमास और इजरायल के बीच जारी संघर्ष पर कहा कि पश्चिम एशिया के घटनाक्रम से नई चुनौतियां उभर रही हैं और अब वक्त आ गया है कि 'ग्लोबल साउथ के देशों को पूरी दुनिया के व्यापक हित में मिलकर आवाज उठानी चाहिए। पीम मोदी ने दूसरे 'वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट को वर्चुल तौर पर संबोधित कर यह बात कही। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत ने इजराइल पर आतंकवादी हमले की निंदा की है। इतना ही नहीं हम हमास और इजराइल के बीच संघर्ष में नागरिकों के मारे जाने की कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। हमने बातचीत, कूटनीति के साथ-साथ संयम पर भी जोर दिया है।' उन्होंने कहा, हम पिछले कुछ सालों से देख रहे हैं, कि पश्चिम एशिया के घटनाक्रम से नई चुनौतियां उभर रही हैं। उन्होंने कहा कि 'वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ' 21वीं सदी की बदलती दुनिया को प्रतिबिम्बित करने वाला सर्वश्रेष्ठ मंच है। प्रधानमंत्री ने कहा, हम 100 से अधिक देश हैं, लेकिन हमारी प्राथमिकताएं समान हैं।'' प्रधानमंत्री नरेन्द्र ने शिखर सम्मेलन में पांच 'सी'-परामर्श, संचार, सहयोग, रचनात्मकता और क्षमता निर्माण के ढांचे के तहत सहयोग की अपील की। प्रधानमंत्री ने जी20 में अफ्रीकी संघ के शामिल होने का जिक्र किया। उन्होंने कहा,'' मैं उस ऐतिहासिक क्षण को नहीं भूल सकता जब भारत के प्रयासों से अफ्रीकी संघ को स्थायी सदस्य के रूप में शामिल किया गया था।''

# 120 घंटों से फंसी हैं 40 जिंदगियां, अब तक नहीं मिली राहत की सांस



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उत्तराखंड की एक टनल में फंसे 40 मजदूर बीते 120 घंटों से जिंदगी और मौत के बीच फंसे हुए हैं। उन्हे निकालने के प्रयास हो रहे हैं लेकिन ऐसी कोई खबर नहीं आई जिससे राहत महसूस किया जा सके। यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर निर्माणाधीन सिलक्यारा सुरंग के एक हिस्से के ढहने से पिछले पांच दिनों से उसके अंदर 40 मजदूर फंसे हुए हैं। सुरंग में फंसे सभी श्रमिक सुरक्षित बताए जा रहे हैं, जिन्हें पाइप के माध्यम से लगातार ऑक्सीजन, पानी, सूखे मेवे सहित अन्य खाद्य सामग्री, बिजली, दवाइयां आदि पहुंचाई जा रही हैं। वहीं अब मलबों के बीच से पाइप डालने के लिए बरमा ड्रिलिंग मशीनें लगाई गई हैं। नॉर्वे और थाईलैंड की विशेष टीमों की भी रेस्क्यू में मदद ली जा रही है। गुरुवार शाम सात बजे तक 21 मीटर तक मशीन से टनल में ड्रिल की जा चुकी है। सुरंग में 45 से 60 मीटर तक मलबा जमा है जिसमें ड्रिलिंग की जानी है।

केंद्रीय मंत्री वी के सिंह ने भरोसा दिलाते हुए कहा कि 12 नवंबर से सिल्कयारा सुरंग के अंदर फंसे 40 मजदूरों को शीघ्र और सुरक्षित बाहर निकालने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन बचाव अभियान में दो या तीन दिन और लग सकते हैं। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग राज्य मंत्री ने बचाव अभियान की समीक्षा के बाद कहा, यह (निकासी) उससे पहले भी हो सकती है लेकिन ऐसी परिस्थितियों में, हमें दो-तीन दिनों की बाहरी सीमा रखनी चाहिए ताकि अगर कोई बाधा आती है तो हम उससे निपट सकें। हमारी प्राथमिकता है कि वे सुरक्षित रहें। हमारी प्राथमिकता है कि उन्हें जल्द से जल्द निकाला जाए। इसके लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य में बनाई जा रही सभी सुरंगों की समीक्षा की जाएगी। 12,000 करोड़ रुपये की चल रही चार धाम ऑल वेदर रोड परियोजना के हिस्से के रूप में पहाड़ी राज्य में कई सुरंगें बनाई जानी हैं। सिल्क्यारा सुरंग, जिसके कुछ हिस्से रविवार की सुबह भूस्खलन के बाद ढह गए, भी इस महत्वाकांक्षी परियोजना का हिस्सा है।

फोर्टिस अस्पताल, नोएडा के निदेशक, इंटरनल मेडिसिन, डॉ. अजय अग्रवाल ने कहा, लंबे समय तक बंद स्थानों में फंसे रहने के कारण पीड़ितों को घबराहट के दौरे का अनुभव हो सकता है। अधिकारियों ने कहा कि छह बिस्तरों वाली एक अस्थायी स्वास्थ्य सुविधा स्थापित की गई है और फंसे हुए श्रमिकों को निकालने के बाद तत्काल चिकित्सा देखभाल प्रदान करने के लिए सुरंग के बाहर विशेषज्ञ डॉक्टरों के साथ 10 एम्बुलेंस तैनात की गई हैं।

डॉ. अग्रवाल ने पीटीआई-भाषा को बताया,इसके अलावा, ऑक्सीजन और कार्बन डाइऑक्साइड की कमी से परिवेशीय स्थितियां भी उनके शारीरिक स्वास्थ्य पर असर डाल सकती हैं और ठंडे भूमिगत तापमान के लंबे समय तक संपर्क में रहने से संभवतः हाइपोथर्मिया हो सकता है और वे बेहोश हो सकते हैं।

मजदूरों को निकालने के लिए हो रहे प्रयासों के तहत मलबे में 24 मीटर खुदाई की गई है। इसके बाद उन्हे भोजन और ऑक्सीजन की आपूर्ति करने के लिए चार पाइप लगाए हैं। डॉक्टरों ने चेतावनी दी है कि निर्माण स्थलों पर अक्सर कई तरह के खतरे होते हैं, जिनमें मलबा गिरना एक बड़ी चिंता का विषय है। गिरने वाली वस्तुओं के प्रभाव से फ्रैक्चर और खुले घावों सहित गंभीर चोटें लग सकती हैं। अस्वच्छ स्थितियों के कारण ये चोटें और भी जटिल हो सकती हैं, जिससे संक्रमण का खतरा बढ़ सकता है।

# दिल्ली में अति गंभीर श्रेणी एक्यूआई 437 तक पहुंचा, प्रदूषण से निपटने ऑड-ईवन पर विचार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में शुक्रवार को वायु गुणवत्ता बदतर हो गई। अब यह अति गंभीर (गंभीर प्लस) श्रेणी के करीब पहुंच गई है। शहर में शुक्रवार सुबह सात बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक 437 दर्ज किया गया है, जबकि गुरुवार शाम 4 बजे 419 दर्ज किया गया था। दिवाली की रात आ?तिशबाजी और पड़ोसी राज्यों में पराली जलाने की घटनाएं के बाद से दिल्ली में दिन-ब-दिन प्रदूषण का स्तर बढ़ता जा रहा है।

मौसम विभाग की मानें तो दिल्ली प्रदूषण बढ़ने का कारण हवा का बंद और लगातार गिर रहे तापमान से आसमान में धुंध छाई हुई है। वहीं, दिल्ली से सटे गाजियाबाद में वायु गुणवत्ता सूचकांक 374, गुरुग्राम 404, ग्रेटर नोएडा 313, नोएडा 366, और फरीदाबाद में 415 वायु गुणवत्ता बहुत खराब से गंभीर दर्ज की गई।

बता दें कि राजधानी का 24 घंटे का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक हर दिन शाम 4 बजे दर्ज किया गया, बुधवार को 401, मंगलवार को 397, सोमवार को 358, रविवार को 218, शनिवार को 220 और शुक्रवार को 279 वायु गुणवत्ता सूचकांक था।

बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए गुरुवार को पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने दिल्ली सचिवालय में ग्रेप-चार के नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक के बाद उन्होंने बताया कि अभी वर्तमान समय में प्रदूषण की जो स्थिति बनी हुई है उसे लेकर पर्यावरण विशेषज्ञों की राय है कि अगले दो से तीन दिनों तक बहुत खराब श्रेणी में ही बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि इस बैठक में हमने इस बात की भी समीक्षा की कि अभी तक ग्रेप के नियमों के उल्लंघन करने वालों पर क्या कार्रवाई की है। उन्होंने कहा कि ग्रेप-चार के तहत बीएस-तीन पेट्रोल और बीएस-चार डीजल एलएमवी (चार पहिया वाहन) के संचालन पर प्रतिबंध लागू किया गया है। इससे पहले दिल्ली के पर्यावरण मंत्री ने मीडिया से बात करते हुए कहा था कि हम स्थिति पर नजर बनाए हुआ है। अगर वायु गुणवत्ता सूचकांक गंभीर प्लस श्रेणी में पहुंचता है तो सरकार ऑड-ईवन और कृत्रिम वर्षा पर विचार करेगी। इसके इतर अगस्त में शिकागो विश्वविद्यालय में ऊर्जा नीति संस्थान (ईपीआईसी) द्वारा संकलित एक रिपोर्ट में कहा था कि वायु प्रदूषण दिल्ली में लगभग लोगों की उम्र को 12 साल कम कर रहा है।

## नहाय-खाय के साथ शुरु हुआ 4 दिनी सूर्य उपासना का छठपर्व

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सूर्य उपासना संबंधी लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा नहाय-खाय अनुष्ठान के साथ शुरू हो गया। 17 नवंबर से शुरु यह पर्व चार दिनों तक चलेगा। छठ के पहले दिन अमृत योग और रवि योग बन रहे हैं। इस पर्व के पहले दिन नहाय-खाय, दूसरे दिन खरना, तीसरे दिन संध्या अर्घ्य और चौथे दिन उषा अर्घ्य के साथ इस त्योहार का समापन होगा।

इस पर्व संबंधी षष्ठी तिथि 18 नवंबर को सुबह 09 बजकर 18 मिनट से प्रारंभ होगा जो 19 नवंबर की सुबह 07 बजकर 23 मिनट पर समाप्त होगा। खरना छठ पूजा का दूसरा दिन होता है। इस दिन सूर्योदय का समय सुबह 06 बजकर 46 मिनट और सूर्यास्त का समय शाम 05 बजकर 26 मिनट है। हालांकि अलग-अलग स्थानों में सूर्यास्त व सूर्योदय का समय भिन्न हो सकता है। तीसरे दिन छठ पूजा की संध्या को सूर्य अर्घ्य(स्वागत समर्पण) दिया जाता है। इस दिन व्रती घाट पर डूबते सूर्य को अर्घ्य देते हैं। संध्या अर्घ्य हमेशा सूर्यास्त के समय दिया जाता है। छठ पूजा के दिन यानी 19 नवंबर को संध्या अर्घ्य का समय शाम 05 बजकर 25 मिनट है। इस दिन सूर्योदय समय सूर्य को अर्घ्य देने का समय सुबह 06 बजकर 46 मिनट है। जबकि छठ पूजा का चौथा दिन उगते सूर्य को अर्घ्य देने और व्रत पारण का होता है। इस साल छठ पूजा व्रत का पारण 20 नवंबर को किया जाएगा। इस दिन सुबह 06 बजकर 47 मिनट पर होने वाले सूर्योदय के साथ ही अर्घ्य दिया जाएगा। इस दिन सूर्यास्त का समय शाम 05 बजकर 26 मिनट है।

# अरविंद केजरीवाल का बड़ा दावा, अपने जीते जी दिल्ली में आम आदमी पार्टी को नहीं हरा सकते पीएम मोदी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आम आदमी पार्टी प्रमुख और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को 'फर्जी' शराब नीति घोटाला मामले को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर कड़ा प्रहार किया और आरोप लगाया कि वह सरकार को गिराना चाहते हैं और राष्ट्रीय राजधानी में भाजपा सरकार बनाना चाहते हैं। हमला तेज करते हुए केजरीवाल ने दावा किया कि पीएम मोदी 'अपने जीवनकाल में दिल्ली में आम आदमी पार्टी को नहीं हरा सकते'। उनकी यह टिप्पणी सुप्रीम कोर्ट द्वारा हाल ही में शराब घोटाला मामले में पार्टी नेता मनीष सिसौदिया की जमानत याचिका खारिज करने के बाद आई है। उन्होंने कहा कि चूंकि आम आदमी पार्टी तेजी से बढ़ रही है, इसलिए स्वाभाविक है कि आप के खिलाफ बड़ी साजिशें रची जा रही हैं। बीजेपी और पीएम मोदी ने कहा कि वे दिल्ली में आम आदमी पार्टी से नहीं जीत सकते।



केजरीवाल ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने 'शराब नीति घोटाला'' की साजिश रची। गुजरात में वास्तविक शराब घोटाला हो रहा है, यहां कई लोगों की मौत हो चुकी है। हमारे नेता मनीष सिसौदिया, संजय सिंह, सत्येन्द्र जैन और विजय नायर को फर्जी शराब नीति घोटाले में गिरफ्तार किया गया था और अब वे मुझे गिरफ्तार करने जा रहे हैं, उनका इरादा है आप सरकार को गिराएं और पीएम मोदी दिल्ली में सरकार बनाना चाहते हैं, वे जानते हैं कि वे हमें चुनाव के जरिए नहीं हरा सकते। मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि भले ही वे मुझे जेल में डाल दें, लेकिन आप जेल से जीतेगी।

आप की स्थापना के बाद से अब तक की यात्रा पर विचार करते हुए, केजरीवाल ने कहा कि इसने दिल्ली और पंजाब में अपनी सरकार बनाई और राष्ट्रीय पार्टी बनने के लिए गुजरात में अपनी सीट का खाता खोला और विश्वास जताया कि वह एक दिन देश पर शासन करेगी। केजरीवाल ने भाजपा पर आरोप लगाया कि उन्होंने आम आदमी पार्टी को लोकसभा चुनावों में प्रचार करने से रोकने के लिए मुझे जेल में डालने की योजना बनाई है, क्षेत्रीय दलों के लिए भी ऐसी ही योजना है। भाजपा जानती है कि वह दिल्ली में आम आदमी पार्टी को नहीं हरा सकती; साजिशों के कारण आज हमारे 4 नेता जेल में हैं। भाजपा, कांग्रेस के बाद आम आदमी पार्टी तीसरी सबसे बड़ी पार्टी है। उन्हें पीछे छोड़ देंगे, एक दिन देश पर शासन करेंगे।

# तापमान के 2 डिग्री सेल्सियस अधिक बढ़ने पर दुनियाभर में होगी सैकड़ों मौतें

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एक विश्लेषण के अनुसार, अगर सदी के अंत तक तापमान 2 डिग्री सेल्सियस (प्री-इंडस्ट्रियल लेवेल से) बढ़ा, तब सदी के मध्य तक सालाना गर्मी से संबंधित मौतों में 370 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है। रिपोर्ट के मुताबिक, ये नए वैश्विक अनुमान स्वास्थ्य और जलवायु परिवर्तन पर लांसेट काउंटडाउन की 8वीं वार्षिक रिपोर्ट का हिस्सा हैं। विश्लेषण में बताया गया कि तापमान में हो रही बढ़ोतरी को प्री-इंडस्ट्रियल लेवेल से 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने की कवायद में होने वाली किसी भी तरह की देरी से दुनियाभर में अरबों लोगों की सेहत और अस्तित्व को विनाशकारी खतरा है।

लांसेट काउंटडाउन के कार्यकारी निदेशक मरीना रोमानेलो ने कहा, हमारे स्वास्थ्य आकलन से जाहिर होता है कि जलवायु परिवर्तन के बढ़ते खतरे दुनियाभर में जीवन और आजीविका पर भारी पड़ रहे हैं। 2 डिग्री सेल्सियस अधिक गर्म दुनिया के अनुमान एक खतरनाक भविष्य को दर्शाते हैं और एक गंभीर रिमाइंडर है कि अब तक इससे निपटने के लिए किए गए प्रयासों की गति और पैमाने लोगों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए पर्याप्त नहीं हैं। अब भी प्रति सेकेंड 1,337 टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जित होने के बावजूद हम इतनी तेजी से उत्सर्जन में कमी नहीं कर पा रहे हैं कि जलवायु संबंधी खतरों को उस स्तर के भीतर रख सकें जिससे हमारी स्वास्थ्य प्रणालियां निपट सकें।

विश्लेषण में कहा गया है कि वर्तमान 10-वर्षीय वैश्विक औसत 1.14 डिग्री सेल्सियस ताप पर भी लोगों ने 2018-2022 में औसतन 86 दिनों के स्वास्थ्य के लिए खतरनाक उच्च तापमान का अनुभव किया, जिनमें से 60 प्रतिशत से अधिक की संभावना मानव निर्मित जलवायु परिवर्तन के कारण दोगुने से अधिक थी। 1991-2000 की तुलना में 2013-2022 में 65 वर्ष से अधिक आयु के लोगों में गर्मी से संबंधित मौतों में 85 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो तापमान में बदलाव न होने पर अपेक्षित 38 प्रतिशत वृद्धि से काफी अधिक है। विश्लेषण में दावा किया गया है कि 1981 और 2010 के बीच सालाना की तुलना में 2021 में 122 देशों में 127 मिलियन से अधिक लोगों को मध्यम से गंभीर खाद्य असुरक्षा का सामना करने के लिए लगातार तेज गर्मी (हीट वेव) और सूखा जिम्मेदार था।

उदाहरण के लिए, गर्म समुद्रों ने विब्रियो बैक्टीरिया के प्रसार के लिए उपयुक्त विश्व के समुद्र तट के क्षेत्र को 1982 के बाद से हर साल 329 किमी तक बढ़ा दिया है, जो मनुष्यों में बीमारी और मौत का कारण बन सकता है, जिससे रिकॉर्ड 1.4 बिलियन लोगों को डायरिया, गंभीर घाव संक्रमण और सेप्सिस का खतरा है। वैज्ञानिकों ने कहा कि खतरा विशेष रूप से यूरोप में अधिक है, जहां विब्रियो-उपयुक्त तट में हर साल 142 किमी की वृद्धि




हुई है। कहा गया है कि 2022 में चरम मौसम की घटनाओं के परिणामस्वरूप होने वाले आर्थिक नुकसान का कुल मूल्य 264 बिलियन डॉलर होने का अनुमान लगाया गया था, जो 2010-2014 की तुलना में 23 प्रतिशत अधिक है। गर्मी के संपर्क में आने से 2022 में वैश्विक स्तर पर 490 अरब संभावित श्रम घंटों का नुकसान हुआ (1991-2000 से लगभग 42 प्रतिशत की वृद्धि), जो निम्न (6.1प्रतिशत) और मध्यम आय (3.8प्रतिशत) वाले देशों में आय हानि और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के बहुत अधिक अनुपात के लिए जिम्मेदार है।

THE PHOTON NEWS



www.thephotonnews.com
Saturday, 18 November 2023

## गाजा में 11,470 फलस्तीनियों की मौत, ज्यादातर लोग इजराइली हमलों में मारे



गाजा ।फलस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि छह सप्ताह पहले इजराइल-हमास युद्ध शुरू होने के बाद से गाजा पट्टी में 11,470 फलस्तीनी मारे गए हैं। मंत्रालय के अनुसार ज्यादातर लोग इजराइली हवाई हमलों में मारे गए हैं।मृतकों में 4,707 नाबालिग थे और 3,155 महिलाएं थीं। मंत्रालय लड़ाकों और नागरिकों के बीच अंतर नहीं करता है।हाल के दिनों में वेस्ट बैंक में फलस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने गाजा में मरने वालों की संख्या को अद्यतन करना शुरू किया है।पिछले हफ्ते तक हमास द्वारा संचालित गाजा में स्वास्थ्य मंत्रालय फलस्तीनी नागरिकों की मौत की संख्या का मुख्य आधिकारिक स्रोत था।मंत्रालय के प्रमुख अधिकारी गाजा शहर के शिफा अस्पताल से काम कर रहे थे और अस्पताल में बिजली और कनेक्टिविटी खत्म हो जाने के बाद उन्होंने जानकारी देना बंद कर दिया था।

## शिकागो में यात्री ट्रेन के एक रेल उपकरण से टकराने से 19 यात्री घायल

शिकागो ।शिकागो में एक यात्री ट्रेन के एक रेल उपकरण से टकरा जाने के कारण कम से कम 19 यात्री घायल हुए, जिनमें से तीन की स्थिति गंभीर बनी हुई है।एक दमकल अधिकारी ने इसकी जानकारी दी।शिकागो दमकल विभाग ने कहा कि शिकागो ट्रांजिट अथॉरिटी (सीटीए) की एक ट्रेन शहर के उत्तरी हिस्से में पूर्वाह्न करीब 11 बजे पटरी पर गिरे उपकरण के एक टुकड़े से टकरा गई। दमकल विभाग के प्रवक्ता लैरी लैंगफोर्ड ने बताया कि तीन लोगों को गंभीर चोटें आईं, जबकि 16 अन्य को मामूली चोटें आईं।लैंगफोर्ड ने घायलों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई। स्टेशन के पास हादसे वाले स्थान पर कम से कम 15 एम्बुलेंस भेजी गईं।सीटीए ने अपनी वेबसाइट पर कहा कि दुर्घटना के कारण उसकी विभिन्न ट्रेन सेवाओं को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है।

## शी ने बाइडन को बीआरआई में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया

वाशिंगटन ।चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन को अपनी पसंदीदा वैश्विक पहल बीआरआई में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है।चिनफिंग ने साथ ही वाशिंगटन समर्थित बहुपक्षीय सहयोग की दिशा में की गई पहलों में शामिल होने के लिए अपनी तत्परता भी व्यक्त की।चिनफिंग द्वारा 2015 में शुरू की गई बेल्ट एंड रोड पहल (बीआरआई) के तहत चीन अब तक एक हजार अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक का निवेश कर चुका है।चीन की योजना की अमेरिका और भारत सहित कई देशों ने आलोचना की है। श्रीलंका और पाकिस्तान सहित कई देश चीन की योजना के सबसे बड़े लाभार्थी रहे हैं और ये सभी देश बढ़ते कर्ज के बोझ तले दबे हुए हैं।अमेरिका, भारत और यूरोपीय संघ के कई देश बीआरआई का हिस्सा नहीं हैं।

## यूक्रेन या रूस को हथियार मुहैया नहीं कराए, पाकिस्तानी सरकार ने बताया

कराची ।पाकिस्तान ने कहा कि उसने यूक्रेन या रूस को हथियार मुहैया नहीं कराए हैं क्योंकि वह दोनों देशों के बीच संघर्ष में तटस्थ है।तीसरे देश के माध्यम से यूक्रेन को हथियारों की कथित बिक्री के बारे में पूछने पर विदेश कार्यालय (एफओ) की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलोच ने कहा, मैं इसकी पुष्टि करती हूं, जैसा हमने अतीत में कहा है कि पाकिस्तान ने यूक्रेन या रूस को हथियार नहीं बेचे हैं, क्योंकि हमने इस संघर्ष में तटस्थता की नीति अपनाई है।'' बलोच ने कहा कि पाकिस्तान यह पुष्टि करने की स्थिति में नहीं है कि संघर्ष में दोनों पक्षों द्वारा किन हथियार का इस्तेमाल किया जा रहा है।इस सप्ताह की शुरुआत में, एक रिपोर्ट में बताया था कि नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान ने रूस के साथ जारी युद्ध में यूक्रेन को गोला-बारूद की आपूर्ति करने के लिए पिछले साल दो निजी अमेरिकी कंपनियों के साथ हथियार सौदे में 36.4 करोड़ अमेरिकी डॉलर कमाए।

## फिलीपींस में 7.2 तीव्रता का भीषण भूकंप, जान-माल का नहीं हुआ नुकसान

मनीला।दक्षिणी फिलीपींस में शुक्रवार 17 नवंबर शाम सवा चार बजे जबरदस्त भूकंप आया है।दक्षिणी फिलीपींस में आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 7.2 मापी गई है।फिलहाल भूकंप से किसी प्रकार के जान-माल को नुकसान होने की कोई खबर नहीं है। जानकारी अनुसार दक्षिणी फिलीपींस में शुक्रवार शाम जबरदस्त भूकंप आया है। इसकी तीव्रता 7.2 मापी गई है। हालांकि जानमाल के नुकसान की फिलहाल कोई खबर नहीं है।फिलीपीन इंस्टीट्यूट ऑफ वोल्केनोलॉजी एंड सीस्मोलॉजी ने भूकंप की जानकारी देते हुए बताया, कि अपतटीय भूकंप स्थानीय समय के अनुसार शुक्रवार शाम 4.14 बजे आया। खबर में बताया गया कि भूकंप का केंद्र दावाओ ऑक्सिडेंटल क्षेत्र में सारंगानी शहर से लगभग 30 किमी दक्षिण पश्चिम में भूतल से 10 किमी अंदर की गहराई पर था।जानकारी अनुसार टेक्टोनिक भूकंप के बाद क्षेत्र में आगे भी और झटके आएंगे तथा नुकसान भी हो सकता है।फिलहाल किसी अन्य चेतावनी या सुरक्षा की बात नहीं कही गई है।इसमें भूकंप के कारण सुनामी आने जैसी चेतावनी जारी हुई है या नहीं इसका भी कोई जिक्र नहीं है।बताया गया है कि जनरल सैंटोस सिटी और आस-पास के प्रांतों सहित मिंडानाओ द्वीप के इलाकों में भी भूकंप के जोरदार झटके महसूस किये गये हैं।प्रशांत रिंग ऑफ फायर के पास स्थित होने के कारण फिलीपींस में अक्सर भूकंप के झटके महसूस किये जाते हैं।

## पत्नी पर पेचकस से 41 बार वार करके कर दी उसकी हत्या

तुर्की ।तुर्की में एक ब्रिटिश व्यक्ति ने पत्नी पर पेचकस से 41 बार वार करके उसको मौत के घाट उतार दिया।यहां के एक स्थानीय अखबार के अनुसार पुलिस ने एक 28 वर्षीय ब्रिटिश व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।रिपोर्ट के अनुसार व्यकित की 26 वर्षीय पत्नी इस्तांबुल के फतिह में एक होटल में मृत पाई गई थी।उसकी गर्दन और शरीर पर 41 घाव मिले थे।पुलिस ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी की जा चुकी है।इसकी पहचान अहमत यासीन के रूप में हुई है।यासीन को पुलिस ने खून से सनी टी-शर्ट पहने हुए गिरफ्तार किया है।आरोपी यासीन ब्रिटिश नागरिक है, उसने कथित तौर पर पत्नी पर पेचकस से 41 बार वार किया, जिससे उसकी मौत हो गई।रिपोर्ट के अनुसार होटल के कमरे में चीख-पुकार मच गई थी।आवाज सुनकर होटल के कर्मचारी कमरे में दाखिल हुए और वहां पर महिला को खून से लथपथ पाया।मेडिकल जांच से पता चला कि महिला के शरीर पर घाव पेचकस से मारे जाने के हैं।पुलिस ने कमरे की तलाशी के बाद मृत महिला के 28 वर्षीय पति को गिरफ्तार किया।पूछताछ के बाद उसने हत्या की बात कबूल कर ली। उसने बताया कि पेचकस उसने शौचालय में फेंक दिया है। पुलिस डिक्टेटिव ने बताया कि दंपती घटना से ठीक तीन दिन पहले ब्रिटेन से आए तुर्की आए थे।आरोपी पति यासीन ने पुलिस को बताया कि उन दोनों के बीच नशीले पदार्थ के सेवन और उसकी सप्लाई को लेकर झगड़ा हुआ और बाद में यह एक दुखद घटना में तब्दील हो गया।

## इजरायली बंधक का शव किया बरामद, आईडीएफ अस्पताल का कर रही मुआयना

यरूशलम।बीते सात अक्टूबर को हमास के आतंकियों ने इजरायल पर हमला करके कई लोगों को मार दिया था और कईयों को बंधक बना लिया था।इसी घटना में बंधक बनाई गई इजरायल की महिला का शव आईडीएफ ने बरामद किया है। आशंका है कि ये वही महिला है जो हमास के आतंकियों ने अपहरण कर लिया था।आईडीएफ ने घोषणा की कि उसे येहुदित वीस का शव मिला है जिसका 7 अक्टूबर को हमास आतंकवादियों द्वारा अपहरण कर लिया गया था।



गुरुवार को जारी एक वीडियो से ली गई इस छवि में, परमाणु-सक्षम अवनगार्ड हाइपरसोनिक ग्लाइड वाहन से लैस एक अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल को रूस के ऑरेनबर्ग क्षेत्र में अपने लॉन्च साइलो में ले जाया गया ।

## क्या भारत के साथ व्यापार वार्ता फिर से होगी शुरू? कनाडा के मंत्री ने सवाल पर फिर अलावा निज्जर राग

विदेश मंत्री एस जयशंकर के यह कहने के एक दिन बाद कि भारत आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत सरकार के एजेंटों की संलिप्तता के बारे में कनाडा के आरोपों की जांच से इनकार नहीं कर रहा है।कनाडा ने कहा है कि वह भारत को इसमें सहयोग देने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। सैन फ्रांसिस्को में एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग बैठक के इतर मीडिया से बात करते हुए, कनाडा के निर्यात संवर्धन, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और आर्थिक विकास मंत्री मैरी एनजी ने कहा कि हमारा ध्यान, निश्चित रूप से, इस जांच पर है, उस काम को करना है जगह लें।एनजी ने कहा कि फिलहाल, कनाडा का ध्यान जांच के काम को आगे बढ़ने देने पर है।आपने मुझे और सरकार को इस बारे में बात करते हुए सुना होगा कि यह कितना महत्वपूर्ण है कि जांच हो, क्योंकि हमने कनाडा की धरती पर एक कनाडाई की हत्या कर दी थी।इसलिए, हम यह पूछे जाने पर कि क्या व्यापार वार्ता फिर से शुरू हो सकती है।उन्होंने कहा कि बेशक, हमारा ध्यान इस जांच पर है, यह काम होना ही है।कनाडाई मंत्री ने भारत में व्यवसायों और निवेश पर भी बात की और कहा, हालांकि कनाडाई भारत में व्यापार करना जारी रखते हैं, व्यापार मंत्री के रूप में मेरा काम यह सुनिश्चित करना है कि भारत में कनाडाई व्यवसायों और निवेशकों को समर्थन और उपकरण उपलब्ध हों।

# इजरायल-हमास युद्धः अमेरिका ने पहली बार इजरायल का नहीं दिया साथ

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** अचानक ऐसा क्या हुआ कि हरेक मौके पर इजरायल के साथ देने वाले अमेरिका ने दूरी बना ली। पहली बार संयुक्त राष्ट्र में उसके खिलाफ आए प्रस्ताव पर राह अलग कर ली। गाजा में मानवीय सहायता के लिए युद्ध रोकने की मांग वाला प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से पारित हो गया है। इस प्रस्ताव को स्थायी और 10 अस्थायी सदस्यों ने समर्थन दिया और किसी ने भी विरोध नहीं किया। वहीं इजरायल के प्रबल समर्थक अमेरिका, ब्रिटेन और रूस इस पर वोटिंग से ही गैरहाजिर रहे।

यह भी दिलचस्प बात है कि आमतौर पर अलग-अलग राह पकड़ने वाले या विरोधी खेमे में रहने वाले अमेरिका और रूस भी इस बार साथ नजर आए। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव में कहा गया है कि गाजा में मानवीय सहायता के लिए कॉरिडोर बनाया जाए। इसके युद्ध रोका जाए और जरूरी मदद लोगों को मिले। इस प्रस्ताव को पेश किए जाने के दौरान अमेरिका ने हमास की निंदा न करने पर सवाल भी उठाया, लेकिन वोटिंग की बात आई तो गैरहाजिर हो गया। संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की प्रतिनिधि लिंडा थॉमस ग्रीनफील्ड ने कहा, हम इस बात से हैरान हैं कि परिषद के कई सदस्यों ने हमास के आतंकी हमले की निंदा तक नहीं की है। इजरायल पर 7 अक्टूबर को हमास ने बर्बर हमला किया था, उसके बाद ही वह बचाव में हमले कर रहा है।

लिंडा थॉमस ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र से हमारी यह अपील जारी रहेगी कि सभी एक मत से हमास के हमले



की निंदा करें। अमेरिका ने कहा कि इस प्रस्ताव की हम निंदा करते हैं कि क्योंकि इसमें हमास को लेकर कुछ कहा ही नहीं गया। वहीं यूके ने भी कहा कि यह दुख की बात है कि इस प्रस्ताव में हमास की आलोचना नहीं की गई है। हालांकि ब्रिटेन ने यह भी कहा कि हम चाहते हैं कि बेगुनाहों की जान न जाए, लेकिन हमास की निंदा भी होनी चाहिए थी। वहीं रूस ने वोटिंग से दूर रहने की अलग ही वजह बताई।

सयुक्त राष्ट्र में रूस की प्रतिनिधि वैसिली नेबेन्जया ने कहा कि इस प्रस्ताव में तत्काल युद्ध रोकने का प्रस्ताव नहीं है। इसलिए हमारा समर्थन नहीं है। रूस ने कहा कि किसी भी तरह की मानवीय सहायता के लिए यह जरूरी है कि युद्ध को तत्काल रोक दिया जाए। दरअसल प्रस्ताव में तत्काल युद्ध रोकने की बात नहीं है बल्कि यह कहा गया है कि मानवीय प्रस्ताव के लिए युद्ध को विराम दिया जाए। इसके अलावा गाजा पट्टी में जरूरी सेवाओं को न रोकने की भी अपील की गई है।

हालांकि इस प्रस्ताव को इजरायल ने सिरे से खारिज किया है। इजरायल के प्रतिनिधि ब्रेट जोनाथन मिलर ने कहा कि यूएनएससी का प्रस्ताव सच्चाई से परे है। उन्होंने कहा कि इस प्रस्ताव में इजरायल से भले अपील की गई है, लेकिन हमास को लेकर चुप्पी दिखती है। इजरायल ने कहा कि यह प्रस्ताव तो आतंकी संगठनों पर कोई बात ही नहीं करता। यही नहीं यूएनएससी पर ही सवाल उठाते हुए इजरायल ने कहा कि परिषद ने पिछले 6 सप्ताह में 10 बैठकें कर ली हैं, लेकिन एक बार भी हमास को लेकर कुछ नहीं कहा।

## चुपचाप कई देशों को बर्बाद करने की पाकिस्तान ने उठाई सुपारी, खुफिया विमानों ने इस्लामाबाद से भरी उड़ान, भारत और रूस के लिए चिंता की बात क्यों?

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पड़ोसी मुल्क और चीन के हाथों की कठपुतली पाकिस्तान कई देशों को बर्बाद करने की सुपारी उठा चुका है। चिंता की बात इसलिए भी है कि उसके निशाने की जद में भारत और रूस जैसे देश भी आ सकते हैं। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अगस्त 2022 के बाद से पाकिस्तान से कई खुफिया विमानों ने उड़ान भरी है। ये विमान पाकिस्तान में लाखों डॉलर लेकर आए और बदले में हथियार ले गए। दरअसल, मक्कार पाकिस्तान रूस को मिटाने के लिए लगातार पश्चिमी देशों की मदद कर रहा है।


दिवालिया होने से बचने के लिए पैसों के मोहताज पाकिस्तानने रूस के साथ युद्ध के बीच यूक्रेन की रक्षा को मजबूत करने के लिए अमेरिकी कंपनियों के साथ हथियार सौदे से लाखों डॉलर कमाए। बीबीसी उर्दू की एक रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान ने 2022 में यूक्रेन को गोला-बारूद की आपूर्ति करने के लिए दो निजी अमेरिकी कंपनियों के साथ हथियार सौदे में 364 मिलियन डॉलर कमाए। इससे पहले खबर आई थी कि पाकिस्तान ने पिछले साल अमेरिका के दबाव में एक गुप्त सौदे के तहत यूक्रेन को युद्ध सामग्री बेची थी। बदले में अमेरिका ने इस्लामाबाद को अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से एक बहुत जरूरी राहत पैकेज हासिल करने में मदद की।

सौदों के बारे में अधिक जानकारी अब सामने आई है, बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार एक ब्रिटिश सैन्य मालवाहक विमान ने रावलपिंडी में पाकिस्तान वायु सेना बेस नूर खान से साइप्रस, अक्रोटिरी में यूके सैन्य अड्डे और फिर आपूर्ति के लिए रोमानिया तक कुल पांच बार उड़ान भरी। युद्धग्रस्त देश को हथियार। पाकिस्तान ने आधिकारिक तौर पर कभी स्वीकार नहीं किया है कि उसने यूक्रेन को हथियार बेचे हैं। अमेरिकी फेडरल प्रोक्योरमेंट डेटा सिस्टम से अनुबंध के विवरण का हवाला देते हुए, बीबीसी रिपोर्ट में दावा किया गया कि पाकिस्तान ने 155 मिमी गोले की बिक्री के लिए ग्लोबल मिलिट्री और नॉर्थ्रॉप ग्रुम्मन नामक अमेरिकी कंपनियों के साथ दो अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। यूक्रेन को हथियारों की आपूर्ति के समझौते पर 17 अगस्त, 2022 को हस्ताक्षर किए गए थे,

## ग्लोबल साउथ की बढ़ती भूमिका का हो रहा विरोध, एस जयशंकर बोले- आत्मनिर्भरता की दिशा में करना चाहिए काम

**(एजेंसी)।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि ग्लोबल साउथ को उत्पादन में विविधता लाने, विश्वसनीय आपूर्ति श्रृंखलाओं का निर्माण करने और दूर के भौगोलिक क्षेत्रों पर निर्भरता के खतरों को दूर करने के लिए स्थानीय समाधानों को बढ़ावा देकर आत्मनिर्भरता की दिशा में काम करना चाहिए। वर्चुअल वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट में विदेश मंत्रियों के एक सत्र को संबोधित करते हुए, जयशंकर ने कहा कि विश्व व्यवस्था में व्यापक बदलावों के बावजूद समकालीन चुनौतियों का समाधान खोजने में ग्लोबल साउथ की बड़ी भूमिका का विरोध जारी है।

हालाँकि, जयशंकर ने अपनी टिप्पणी में किसी देश का नाम नहीं लिया, लेकिन जब उन्होंने आपूर्ति श्रृंखलाओं की विश्वसनीयता सुनिश्चित करने और विकास परियोजनाओं की पारदर्शिता जैसे मुद्दे उठाए तो वह स्पष्ट रूप से चीन का जिक्र कर रहे थे। भारत की जी20 की अध्यक्षता के दौरान, देश ने खुद को विकासशील देशों की आवाज़ के रूप में पेश करने की



कोशिश की, जिनमें से कई को पहले चीन ने अपनी बेल्ट और रोड पहल के माध्यम से लुभाया था।

जयशंकर ने कहा कि ग्लोबल साउथ को आर्थिक सांद्रता के मुकाबले हमारी कमजोरियों को कम करने के लिए आत्मनिर्भरता की दिशा में काम करने की जरूरत है। कोविड-19 युग 'बुनियादी जरूरतों के लिए दूर-दराज के देशों पर निर्भरता के खतरों की कड़ी याद दिलाता है। हमें न केवल उत्पादन का लोकतंत्रीकरण और विविधता लाने की जरूरत है, बल्कि लचीली और विश्वसनीय आपूर्ति श्रृंखला बनाने और स्थानीय समाधानों को बढ़ावा देने की भी जरूरत है। तभी ग्लोबल साउथ अपना भविष्य सुरक्षित कर सकता है।

# चीन ने न कोई युद्ध भड़काया और न ही किसी विदेशी जमीन पर कब्जा किया: शी जिनपिंग

**सैन फ्रांसिस्को (एजेंसी)।** राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कहा है कि चीन ने न कोई युद्ध भड़काया और न ही किसी विदेशी जमीन के एक भी इंच पर कभी कब्जा किया। अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग समूह की बैठक के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के साथ हुए मुलाकात के बाद चीनी राष्ट्रपति ने दावा किया किया कि पीपुल्स रिपब्लिक की स्थापना के बाद से 70 वर्षों या उससे अधिक समय में चीन ने कोई संघर्ष या युद्ध नहीं भड़काया है और न ही किसी भी विदेशी जमीन पर कब्जा किया है। हालांकि, बैठक के दौरान बाइडेन ने शिनजियांग, तिब्बत और हांगकांग सहित चीन के मानवाधिकारों के उल्लंघन पर चिंता जताई। व्हाइट हाउस की रिपोर्ट के मुताबिक राष्ट्रपति बाइडेन ने मानवाधिकारों की सार्वभौमिकता और सभी देशों की अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार प्रतिबद्धताओं का सम्मान करने की जिम्मेदारी को रेखांकित किया। उन्होंने शिनजियांग, तिब्बत और हांगकांग सहित पीआरसी मानवाधिकारों के हनन के बारे में चिंता जताई।

बता दें कि शी जिनपिंग ने इस वक्त अमेरिका के दौरे पर है। उन्होंने बुधवार को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन से मुलाकात की थी। इन दोनों देश के प्रमुखों की मुलाकात ऐसे वक्त पर हो रही है, जब दोनों देशों के बीच रिश्ते तनावपूर्ण स्थिति में है। इस बैठक के




दौरान चीन की कड़ी व्यापार निगरानी और द्विपक्षीय तनाव के बारे में चिंताओं पर गौर किया जा रहा है।

चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने विदेशी जमीनों से जुड़ा बयान अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के साथ उनकी बहुप्रतीक्षित वार्ता के कुछ घंटों बाद एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपीईसी) शिखर सम्मेलन के मौके पर डिनर के बाद दिया।इस दौरान दोनों नेताओं ने एक साल में पहली बार मुलाकात करते हुए तनाव कम करने का वादा किया। इसके अलावा यूएस-चाइना बिजनेस काउंसिल और यूएस-चाइना संबंधों पर राष्ट्रीय समिति की तरफ से आयोजित कार्यक्रम में शी की टिप्पणियों पर बारीकी से नजर रखी जा रही है। आपको बता दें कि शी जिनपिंग का बयान ऐसे वक्त आया है, जब भारत और चीन के बीच सीमा विवाद एक विशेष मुद्दा रहा है। साल 2020 में भारतीय और चीनी सैनिक गलवान में भिड़ गए थे। मई 2020 में चीनी सैनिकों ने पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर यथास्थिति को आक्रामक रूप से बदलने की कोशिश की थी।

# दोनों देशों के बीच दो राज्यों का विवाद सुलझेगा तभी होगा इजरायल-हमास युद्ध विरामः अमेरिका

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** बीते 7 अक्टूबर से इजरायल और हमास के बीच चल रहे भीषण युद्ध के खत्म होने की फिलहाल कोई संभावना नहीं है। कई देशों के प्रयास तब तक समाधान नहीं निकाल सकते जब तक दोनों देशों के बीच चल रहे राज्यों के विवाद का समाधान नहीं हो जाता। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन का दृढ़ विश्वास है कि इजरायल-हमास युद्ध तब तक खत्म नहीं होगा, जब तक कि दोनों देशों के बीच दो-राज्य मसला हल नहीं हो जाता।युद्ध के बाद के परिदृश्य में अमेरिका और इजरायल के बीच मतभेद बढ़ने और अमेरिका द्वारा इजरायल से गाजा पर दोबारा कब्जा न करने को कहने और इजरायल के इनकार करने के बीच उन्होंने कहा,मैं आपको नहीं बता सकता कि यह कैसे चलेगा।

बाइडेन ने कहा कि उन्हें विश्वास नहीं है कि जब तक दो-राज्य मसला हल नहीं होगा, तब तक इजरायल-हमास युद्ध खत्म हो पाएगा। यह टिप्पणी संघर्ष में इजरायल के लिए अमेरिका के समर्थन की समय सीमा तय करने के सवाल के जवाब में थी। यूएनएससी ने गाजा में मानवीय कारणों की मदद के लिए तत्काल युद्धविराम के लिए पांचवीं बार मतदान किया। बाइडेन ने कहा कि- लेकिन मैं आपको बता सकता हूं, मुझे नहीं लगता कि यह अंततः तब तक समाप्त होगा जब तक कि दो-राज्य समाधान न हो। मैंने इजरायलियों को यह स्पष्ट कर दिया है कि मुझे लगता है कि यह सोचना उनके लिए एक बड़ी गलती है कि वे गाजा पर कब्जा करने जा रहे हैं। राष्ट्रपति से गाजा में बंधकों के बारे में भी पूछा गया, जिसमें कथित तौर पर एक 3 वर्षीय अमेरिकी को बंधक बनाया गया था।

कई मीडिया आउटलेट्स ने बाइडेन के हवाले से कहा, जब तक हम उसे पकड़ नहीं लेते, मैं रुकने वाला नहीं हूं।इस बीच आईडीएफ ने गाजा के अल-शिफा अस्पताल पर अपनी छापेमारी तेज कर दी।अस्पताल के अंदर और उसके आसपास टैंकों की आवाजाही के डर से सैकड़ों नागरिकों के जीवित रहने की आशंका बढ़ गई है, जिनमें दर्जनों समय से पहले जन्मे बच्चे भी शामिल हैं, जो उस स्थान पर फंसे हुए हैं जो अब फिलिस्तीनी पीड़ा का प्रतीक है।इस छापेमारी को हमास के खिलाफ लक्षित अभियान बताया जा रहा है।

व्हाइट हाउस ने मरीजों की सुरक्षा का आह्वान करते हुए कहा कि वह अस्पताल में आग की लड़ाई नहीं देखना चाहता, क्योंकि दुनिया अपडेट मांग रही है। अपने खुफ़िया स्रोतों के जरिए अमेरिका ने इजरायल के इस दावे का समर्थन किया कि आतंकवादी छिपने और बंधकों को रखने के लिए अल-शिफ़ा सहित अस्पतालों और उनके नीचे सुरंगों का उपयोग कर रहे थे। व्हाइट हाउस ने बुधवार की रात कहा कि अमेरिका गाजा के सबसे बड़े अस्पताल पर हवाई हमले का समर्थन नहीं करता है और अंदर गोलाबारी नहीं देखना चाहता है, क्योंकि इजरायली सेना ने अल-शिफा अस्पताल पर छापा मारा था, जहां सैकड़ों मरीज और डॉक्टर फंसे हुए हैं।

राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने कहा, स्पष्ट रूप से हम किसी अस्पताल पर हवा से हमला करने का समर्थन नहीं करते हैं और हम उस अस्पताल में गोलीबारी नहीं देखना चाहते, जहां निर्दोष लोग, असहाय लोग, बीमार लोग केवल चिकित्सा देखभाल प्राप्त करने की कोशिश कर रहे हैं, जिसके वे हकदार हैं - गोलीबारी में नहीं फंसना चाहिए।अस्पतालों और मरीजों की सुरक्षा की जानी चाहिए।संगठनों और अंतर्राष्ट्रीय नेताओं के दबाव बढ़ने पर, इज़राइल युद्ध शुरू होने के बाद पहली बार मानवीय कार्यों के लिए गाजा में कुछ ईंधन की अनुमति देने पर सहमत हुआ। गाजा में 16 लाख से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं और वहां के स्वास्थ्य अधिकारियों का कहना है कि 11,200 से अधिक लोग मारे गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, इजरायल का कहना है कि 7 अक्टूबर को हमास के आतंकवादी हमले में 1,200 लोग मारे गए थे, जबकि 239 लोग अभी भी गाजा में बंधक बने हुए थे।इस बीच, दो दर्जन डेमोक्रेटिक सांसदों ने गुरुवार को एक पत्र पर हस्ताक्षर कर राष्ट्रपति जो बाइडेन और विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन से गाजा में संघर्ष विराम की मांग करने का आग्रह किया। न्यूयॉर्क के प्रतिनिधि अलेक्जेंड्रिया ओकासियो-कोर्टेज़, मिनेसोटा की बेट्टी मैक्कलम, विस्कॉन्सिन के मार्क पोकन और 21 अन्य लोगों द्वारा हस्ताक्षरित पत्र में डेमोक्रेट्स ने लिखा, हम क्षेत्र में तनाव कम करने और स्थिरता हासिल करने के लिए आपके रणनीतिक उद्देश्यों पर स्पष्टता का आग्रह करते हैं।



# पहली फिल्म 'बॉर्डर' थी, जो मैंने अपने पिता के साथ थिएटर में देखी थी : मृणाल ठाकुर

अभिनेत्री मृणाल ठाकुर ने अपने पहले सिनेमाई अनुभव को याद करते हुए बताया कि उन्?होंने जेपी दत्ता की प्रतिष्ठित फिल्म 'बॉर्डर' पहली बार देखी थी। तब से, वह सेना के जवानों के जीवन और उनकी वीरता की कहानियों से प्रेरित हैं।

अभिनेत्री ने कहा, 'बॉर्डर एक ऐसी फिल्म थी, जिसने मुझ पर एक अमिट छाप छोड़ी और इसने हमारे बहादुर सैनिकों के जीवन में मेरी रुचि जगाई। पिप्पा पर काम करने से मुझे उसी दुनिया में फिर से जाने और हमारे सशस्त्र बलों द्वारा किए गए बलिदानों के साथ गहरा जुड़ाव महसूस करने का मौका मिला।'

मृणाल ने 'पिप्पा' की फिल्मांकन प्रक्रिया के दौरान अपनी भावनात्मक यात्रा को दर्शाते हुए साझा किया, 'यह पहली फिल्म थी जो मैंने अपने पिता के साथ थिएटर में देखी थी और मैं हमेशा एक ऐसी फिल्म का हिस्सा बनने के लिए गहराई से प्रेरित थी जो सशस्त्र बलों की वीरता और ताकत को प्रदर्शित करती है।'


पिप्पा में मृणाल रॉ द्वारा नियुक्त एक खुफिया अधिकारी की भूमिका निभाती हैं, एक ऐसी भूमिका जो उनकी अभिनय क्षमता को दर्शाती है। वह प्रतिभाशाली अभिनेता ईशान खट्टर और प्रियांशु पेनयुली की ऑन-स्क्रीन बहन की भूमिका भी निभाती हैं, जो कहानी में एक सम्मोहक गतिशीलता लाती है।

'द बर्निंग चैफीज' पुस्तक पर आधारित यह फिल्म 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान 45वें कैवेलरी टैंक स्क्वाड्रन के ब्रिगेडियर बलराम सिंह मेहता के वीरतापूर्ण कारनामों के इर्द-गिर्द घूमती है, जहां उन्होंने अपने भाई-बहनों के साथ बांग्लादेश की मुक्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

## 2024 में ग्रैंड वर्ल्ड टूर करेंगी नोरा फतेही



बॉलीवुड एक्ट्रेस नोरा फतेही 2024 की शुरुआत में एक ग्रैंड वर्ल्ड टूर पर निकलेंगी। इस दौरान वह न केवल अपने बॉलीवुड सोलो पर परफॉर्म करेंगी, बल्कि एक नए इंटरनेशनल ट्रैक का भी अनावरण करेंगी। इस टूर में उनके वोकल टैलेंट का भी परफॉर्मेंस होगा, साथ ही कुछ और बेहतरीन डांस परफॉर्मेंस भी देखने को मिलेंगे। जैसे-जैसे उनके वर्ल्ड टूर के चलते उनके प्रोफेशनल लाइफ में एक नया मोड़ आ रहा है, नोरा फतेही भी अपकमिंग फिल्मों की सूची में अभिनय करने के लिए तैयार हो रही हैं। वह वरुण तेज की फिल्म 'मटका' से तेलुगु में डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। बॉलीवुड इंडस्ट्री में, नोरा अपनी एक्टिंग क्षमता का प्रदर्शन करते हुए हाई-ऑक्टेन थ्रिलर 'क्रैक' में विद्युत जामवाल के साथ स्क्रीन पर नजर आने के लिए तैयार हैं। इसके अलावा, वह अभिषेक बच्चन के साथ रेमो डिसूजा की 'बी हैप्पी' में दर्शकों को खुश करने के लिए भी तैयार हैं, और कुणाल खेमू की 'मडगांव एक्सप्रेस' के कलाकारों के साथ जुड़कर अपनी फिल्मोग्राफी में विविधता लाएंगी, जहां वह एक हास्य भूमिका निभाएंगी।



## शादी की 5वीं सालगिरह मनाई दीपिका-रणवीर ने

बॉलीवुड के हॉट कपल दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह ने मंगलवार को अपनी शादी की 5वीं सालगिरह मनाई और बेल्जियम में छुट्टियां मनाते नजर आए ।एक प्रॉपर्टी के अंदर सड़क की ओर पीठ करके बैठे जोड़े की एक तस्वीर इंटरनेट पर सामने आई है ।एक्स से बात करते हुए एक प्रशंसक ने दावा किया कि उसने इस जोड़े को ब्रसेल्स में देखा था। उन्होंने एक स्नैपशॉट भी साझा किया जिसमें दोनों एक सैलून के अंदर एक आलीशान सोफे पर बैठे बातचीत कर रहे थे ।एक प्रशंसक द्वारा साझा की गई एक अन्य तस्वीर में जोड़े को अपने प्रशंसकों के साथ पोज देते हुए और गर्म कपड़े पहने हुए दिखाया गया है ।रणवीर-दीपिका ने छह साल तक डेटिंग के बाद 14 नवंबर, 2018 को इटली के लेक कोमो में शादी की। इनका रोमांस गोलियों की रासलीला राम-लीला से शुरू हुआ था।


हाल ही में पॉपुलर चैट शो कॉफी विद करण में रणवीर सिंह ने बताया कि 2015 में उन्होंने दीपिका को प्रपोज किया था। उन्होंने कहा, 卐इसके पहले की कोई और आ जाए, मैं जाके चप्पल रख देता हूं।卐 बता दें कि यह जोडी फिल्म गोलियों की रासलीला राम-लीला की 10वीं सालगिरह मना रहे है। इस जोड़ी को हाल ही में ब्रसेल्स में छुट्टियां मनाते हुए देखा गया।

## शाहरुख और थलापति करेंगे एकसाथ अभिनय

निर्देशक एटली कुमार ने बालीवुड सुपर स्टार शाहरुख खान और थलापति विजय को लेकर अपनी अगली फिल्म की घोषणा कर दी है। उनकी फिल्मों में एक्शन से लेकर इमोशन और रोमांस तक सब कुछ देखने को मिलता है। हिन्दी सिनेमा की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म जवान देने वाले एटली कुमार ने इससे ज्यादा अपनी अगली फिल्म की डिटेल शेयर नहीं की है।

एटली ने खुलासा किया है कि वह एक स्क्रिप्ट पर काम कर रहे हैं जो इन पावरहाउस टैलेंट को एक साथ लाएगी। एटली के निर्देशन में दो बड़े एक्टर्स के कोलैबोरेशन की संभावना ने फैंस और सिनेलवर्स के बीच एक्साइटमेंट बढ़ा दी है। मीडिया से चर्चा में एटली ने खुलासा किया कि उन्होंने विजय को फोन किया और उन्हें अपने जन्मदिन की पार्टी में इनवाइट किया था। विजय ने सुनिश्चित किया कि वह वहां मौजूद रहेंगे। जब विजय पार्टी में आए तो शाहरुख और विजय ने आपस में बातचीत की और फिर एटली को बुलाया।

इसके बाद शाहरुख ने निर्देशक से कहा कि अगर वह कभी दो हीरो वाली फिल्म बनाने की प्लानिंग करें तो वे दोनों इसके लिए तैयार हैं। इस पर विजय ने भी हामी भरते हुए कहा, मैं इस पर काम कर रहा हूं। यह मेरी अगली फिल्म हो सकती है। मैं इसकी स्क्रिप्ट लाने के लिए बहुत मेहनत कर रहा हूं, देखते हैं। एटली का निर्देशन ट्रैक रिकॉर्ड काफी दमदार रहा है। उन्होंने अपने करियर में कई ब्लॉकबस्टर फिल्में की हैं जिनमें राजा रानी, थेरी, मेर्सल, बिगिल और हाल ही में शाहरुख खान स्टारर जवान शामिल हैं।



## मलायका मेरी 'पहली संतान' हैं: फराह खान

फिल्म निर्माता-कोरियोग्राफर फराह खान ने उन्हें अपनी 'पहली संतान' बताते हुए कहा कि उन्होंने पहले मलायका अरोड़ा को खोजा और फिर दीपिका पादुकोण को। 'छैया छैया' गाने के लिए चलती ट्रेन में शूटिंग के अपने अनुभव के बारे में 'झलक दिखला जा' की जज मलाइका ने कहा, 卐मुझे याद है कि चलती ट्रेन पर डांस करना कितना चुनौतीपूर्ण था। हम सभी डरे हुए थे। आपने यहां इस मूविंग प्लेटफॉर्म पर जो प्रयास किया, वह आपके लिए भी कठिन रहा होगा। यह एक बहुत अच्छा एलिमेंट है, जिसे आप लेकर आये।' ये किस्से सेलिब्रिटी डांस शो 'झलक दिखला जा' में साझा किए गए, जहां कंटेस्टेंट्स आने वाले एपिसोड में कुछ नया करने का प्रयास करेंगे। कुश्ती के क्षेत्र में अपनी उपलब्धियों के लिए मशहूर संगीता फोगाट ने कोरियोग्राफर भरत घरे के साथ बॉलीवुड ट्रैक 'छैया छैया' में अपने अभिनय से अमिट छाप छोड़ी है। फराह खान, जिन्होंने मूल रूप से गाने की कोरियोग्राफी की थी, ने खुलासा किया कि उन्होंने मलायका को कैसे ढूंढा। उन्होंने कहा, 'हर कोई कहता है कि मैंने दीपिका को खोजा, लेकिन मैंने पहले मलायका को खोजा। वह मेरी पहली संतान है। गाने की शूटिंग से दो दिन पहले मैंने मलायका को यह गाना करने के लिए बुलाया। उनसे पहले हमने छह-सात हीरोइनों को अप्रोच किया था, लेकिन बात नहीं बनी।' 'हम इस बात को लेकर असमंजस में थे कि इस गाने के लिए किसे चुनें। तभी मिकी कॉन्ट्रैक्टर ने मुझे बताया कि मलायका एक बहुत अच्छी डांसर हैं। वह मॉडल हैं। मुझे चिंता थी कि वह घाघरा-चोली में इंडियन डांस कैसे करेंगी। इसलिए, मैंने उन्हें दो दिन पहले ऊटी बुलाया, और हमने रात में रिहर्सल की, और हमने दिन के दौरान शूटिंग की।' डांस नंबर के लिए ट्रेन पर चढ़ते वक्त मलाइका कांप रही थीं। 'हमने उन्हें ट्रेन पर चढ़ाया। वह कांप रही थी, सचमुच, कोई सेफ्टी नहीं थी, कुछ भी नहीं। उन्होंने कोई मेकअप नहीं किया था, केवल काजल और एक टैटू था जो गीता ने उनकी बाहों पर बनाया था। और हां, शाहरुख उनके साथ वहां थे।' फराह ने बताया कि शाहरुख खान, मलायका का बहुत ख्याल रखते थे। 'शाहरुख उनका बहुत ख्याल रखते थे। हर कोई हमसे सुरक्षा सावधानियों के बारे में पूछता था, और मैंने जो एकमात्र सावधानी बरती वह अतिरिक्त डांसर्स को ले जाना था।' यह शो सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होता है।





## बैकलेस आउटफिट पहन मलाइका अरोड़ा ने दिए सेक्सी पोज

बॉलीवुड की हॉट और बोल्ड फैशनिस्ट मलाइका अरोड़ा आए दिन अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर शेयर करती रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनका हॉटनेस भरा अंदाज देखकर लोग उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। अपने परफेक्ट फिगर और फैशन स्टेटमेंट्स के चलते अक्सर लाइमलाइट में रहने वाली एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा हमेशा अपने लुक्स से फैंस के बीच तबाही मचा देती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों को देखकर मदहोश हो जाते हैं। हाल ही में मलाइका अरोड़ा ने अपनी बैकलेस बॉडीकॉन गाउन में कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वो काफी गॉर्जियस नजर आ रही हैं। ओपन हेयर और न्यूड मेकअप कर के एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। मलाइका अरोड़ा ने अपनी इन फोटोज में हॉट और सिजलिंग अंदाज में एक से बढ़कर एक किलर पोज दिए हैं। एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो लोग उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थकते हैं। एथनिक हो या फिर वेस्टर्न एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा अपने हर लुक में बवाल दिखती हैं। एक्ट्रेस के वर्कफ्रंट की बात करें तो वो म्यूजिक वीडियोज और कई आइटम सॉन्ग्स में नजर आ चुकी हैं।

## राजाराम में विलेन की भूमिका में नजर आयेंगे आर्यन बब्बर

अभिनेता आर्यन बब्बर भोजपुरी फिल्म राजाराम में विलेन की भूमिका में नजर आयेंगे। फिल्म रेड्डी में सलमान खान से लोहा ले चुके आर्यन बब्बर अब टेक्नीशियन फ़िल्म फैक्ट्री के बैनर तले बन रही फिल्म राजाराम में मुख्य विलन की भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म में आर्यन,खेसारीलाल यादव से टक्कर लेंगे। इस फिल्म की शूटिंग इन दिनों गोरखपुर के खूबसूरत लोकेशन पर चल रही है, जिसके निर्देशक पराग पाटिल है। फिल्म की मुख्य भूमिका में खेसारी लाल यादव और राहुल शर्मा नजर आने वाले हैं। इस फिल्म के निर्माता पराग पाटिल और राकेश रौशन सिंह हैं।

आर्यन बब्बर ने फिल्म राजाराम को लेकर कहा कि यह बड़े बैनर की फिल्म है और यह मेरे लिए बड़ी ऑपर्च्युनिटी है। फिल्म की कास्ट एंड क्रू बेहद उत्साहित करने वाली है। इस फिल्म में मेरी भूमिका बेहद चुनौतीपूर्ण है। इसके किरदार को जीवंत करने की मैं पूरी कोशिश करूंगा। उन्होंने कहा कि पराग पाटिल के नेतृत्व में यह फिल्म बेहद अच्छी बनने वाली है। यह मुझे पूरा विश्वास है। फिल्म का हर किरदार महत्वपूर्ण है और मुझे लगता है कि यह फिल्म जब पर्दे पर आएगी तो लोग इसे खूब पसंद करेंगे और हमारी फिल्म से जुड़ पाएंगे। जब से मैं इस फिल्म का हिस्सा बना हूं, तब से मेरे फोकस फिल्म पर है और गोरखपुर के लोकेशन में मैं इस फिल्म की शूटिंग में पूरी तरह से व्यस्त हूं। आगे जब फिल्म रिलीज होगी, तब दर्शकों को पता चल जायेगा। फिल्म राजाराम में मुख्य भूमिका में खेसारीलाल यादव, राहुल शर्मा, सोनिका गौड़ा, सपना चौहान,सुबोध सेठ,विनोद मिश्रा,के के गोस्वामी,संजय पाण्डेय, अमित शुक्ला,जे पी सिंह,डॉ यादवेंद्र यादव,संजीव मिश्रा,दीपक सिन्हा,भानु पाण्डेय,निशा तिवारी हैं। डीओपी आर आर प्रिंस, लेखक अरविंद तिवारी और म्यूजिक कृष्णा बेदर्दी का होगा।

